e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 179

# प्रभात मंत्र

रविवार

02.07.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

जो व्यक्ति समझदार होता है वो खुद गलतियां नही करता है, बल्कि दुसरो की गलतियों से ही सब कुछ सिख लिया करता है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 28⁰
न्युनतम 22⁰

## क्विक न्यूज

### भारतीय वन सेवा 2022 की परीक्षा में मोहमद फराज जाहिर ने मारी बाजी



**रांची:** मोहमद फराज जाहिर ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा 2022 की परीक्षा में 105 वा रैंक लाकर रांची सहित झारखंड-बिहार का नाम रौशन किया है। मो. जाहिर ने आईआईटी रुड़की से बीटेक किया है। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने डीएवी कपिलदेव रांची से प्राप्त की है। वे बचपन से ही पढ़ने में काफी तेज थे। इनकी इस शानदार सफलता पर कई लोगों ने बधाई दिया है। मो. जाहिर मूल रूप से पटना के रहने वाले हैं।

### निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगियों से तीन दिनों तक फिर ईडी करेगी पूछताछ

**रांची।** ईडी ने शनिवार को निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और तारा चंद की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेश किया। ईडी के आग्रह पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने फिर से तीन दिनों के पूछताछ करने के लिए रिमांड पर देने का आदेश दिया। ईडी की ओर से पांच दिनों का रिमांड मांगा गया था। आरोपित नीरज मित्तल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और राम प्रकाश भाटिया और तारा चंद की ओर से रिमांड अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने विरोध किया। जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस करते हुए कहा कि तीनों आरोपितों की मनी लॉन्ड्रिंग में महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए इनसे पूछताछ जरूरी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने ईडी को तीन दिनों की रिमांड की अनुमति दी है।

### भारतीय नौसेना 2020 में शामिल किए गए दो प्रीडेटर ड्रोन की बढ़ाएगी लीज

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना दो प्रीडेटर ड्रोन की लीज बढ़ाने की योजना बना रही है, जो सीमा पर चीन के साथ अन्य देशों पर निगरानी के लिए 12,000 घंटे से अधिक उड़ान भर चुके हैं। दोनों ड्रोन को चीन के साथ सैन्य गतिरोध के शुरुआती चरण के दौरान नवंबर 2020 में लीज पर आपातकालीन शक्तियों के तहत भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था और बल द्वारा बड़े पैमाने पर इसका इस्तेमाल किया गया है.

**प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च किया राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन**

# सिकल सेल एनीमिया बीमारी पर काबू पाना सरकार का लक्ष्य : पीएम

एजेंसी

**शहडोल (एमपी):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मध्य प्रदेश के शहडोल में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन एवं 3.5 करोड़ पीवीसी आयुष्मान वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर शहडोल के लालपुर में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई गणमान्य नेता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मुझे रानी दुर्गावती जी की इस पावन धरती पर आप सभी के बीच आने का सौभाग्य मिला है।

मैं रानी दुर्गावती जी के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि समर्पित करता हूं। उनकी प्रेरणा से आज सिकल सेल एनीमिया मुक्ति मिशन अभियान की शुरुआत किया गया। पीएम ने कहा कि सिकल सेक एनीमिया जैसी बीमारी बहुत कष्टदायी होती है. ये बीमारी परिवारों को भी बिखेर देती है. ये बीमारी न पानी से होती है,न हवा से और न भोजन से फैलती है. ये बीमारी आनुवंशिक होती है यानी माता-पिता से ही बच्चे में ये बीमारी आती है.

पूरी दुनिया में सिकल सेल एनीमिया के जितने मामले होते हैं, उनमें से आधे अकेले हमारे देश में होते हैं. लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि पिछले 70 वर्षों में कभी इसकी चिंता नहीं हुई. इससे निपटने के लिए कोई ठोस प्लान नहीं बनाया गया. लेकिन आदिवासी समाज की इस सबसे बड़ी चुनौती को हल करने का बीड़ा अब हमारी सरकार ने उठाया है.

### आदिवासी भाई-बहनों के जीवन को सुरक्षित बनाने का पीएम ने लिया संकल्प

पीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश में एक करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी दिए जा रहे हैं। इन दोनों ही प्रयासों के सबसे बड़े लाभार्थी हमारे गोंड समाज, भील समाज और अन्य हमारे आदिवासी समाज के लोग ही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज शहडोल की इस धरती पर देश बहुत बड़ा संकल्प ले रहा है। ये संकल्प हमारे देश के आदिवासी भाई-बहनों के जीवन को सुरक्षित बनाने का संकल्प है। ये संकल्प है सिकल सेल एनीमिया की बीमारी से मुक्ति का। हर साल सिकल सेल एनीमिया की गिरफ्त में आने वाले 2.5 लाख बच्चों और उनके परिवारजनों के जीवन बचाने का संकल्प है।



### कांग्रेस ने छीना गरीबों का अधिकार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती जी का जबलपुर में भव्य स्मारक बनाया जाएगा। आज मध्य प्रदेश में 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड बांटे जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना वरदान है, लेकिन कांग्रेस ने गरीबों के अधिकार छीनने का काम किया। उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने हमारी बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की बहनों को मिलने वाले एक हजार रुपये रोक दिये थे, लेकिन हमने राशि देना पुनः प्रारंभ कर दिया है। कांग्रेस ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के साथ धोखा किया।

### अमृत काल का प्रमुख मिशन है मुक्ति अभियान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद जापान की यात्रा के दौरान नोबल पुरस्कार विजेता विज्ञानी से मुलाकात की। मुझे पता चला कि वह विज्ञानी सिकल सेल एनीमिया को लेकर बहुत काम कर चुके हैं। ऐसे में मैंने उनसे सिकल सेल एनीमिया के इलाज में मदद मांगी। साथियों सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का अभियान अमृत काल का प्रमुख मिशन बनेगा। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया का पता लगाने के लिए जांच और स्क्रीनिंग कराना बहुत जरूरी है। जांच नहीं कराने पर लंबे समय तक लोगों को इस बीमारी के बारे में मरीज को पता न चले।

# बस में लगी भीषण आग जिंदा जले 26 यात्री

*** पुलिस ने ड्राइवर पर दर्ज किया हत्या का मामला**



एजेंसी

**बुलढाणा (महाराष्ट्र) :** बुलढाणा में एक यात्री बस भयानक हादसा का शिकार हो गया. हादसे में 26 यात्रियों की मौत हो गई. बस में कुल 33 यात्री सवार थे. इनमें से आठ यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए. यह हादसा बुलढाणा जिले के सिंदखेड़ाराजा के पास पिंपलखुटा गांव के पास समृद्धि हाईवे पर हुआ. यह यात्री बस नागपुर से पुणे जा रही थी. बताया जा रहा है शुक्रवार की रात दो बजे के यह भयानक हादसा हुआ. इस दुर्घटना के बाद पीएम नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने दुख जताया है. दोनों ने मृतकों के परिजनों को क्रमशः दो और पांच लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है. सीएम ने घालयों के मुफ्त इलाज की भी घोषणा की है.महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस महाराष्ट्र में समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर बुलढाणा बस दुर्घटना स्थल का दौरा किया.बस दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने डीएनए परीक्षण करने का निर्णय लिया है.शवों के इतनी जल जाने के कारण कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया है. बुलढाणा के जिला कलेक्टर डॉ. एचपी तुम्मोड ने कहा कि हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई है. शवों की पहचान की जा रही है. डीएनए पहचान के बाद हम शव परिजनों को सौंप देंगे.प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर ट्वीट करते हुए शोक जताया है. उन्होंने ट्वीट किया कि महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है. दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं इस भीषण हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के साथ हैं.इस मामले में पुलिस को संदेह है कि दुर्घटना मानवीय भूल की वजह से हुई। पुलिस का मानना है कि चालक को नींद आ गई और उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अमरावती क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की एक रिपोर्ट में कहा गया कि समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर टायर फटने की वजह से दुर्घटना नहीं हो सकती, क्योंकि घटनास्थल पर रबर के टुकड़े या टायर के निशान नहीं थे।

# दो बार की वर्ल्ड चैम्पियन वेस्टइंडीज वर्ल्ड कप से हुआ बाहर

*** क्रिकेट इतिहास में पहली बार हुआ इतना बड़ा उलटफेर**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज इस साल भारत में होने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में भाग नहीं ले पाएगी.

जिम्बाब्वे में खेले जा रहे वर्ल्ड कप क्वालिफायर के एक अहम मुकाबले में वेस्टइंडीज को स्कॉटलैंड ने सात विकेट से हरा दिया. हरारे स्पोर्ट्स क्लब में हुए मैच में वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 182 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 39 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया. वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाना कैरेबियन क्रिकेट के लिए काफी शर्मिंदगी भरा है. क्रिकेट इतिहास में पहली बार वेस्टइंडीज टीम वनडे वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं होगी. इससे पहले वेस्टइंडीज ने ओडीआई वर्ल्ड कप के सभी 12 संस्करणों में भाग लिया था. 1975 और 1979 के वर्ल्ड कप में तो विंडीज ने क्लाइव लॉयड की कप्तानी में वर्ल्ड कप खिताब भी जीता था. मुकाबले में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 43.5 ओवर में सिर्फ 181 रनों पर सिमट गई.

वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ही कुछ संघर्ष कर पाए. होल्डर ने 79 गेंदों का सामना करते हुए 45 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक सिक्स शामिल रहा.


वहीं शेफर्ड ने पांच चौकों की मदद से 43 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली.

स्कॉटलैंड की ओर से ब्रैंडन मैकमुलेन ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाए. वहीं क्रिस सोल, मॉक वॉट और क्रिस ग्रीव्स को दो-दो सफलताएं हासिल हुई.जवाब में स्कॉटलैंड ने 43.3 ओवरों में ही टारगेट को हासिल कर लिया. विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू क्रॉस 74 रन बनाकर नाबाद रहे. वहीं ब्रैंडन मैकमुलेन ने 69 रनों की पारी खेली. क्रॉस ने अपनी पारी में सात चौके लगाए.

वहीं मैकमुलेन के बल्ले से आठ चौके और एक सिक्स निकला.

# टूरिज्म पैलेस बनेगा मैकलुस्कीगंज

*** डीसी ने अधिकारियों को दिया निर्देश**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने खलारी प्रखंड के मैकलुस्कीगंज में पर्यटन के विकास हेतु टूरिज्म प्लेस का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता,खलारी इंस्पेक्टर फरीद आलम, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, कर्मचारी असित सहदेव, संजय साहू, कनीय अभियंता रवि रंजन, अमीन कृष्णा एवं संबंधित सभी अधिकारी शामिल थे। उपायुक्त ने ड्रीम डेस्टिनेशन, डेगा-डेगी नदी, नकटा पहाड़ चान्हो अंचल और सर्वधर्म स्थल दुल्ली का निरीक्षण किया। जिस पर इन स्थानों के विकास के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा नकटा पहाड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित करने हेतु पहुँच पथ बनाने एवं पहाड़ के आस-पास चिल्ड्रेन पार्क, कियोस्क निर्माण, बिजली, पानी की व्यवस्था करने एवं नकटा पहाड़ी में ट्रैकिंग के लिए रास्ता बनाने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। साथ ही इस पर जल्द कार्य करना सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने भ्रमण के क्रम में मैकलुस्कीगंज में डीएमएफटी योजना से सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही वहाँ मौजूद एंग्लो इंडियन ने उपायुक्त से बातचीत के क्रम में मैकलुस्कीगंज में पलामू एक्सप्रेस का स्टॉपेज करने की मांग की। जिसपर उपायुक्त द्वारा आश्वासन दिया गया की इस पर संबंधित अधिकारियों से बात की जायेगी। बातचीत के क्रम में एंग्लो इंडियन द्वारा यहाँ अस्पताल के निर्माण, ओल्ड एज होम का निर्माण की मांग की गई। जिस पर उपायुक्त द्वारा इस संबंध में विचार कर इसे पूरा करने की दिशा में कार्य करने का आश्वासन दिया। उपायुक्त द्वारा वन विभाग का जर्जर बंगला जो जीर्णशीर्ण हालत में हैं, उसे ध्वस्त कर नया भवन बनाने का निर्देश दिया। इस बंगले को इको टूरिज्म में विकसित कर यहाँ कॉटेज निर्माण कराने का निर्देश दिया एवं डेगा डेगी नदी के किनारे पर्यटकों को बैठने हेतु शेड निर्माण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि मैकलुस्कीगंज में पर्यटन के विकास हेतु टूरिज्म प्लेस का विकास करना हमारी मुख्य प्राथमिकता हैं। यहाँ पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। यहाँ पर्यटन के विकास के लिए सभी जरूरी जरूरतों को जल्द पूरा किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री के प्रयासों से अपना जीवन सुधार रहीं झारखण्ड की बेटियां

### बेटियों को उद्यमी बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही सरकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पार्वती और द्रौपदी कुमारी रांची के सिकिदिरी गांव की रहने वाली सगी बहनें हैं। दोनों ऐसे पृष्ठभूमि से आती हैं, जहां लड़की के लिए शिक्षा ग्रहण कर पाना बेहद कठिन है। लेकिन दोनों बहनों ने अपने मां की देखरेख में इस कठिन दौर को पार किया। सिर्फ कठिन दौर को पार ही नहीं किया, बल्कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर शुरू किए गए आईटीआई कौशल कॉलेज (पाक-कला) प्रेझा फाउंडेशन (एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और कल्याण विभाग की परियोजन परिवाहिनी) से जुड़ गई। दोनों बहन की पहल रंग लाई। दोनों ने अच्छा करने की प्रतिबद्धता के साथ पाककला में एक साल का पूर्णकालिक आवासीय आईटीआई प्रमाणन कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम पूरा कर प्लेसमेंट प्राप्त किया। पार्वती हैदराबाद स्थित सोडेक्सो एवं द्रौपदी बर्बेक्यू नेशन में नौकरी प्राप्त कर ली। उनका शुरुआती मासिक शुद्ध वेतन लगभग 16,000 (सीटीसी 25,000 रुपये) था। लेकिन उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के कारण उनकी सेवा के केवल 6 माह में उनके वेतन में वृद्धि हुई। उनका वर्तमान मासिक शुद्ध वेतन 26 हजार (36,000 सीटीसी) है। अब दोनों बहनें न केवल अपनी मां की देखभाल कर रहीं हैं, बल्कि अपने गांव की सैकड़ों युवा लड़कियों के लिए एक आदर्श भी बन गई हैं। मुख्यमंत्री के प्रयासों से पार्वती और द्रौपदी जैसी सैकड़ों युवतियां अपना जीवन सुधार पा रहीं हैं।



**कमजोर वर्गों के लिए वरदान है यह पहल:** आईटीआई कौशल कॉलेज (पाक-कला) प्रेझा फाउंडेशन (एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और कल्याण विभाग की परियोजन परिवाहिनी) की एक पहल है जो पाककला में एक साल का पूर्णकालिक आवासीय आईटीआई प्रमाणन कार्यक्रम प्रदान करने वाला अपनी तरह का पहला संस्थान है। यह कार्यक्रम राज्य के कमजोर वर्गों एससी, एसटी और अल्पसंख्यक लड़कियों को शेफ के रूप में प्रशिक्षित करने के इरादे से विकसित किया गया है ताकि वे अपनी आजीविका का मार्ग प्रशस्त कर सकें। आईटीआई पाक कला कौशल कॉलेज औपचारिक रूप से राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी), रांची, झारखण्ड से संबद्ध है। छात्रों को इंडियन फेडरेशन फॉर क्यूलिनरी एसोसिएशन (आईएफसीए) द्वारा प्रमाणित प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

**बेटियों को उद्यमी बनाना लक्ष्य:** झारखण्ड की बेटियों को इस पाठ्यक्रम के जरिए खाद्य उद्यमी बनाना लक्ष्य है। सरकार के सहयोग से संचालित कौशल कॉलेज एक ऐसा पाठ्यक्रम प्रदान करता है जो प्रैक्टिकल कक्षाओं, थ्योरी कक्षाओं, प्रोडक्शन शॉप ( छात्रों द्वारा प्रबंधित एक इनहाउस कैफे), जीवन कौशल मॉड्यूल (संचार, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कार्य जीवन संतुलन और उद्यमिता) का सही मिश्रण है। आवासीय कॉलेज छात्राओं को उनके व्यक्तित्व और समाज के प्रति सेवा की भावना का निर्माण करने में मदद करती है। छात्रों को उद्यमिता (खाद्य उद्यमी) अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। आईटीआई कौशल कॉलेज में छात्रों द्वारा संचालित सेवा कैफे हैं जो खाद्य उद्यमियों की नर्सरी के रूप में कार्य करता है। इसका लक्ष्य झारखण्ड की बेटियों में उद्यमिता मानसिकता पैदा करने के मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करना है। झारखण्ड की बेटियों द्वारा झारखण्ड में ही नौकरी के अवसर उपलब्ध कराना इस सेवा कैफे का सिद्धांत है।

**बेटियां यहां कर सकतीं हैं संपर्क:** कौशल कॉलेज में एडमिशन के लिए छात्राएं 10वीं पास करके app.prejha.org में अप्लाई कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए हेल्प लाइन नंबर 6204800180 पर कॉल कर सकते हैं।

# झड़प में 20 से अधिक गिरफ्तार, धारा 144 जारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कतरास थाना क्षेत्र स्थित छाताबाद केलूडीह खटाल में टोटो की बैट्री चार्जर चोरी होने के बाद दो पक्ष के बीच हुए हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने अब तक 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व धनबाद एसडीएम के आदेश पर छाताबाद, केलूडीह और आकाशकिनारी में अगले आदेश तक के लिये धारा 144 लागू कर दिया गया है। तनाव को देखते हुए पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। साथ ही क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की नियुक्ति जिला प्रशासन द्वारा की गई है। यहाँ मामूली विवाद से दो पक्षों के बीच शुरू हुए हिंसक झड़प में दोनों पक्ष घण्टो एक दूसरे पर पत्थरबाजी करते रहे। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने में सफल हुई। पुलिस इसके बाद सख्ती बरतते हुए उपद्रवियों पर जमकर लाठी भी भांजी, जो भी सड़क किनारे बेवजह घूम रहे थे। उसे पुलिस की लाठी खानी पड़ी। बाघमारा प्रखंड के सीओ केके सिंह ने बताया कि अब स्थिति लगभग सामान्य हो चुकी है। पूरे इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। क्षेत्र में अगले आदेश तक के लिए धारा 144 भी लगाया गया है। क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई है। शांति व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस ने पूरे क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी किया। इसके साथ ही इस घटना में शामिल 1 महिला समेत 20 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार भी किया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# बिजली करंट के चपेट में आने से पति पत्नी की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड के सिसरी पंचायत के बैतरी गाँव में बिजली की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौत हो गया।घटना के बारे में बताया जाता हैं कि बैतरी ग्राम निवासी अनिल प्रजापति एंव पत्नी सरिता देवी शनिवार को सुबह अपने खेत में मूंग तोड़ने गए हुए थे। जंहा खेत में लगे मोटर चालू करने के दौरान सरिता देवी बिजली के चपेट में आ गयी।कुछ देर हो जाने के बाद पति अनिल प्रजापति ढूढने गए। जिससे वो भी बिजली के चपेट में आ गए। दोनो पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गया। अनिल प्रजापति का बड़ा बेटा मुकेश प्रजापति ने बताया की जब हम अपने माता पिता का खाना लेकर अपने खेत पर गए तो देखा की दोनों माता पिता मृत अवस्था में पड़े हुए थे। जहाँ मुकेश के शोर मचाने पर आस पास के लोग पहुँचे।ग्रामीणों के सहयोग से दोनो के शव को घर लाया गया।इस घटना से पूरे गाँव में मातम छाया हुआ है। बताया जाता है कि दम्पति अपने पीछे चार बच्चे जिसमे दो लड़के तथा दो लड़कियां शामिल है छोड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही सिसरी पंचायत मुखिया पति उदय अलबेला, खरौंधी प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, विस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, पूर्व बीडीसी लवकुश प्रजापति, पूर्व मुखिया महेंद्र शाह, इग्नासियुस बड़ा सहित अन्य जन प्रतिनिधि मृतक के घर पहुचे और उन्हें ढाढस बधाया। **उप प्रमुख और बीस सूत्री अध्यक्ष ने लगाया ने बिजली विभाग पर घोर लापरवाही :** बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार राजक और उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने इस घटना को दुःख जताते हुए बताया की बिजली विभाग की इसमें घोर लापरवाही है बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मियों द्वारा समय-समय पर लोगों से पैसा वसूला जाता है और पैसा नहीं देने पर लाइन काट दिया जाता है और ग्रामीणों को परेसान किया जाता है जो कि कभी बिजली विभाग के अधिकारियो द्वारा क्षेत्र में बिजली को तार को कभी देखा नहीं जाता है। साथ ही नाबालिंग बच्चे लोग को बिजली विभाग से मुआवजा की भी मांग किया है। **कनीय अभियंता ने दुःख जताते हुए हर संभव मदद करने को कहा :** कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने इस घटना को दुःख जताते हुए कहा की बहुत ही दुःखद घटना है और बिजली विभाग के द्वारा हर संभव मदद किया जायेगा, साथ ही कनीय अभियंता ने बताया की जन प्रतिनिधि द्वारा आरोप लगाया जा रहा है की कर्मी समय पर बिजली का देख रेख नहीं करते है अगर कहीं गलत पाया जाता है तो इसका लिखित आवेदन दे बिजली विभाग के कर्मी हर संभव बिजली को ठीक करने के लिए तैयार है।

## सिकल सेल एनीमिया बीमारी को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एएनएम स्कूल में शनिवार को सिकल सेल एनीमिया पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह, डीपीएम दीपक कुमार, डॉक्टर रोहित पांडेय उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित डीपीएम दीपक कुमार ने एनीमिया रोग के बारे में एएनएम के छात्रों को जानकारी दी और जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सिकिल सेल एनीमिया खून की कमी से जुड़ी एक बीमारी है। इस अनुवांशिक डिस्ऑर्डर में ब्लड सेल्स टूट जाते हैं। उनका साइज बदलने लगता है, जो खून की नसों को ब्लॉकेज कर देती है। सिकिल सेल एनीमिया में लाल रक्त कण मर जाते हैं और शरीर में खून की कमी हो जाती है। जेनेटिक बीमारी के चलते शरीर में खून बनना बंद हो जाता है। शरीर में खून की कमी हो जाने के कारण यह रोग किडनी, तिल्ली, लीवर जैसे कई जरूरी अंगों को डेमेज होने का कारण बनता है। पर्याप्त लाल रक्त कोशिकाएं न होने से एनीमिया विकसित करते हैं, वह स्थिति जो है सिकिल सेल एनीमिया का नाम देती है। सिकिल कोशिकाएं, लाल रक्त कोशिकाओं को अपना काम करने के लिए रोकती है। सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह ने एएनएम के छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी छात्रा इसकी जानकारी लोगो को दे। ताकि लोग इस बीमारी से बच सकें।

## बीएलओ को दिया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड अंतर्गत मतदान केन्द्र संख्या 180 से 209 तक के बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों को बीएलओ एप संचालन सबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव ने प्रशिक्षण दिया। बीडीओ ने सभी बीएलओ कोअपने मोबाइल के माध्यम से मतदान केन्द्र में उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओ को अपडेट करने तथा मतदाताओं के सत्यापन हेतु हाउस टू हाउस जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ एप के माध्यम से सभी योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिये प्रपत्र 6 भरने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में बीएलओ फूलकुमारी देवी, बबिता देवी, जीवनलता तिर्की, सुषमा देवी, रीना देवी, आशा देवी, रेखा देवी सहित सभी बीएलओ उपस्थित थी।

## बीडीओ ने किया आम बागवानी का शुभारंभ



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखंड के कुम्बा पंचायत के कोरेया ग्राम में सत्यनारायण प्रसाद यादव के खेत मे आम बागवानी के लिये आम का पौधा लगाकर शुभारंभ किया गया.प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, बीपीओ राजदीप कुमार, मुखिया विवेक कुमार ने संयुक्तरूप से पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिये राज्य सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना की शुरुआत किया है.इस योजना से किसान काफी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम बागवानी से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों के पंचायत सचिवालय परिसर में आज पौधारोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि आम बागवानी, सोखता, मेड़बन्दी, टीसीबी सहित अन्य योजनाओं का शुभारंभ भी किया गया है.पंचायत के मुखिया विवेक कुमार ने कहा कि सत्यनारायण यादव के एक एकड़ रैयती भूमि पर फलदार पौधे लगाकर आम बागवानी का शुभारंभ किया गया है. उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी को विशेष महत्व दिया गया है। मौके पर बीपीओ राजदीप कुमार, मुखिया विवेक कुमार, पंचायत सेवक उत्तम रंजन, रोजगार सेवक संजीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड सह अंचल कर्मी मिले नदारत

# शनिवार को अंचल और प्रखंड में चपरासी सहित दो पंचायत सचिव थे उपस्थित

➲बीडीओ सह सीओ भी नही थे मौजूद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के उंटारी रोड प्रखंड़ मे शनिवार को प्रखंड व अंचल कार्यालय के कई कर्मी नदारत मिले। इतना ही नही कर्मी के अलावे प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ललित राम भी मौजूद नही थे। प्रखंड सह अंचल कर्मी के नदारत रहने से कई लोग बिना काम कराये ही वापस लौट गए। हालाँकि यह पहली बार ऐसा नही हुआ है पूर्व मे भी कई बार प्रखंड सह अंचल के कर्मी शनिवार को गुल रहते है। जिससे किसी काम को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुँचे आमजनों मे काफी आक्रोश है। अंचल कार्यालय में चपरासी वही प्रखंड मे चपरासी सहित दो पंचायत सचिव मौजूद थे। वही अंचल के दोनों राजस्व कर्मचारी, प्रधान सहायक, नाजीर, ओपरेटर साथ ही प्रखंड कार्यालय के नजीर, प्रधान सहायक, एक पंचायत सचिव, ओपरेटर सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ललित राम भी मौजूद नही थे। इस संबंध मे प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष से हुए संपर्क मे उन्होंने बताया की मै अभी प्रशिक्षण को लेकर मेदिनीनगर मे हूँ। अंचल कार्यालय के एक राजस्व कर्मचारी क्षेत्र मे होंगे। वही और अनुपस्थित कर्मियों के बारे मे पूछने पर उन्होंने किसी भी प्रकार कोई जवाब नही दिया।

## जल नल योजना के लिए विधायक भानू ने किया भूमि पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** जल नल मिशन के तहत प्रखंड मुख्यालय डंडई में विधायक भानू प्रताप शाही ने शनिवार को 8 करोड़ रुपए कि लागत से तैयार होने वाली जल नल योजना का भूमि पूजन किया। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही का जोरदार स्वागत किया। भूमि पूजन के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा अंबेडकर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर बोलते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि जल नल योजना के तहत पाइप लाइन के माध्यम से लगभग 600 परिवारों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल नल योजना केंद्र सरकार कि महत्वपूर्ण योजना है। हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए सरकार ने जल जीवन मिशन शुरू किया है। इस मिशन के तहत प्रत्येक पंचायत में पाईप लाईन के माध्यम है हर घर को शुद्ध पानी पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम को मृत्युंजय तिवारी, भगत जी, पंकज सिंह, अनीता गुप्ता, पंकज विश्वकर्मा, उत्तम देव प्रजापति, घूरबिगन बैठा, मिथिलेश प्रसाद, आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष श्रवण चंद्रवंशी ने किया वहीं संचालन अशोक प्रसाद ने किया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, दिलबर कुमार, रामसागर राम, विजय राम सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हरिहरगंज में भाजपा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान



**हरिहरगंज प्रभात मंत्र संवाददाता:** भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष बलू बलराम के नेतृत्व में प्रखंड के ढकचा, सलैया तथा डेमा पंचायत के विभिन्न गांव में डोर टू डोर जाकर केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का काम किया गया। वहीं मंडल अध्यक्ष बलू बलराम ने मोदी सरकार द्वारा चलायी गई योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, पंचायत संयोजक धनंजय सिंह, अनिल साव, मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, राजीव रंजन, चंदन जायसवाल, अंबुज सिंह, बलराम भुईयां, रामबली पाल, शिवकुमार, सतेंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भंडार पंचायत के मुखिया की शिकायत पहुंचा लोकायुक्त

➲पंचायत में बरती गई अनियमितता की शिकायत पूर्व वार्ड पार्षद ने की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार पंचायत के मुखिया व उसके रिश्तेदार के द्वारा पंचायत के कार्यों में बढ़ती जा रही अनियमितता की शिकायत पूर्व वार्ड पार्षद सुनैना देवी के द्वारा लोकायुक्त में की गई है। लोकायुक्त को किए गए शिकायत में महिला के द्वारा उल्लेखित किया गया है कि पंचायत की मुखिया आरती देवी के द्वारा किसी भी कागजात व रेकड़ पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। इनमें मनरेगा, 15 वें वित, जाति, निवास, आय आदि प्रमाण पत्र शामिल है। सभी कागजात पर मुखिया के रिश्तेदार के द्वारा हस्ताक्षर किया जाता है। मुखिया के द्वारा गुलाब स्वयं सहायता समूह का संचालन किया जाता है। जिसमें बतौर सचिव आज ही बनी हुई है। जो लोग जन प्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन है। ग्राम झरहा कला तीन मुहान से द्वारपार तक ग्रेड वन पथ का निर्माण एनआरईपी से कराया गया है। उसी पथ को एक बार फिर से दो अलग-अलग भागों में बांट कर मनरेगा से निर्माण कार्य कराया गया। जिसमें मुखिया के सगे रिश्तेदार के द्वारा बतौर मेट कार्य किया गया। यदा-कदा इसकी शिकायत भी महिलाओं पूर्व वार्ड पार्षद सुनैना देवी सहित अन्य लोगों के द्वारा भी किया जाता रहा है। लोकायुक्त को शिकायत करते हुए जांच करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

## बीडीओ और बीपीओ ने किया पौधारोपन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** जल संरक्षण को लेकर खरौंधी पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी के उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने कहा कि आज जल संकट से पुरे देश परेशान हैं, इसका मुख्य कारण है पेड़ पौधा को नहीं लगाना । आज लोग पेड़ पौधा को अंधाधून कटाई कर रहे हैं। जिससे पर्यावरण पर इसका बुरा असर पड़ने के कारण जल स्रोत समाप्त हो रहा है।आज अगर हम सभी लोग संकल्प लेकर पांच पांच पौधा लगाएंगे तो हमारा पर्यावरण शुद्ध होगा एवं जल संकट को दूर किया जा सकता है।वही बीपीओ डिंपल गुप्ता ने कहा कि सुखाड जैसी भयावह स्थिति पेड़ पौधों को नहीं रहने के कारण उत्पन्न हो रही है। अगर हम सभी संकल्प ले ले कि हम सभी को कम से कम प्रत्येक साल पांच पांच पौधा लगाना है , तो इससे पर्यावरण शुद्ध होगा एवं समय पर बारिश होगी एवं सुखाड़ जैसी भयावह स्थिति उत्पन्न नहीं होगी ?। आज जल संकट पूरे विश्व पर छाया हुआ है। इस संकट से उबरने के लिए एक ही उपाय है कि हम सभी को प्रत्येक साल कम से कम पांच पांच पौधा लगाना होगा। मौके पर आनंद कुमार गुप्ता रोजगार सेवक, जन्नत हुसैन वार्ड सदस्य, संजय राम स्वयंसेवक, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिले में शत-प्रतिशत जन्म-मृत्यु निबंधन कराने को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु निबंधन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ करने को लेकर शनिवार को समाहरणालय के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया.इस दौरान 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले जन्म व मृत्यु निबंधन अभियान को कैसे सफल बनाया जाये इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी. जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी रमण कुमार ने पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को जन्म व मृत्यु के निबंधन तथा इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी साथ ही उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रशिक्षण किट का भी वितरण किया गया.उन्होंने बताया कि अभियान पर निगरानी रखने को लेकर राज्य, जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है जो अलग-अलग तिथि को बैठक कर अभियान का आकलन करेगी। **3 जुलाई से 12 जुलाई के बीच प्रखंड वार कार्यशाला का होगा आयोजन :** कार्यशाला में बताया गया कि अभियान को सफल बनाने को लेकर 3 से 12 जुलाई के बीच प्रखंड एवं नगर निकायों में अलग से कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा जिसमें स्थनीय कर्मियों को प्रशिक्षित किया जायेगा.अभियान के दौरान जन जागरुकता और लोगों को जन्म व मृत्यु की घटना के निबंधन के महत्व को समझाने के लिये व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जायेगा.इस दौरान जिंगल, शॉट विडिओ का उपयोग भी किया जायेगा। इसके लिये तकनीकी एवं वित्तीय सहायता यूनिसेफ के द्वारा किया जायेगा। **कोरोना काल में छुटे हुए बच्चों की सूची भी होगा तैयार :** प्रशिक्षण में कोरोना काल में जन्मे बच्चों को चिन्हित करने और उनके जन्म को राज्य की औपचारिक पंजीकरण प्रणाली में नामांकित कराने पर बल दिया गया।

## पेड़ से लटकता मिला अज्ञात युवक का शव



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम किन्नी में पेड़ से लटकता हुआ मिला अज्ञात युवक का शव जांच में जुटी चैनपुर थाना पुलिस टीम। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गढ़वा रोड मुख्य मार्ग पर किन्नी पहाड़ी के पास एक नीम के पेड़ से झूलता हुआ एक अज्ञात शख्स का शव बरामद किया गया है। मौके पर पहुंची चैनपुर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर मेदिनीनगर मेडिकल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को शिनाख्त के लिए सुरक्षित रख दिया और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों सुबह घूमने गए थे तो देखा नीम के पेड़ पर लटके शव पर पड़ी नजर। लोगों ने शोर मचाया तो घटनास्थल पर आस पड़ोस के लोग और राहगीरो की भीड़ उमड़ पड़ी। घटनास्थल के आसपास कोई घर नहीं है। लोगों ने शव की शिनाख्त नहीं किए जाने पर पुलिस ने शव की तलाशी ली। मृतक के पास ऐसा कुछ भी नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रूपेश कुमार दूबे ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्राम जगतपुरवा के लघु सिंचाई योजना के तहत आहार निर्माण में भारी घोटाला की हो जांच : भाकपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने ग्राम - जगतपुरवा, प्रखंड एवं थाना लेस्लीगंज अंतर्गत ग्रामीणों के द्वारा दिया गया हस्ताक्षर युक्त आवेदन को अग्रसारित करते हुए पलामू उपायुक्त को शनिवार को पत्र लिखा। जिसमें श्री तिवारी ने पत्र में लिखा कि ग्राम जगतपुरवा में 25 से 27 लाख प्राक्कलन राशि लघु सिंचाई विभाग पलामू के अंतर्गत आहार निर्माण का कार्य संवेदक कुंदन सिंह हुसैनाबाद के द्वारा कराया गया जिसमें उस सिंचाई योजना में भारी अनियमितता एवं सरकारी पैसा का बंदरबांट कर घोटाला किया गया है। ग्रामीणों के लिखे पत्र में यह साफ वर्णित है कि ना तो आहार के पास बोर्ड लगा हुआ है और न ही प्राक्कलन राशि का जिक्र किया हुआ है यहां तक कि विभाग के अभियंता से भी जब इस बात की जानकारी मांगी गई तो वह भी जानकारी देने से इंकार कर गया कार्यस्थल पर योजना पट भी नहीं लगा हुआ है, जगतपुरवा का शव -दाह के लिए श्मशान घाट इसी बांध पर होकर पार करना पड़ता है टूटने के बाद रास्ता बिल्कुल ही बंद हो जाएगा। इस आहर से जगतपुरवा के ग्रामीणों का सिंचाई होता है। लेकिन जिस प्रकार से आहार निर्माण का कार्य हुआ है उससे लगता है कि प्रथम बरसात में ही यह टूट जाएगा और इससे कोई सिंचाई नहीं हो पाएगा ग्रामीणों के अनुसार आहार का काम लगभग तीन लाख में ही करके समाप्त कर दिया गया। ऐसी परिस्थिति में पलामू उपायुक्त इस लघु सिंचाई योजना की उच्च स्तरीय जांच कराएं जिससे ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन पर सुनवाई हो सके और घोटाले में संलिप्त संवेदक एवं अभियंता पर करवाई किया जा सके।

# पंचायत सचिवालय में हुआ पौधारोपण का कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** डंडई पंचायत सचिवालय भवन परिसर में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीडियो सोमा उरांव, जेई मुकेश दुबे, मुखिया धनवंती देवी, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, पंचायत सचिव सुदर्शन राम रोजगार सेवक दिनेश राम सहित अन्य लोगों ने एक-एक पौधा लगाकर इसकी विधिवत शुरुआत की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने कहा कि जल संरक्षण एवं पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ पौधा लगाना बहुत जरूरी है। दिन प्रतिदिन पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है इसे संतुलित करने के लिए पौधारोपण ही एकमात्र उपाय है। इधर रारो पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया सुनीता देवी के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, पूर्व उपमुखिया शिव प्रसाद यादव, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, बीडीसी अरविंद पासवान सहित अन्य लोगों ने उपस्थित होकर अपने हाथों से एक-एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं करके पंचायत सचिवालय भवन परिसर में मुखिया वृंदा देवी, पंचायत सचिवालय भवन सोनेहारा में मुखिया चंद्रावती देवी, पंचायत सचिवालय भवन तसरार में मुखिया मुनीता देवी ने एक एक पौधा लगाकर जल संरक्षण एवं पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य रूप से रामकिशुन ठाकुर, लाल मुनि यादव, मनीष चौधरी, चुनमुन चौधरी, ललन चौधरी, राजकुमार राम, अशोक राम, विनोद प्रजापति, मंसूर आलम, सकेंद्र कुशवाहा, शिवधर यादव, बृजमोहन राम, शकील अंसारी, तेज बहादुर सिंह सूर्यदेव चौधरी, कन्हैया प्रजापति, सुनील कुशवाहा, सत्येंद्र यादव, रितेश कश्यप, दिनेश चौधरी, सतीश चौधरी, प्रमोद चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नावा बाजार अंचलाधिकारी ने कौरव जलाशय निर्माण स्थल का किया अवलोकन, 36 वर्ष पूर्व किया गया था शिलान्यास



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** बहुप्रतीक्षित कौरव जलाशय निर्माण स्थल का अवलोकन नावा बाजार अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने किया। जहां स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से समुचित जानकारी ली। साथ हीं जानना चाहा कि निर्माण कार्य पूरा हो जाने से लोगों को कितने फायदे होंगे। वहीं योजनाओं की स्वीकृति दिलाने में आ रही बाधाओं की जानकारी लेते हुए अपनी ओर से हरसंभव सहयोग की बातें कहीं। कौरव नदी क्षेत्र का एकमात्र जिंदा नदी है जहां साल भर पानी देखी जाती है। साथ हीं योजना की उपयोगिता पर भी चर्चा की। साथ हीं निर्माण कार्य में आ रहे परेशानियों से पंचायत प्रतिनिधियों ने अवगत कराया। विदित हो कि 36 वर्षों से लगातार अकाल-सुखाड़ की मार झेल रहे विश्रामपुर नावाबाजार के किसानों के लिए कौरव जलाश्य योजना राहत नहीं महज टीस बनकर रह गयी है। 36 वर्षो से किसान कौरव (लब्जी) जलाशय योजना के तहत बांध निर्माण की बाट जोह रहे हैं। क्षेत्र में व्याप्त जलसंकट के निदान को उक्त जलाश्य निर्माण की पहल संयुक्त बिहार सरकार ने की थी। इसके तहत 22 मार्च 1987 को एकल बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. बिंदेश्वरी दुबे ने स्वंय हताई द्वारपार जंगल में पहुंच कौरव नदी पर बांध निर्माण का शिलान्यास किया था। बावजूद यह योजना आज तक धरातल पर नहीं उतरी। 36 वर्ष से क्षेत्र की जनता बांध निर्माण की बाट जोह रही है। विभाग की ओर से कई बार स्थल निरीक्षण कर सरकार को रिपोर्ट भी सौंपी गई। झारखंड अलग राज्य निर्माण के बाद भी किसी सरकार ने जलाशय निर्माण के प्रति सक्रियता नहीं दिखाई है। सभी फाईलें अधिकारियों के टेबल की शोभा बनकर रह गई।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन गिरफ्तार



**रांची :** पिठौरिया थाना पुलिस ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सुभाष उरांव, इतेश टोप्पो और संतोष टोप्पो शामिल है। जबकि मामले में एक आरोपित फरार है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को बताया कि नाबालिग अपनी बहन के साथ जगरनाथपुर मेला घुमने गयी थी। इसी क्रम में नाबालिग के बहन के पूर्व परिचित सुभाष उरांव ने घर पहुंचाने के बहाने नाबालिग को अगवा कर सुनसान स्थान पर ले गया। साथ अपने चार साथियों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। नाबालिग का सीडब्लूसी के समक्ष उपस्थित कराते हुए मेडिकल जांच कराया गया। साथ ही नाबालिग का न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराया गया।

### झारखंड में जुलाई माह में आठ दिन बंद रहेंगे बैंक

**रांची :** जुलाई महीने की शुरुआत हो चुकी है। हर महीने की तरह इस महीने भी राज्य में आठ दिन बैंकों की छुट्टियां रहेंगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जुलाई के लिए बैंकों की छुट्टियों की सूची जारी कर दी है। हालांकि, ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिये पैसे की लेनदेन या अन्य काम किया जा सकता है। बैंकों की छुट्टियों का इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# रांची नगर निगम का होल्डिंग टैक्स की वसूली सभी नगर निकायों में सर्वाधिक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** प्रशासक, रांची नगर निगम शशि रंजन भाप्रसे के निदेश पर उप प्रशासक रजनीश कुमार, राजस्व शाखा की टीम एवं टैक्स कलेक्शन के लिए कार्यरत एजेंसी के कर्मियों के संयुक्त प्रयास से प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी रांची नगर निगम के द्वारा प्रथम क्वार्टर की समाप्ति पर पूरे राज्य भर के सभी नगर निकायों में सर्वाधिक होल्डिंग टैक्स की वसूली कर नई उपलब्धि हासिल की है। 1 अप्रैल 2023 से 30 जून 2023 तक कुल 72,435 करदाताओं से 27,04,73,281 रुपए होल्डिंग टैक्स के मद में प्राप्त की गई। बता दें पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) में 55,181 करदाताओं से कुल 21.90 करोड़ रुपए की वसूली की गई थी। इस वर्ष- 17,53,28,503 रुपए डोर-टू-डोर कलेक्शन के माध्यम से प्राप्त की गई। 3,32,67,204 रुपए की राशि रांची नगर निगम कार्यालय एवं डोरंडा अंचल में अवस्थित जन सुविधा केंद्र के माध्यम से प्राप्त की गई।डिजिटल पेमेंट के माध्यम से 16,482 करदाताओं के द्वारा 6,18,77,574 रुपए की राशि ऑनलाइन माध्यम से सीधे निगन के खाते में प्राप्त की गई, जो पूरे झारखंड राज्य में सार्वाधिक डिजिटल कलेक्शन है।इस वित्तीय वर्ष की पूरी होल्डिंग टैक्स की राशि 30 जून 2023 के पूर्व जमा करने पर सभी नागरिकों को नियमानुसार rebate प्रदान किया गया, जिसके अंतर्गत कुल 1,88,80,278 रूपए की राशि रिबेट की गई। इस क्वार्टर के आखिरी दिन 30 जून 2023 को कुल 2,55,22,546 रुपए की राशि होल्डिंग टैक्स में प्राप्त की गई। प्रशासक, रांची नगर निगम ने समय पर भुगतान करने वाले सभी सम्मानित नागरिकों का आभार प्रकट किया है। उन्होंने ये भी कहा कि वसूल की गई राशि का उपयोग नागरिकों के जीवन को बेहतर करने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं रमणीक बनाने में खर्च किया जाएगा।

# सर कटी शव का पुलिस ने किया पहचान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** मांडर थाना क्षेत्र के हातमा जंगल से बीते मंगलवार को एक व्यक्ति की सिर कटी लाश मिलने की गुत्थी को मांडर पुलिस ने सुलझा लिया है।मृतक की पहचान सोहन भगत के रूप में हुई है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि अवैध सम्बंध में सोहन को आरोपी ने तीन टुकड़े कर फेंक दिया था। पुलिस ने एक महिला और एक और पुरुष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी, लाठी, साइकिल और खून लगी मिट्टी पुलिस ने बरामद किया है।गिरफ्तार आरोपियों में अल्बर्ट एक्का और चरिया उरांव उर्फ चरिया तिग्गा के नाम शामिल हैं।दोनों आरोपी मांडर थाना क्षेत्र के रहनेवाले हैं।पुलिस के अनुसार हत्या का कारण अवैध संबंध है।मृतक सोहन चरिया तिग्गा से बार बार अवैध संबंध बनाना चाहता था।इसी वजह से घटना को अंजाम दिया गया। आगे कहा कि हातमा जंगल एक व्यक्ति का सिर कटा शव पड़ा हुआ है। सूचना पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव दलबल के साथ हातमा जंगल में पहुंचे तो पाया कि जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है,जिसका सिर एवं कमर के नीचे का भाग नहीं है। पुलिस द्वारा शव की पहचान कराने की प्रयास किया जा रहा था।उसी क्रम में बीते बुधवार को पता चला कि मलती गांव के कुंआ में एक व्यक्ति का सिर तैर रहा है।सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुँचीं और कुंआ से सिर को निकाला। तब शव की पहचान मांडर थाना क्षेत्र के गड़ेरिया निवासी सोहन भगत के रूप में हुई। इधर मांडर थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों से पूछताछ शुरू की और जांच के दौरान अल्बर्ट एक्का एवं चरिया उरांव उर्फ चरिया तिग्गा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गयी तो इनके द्वारा हत्या करने की बात स्वीकार की गयी।

# सेमिनार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय, रांची में आज शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड, इन्वेस्टमेंट, इंश्योरेंस आदि विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें आदित्य आनंद, दीपक गोयनका और राज रंजन कुमार ने आई एल एस के स्टूडेंट्स को फाइनेंशियल मार्केट के बारीकियों पर प्रकाश डाला। स्टूडेंट्स ने एक्सपर्ट्स से कई सवाल पूछे। इसमें रिया सिंह, नीरज गुप्ता, सौरव, हिमांशु दास और कई स्टूडेंट्स के सवालों के जवाब एक्सपर्ट्स ने दिए। एल एस के डायरेक्टर प्रो (डॉक्टर) विजय सिंह ने अपने संबोधन में भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े इकोनॉमी के ओर अग्रसर होने युवाओं के योगदान का जिक्र किए। उन्होंने दीपक गोयनका को मोनेंटो देकर सम्मानित किए। इस अवसर पर डॉक्टर हैप्पी भाटिया, प्रो निशिकांत , डॉक्टर शालिनी, प्रो अजीत और डॉक्टर मो जाकिर मौजूद थे।

# डॉ. बीपी केशरी का नजरिया एकदम अलग था : डॉ. हरि उराँव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केन्द्र के नागपुरी विभाग में आज डॉ. बीपी केशरी की 91 वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन विक्की मिंज और धन्यवाद सहायक प्राध्यापिका डॉ रीझू नायक ने की।

विषय प्रवेश नागपुरी विभाग के आलोक कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ बीपी केशरी के तस्वीर पर माल्यार्पण व पूष्प अर्पित कर किया गया साथ ही बुद्धेश्वर बड़ाईक व चन्द्रिका कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केन्द्र के समन्वयक डॉ हरि उराँव ने केशरी के छात्र व सहयोगी के रूप में बिताये पलों को साझा करते हुए कहा कि झारखंड की भाषा और संस्कृति को प्रगाढ़ बनाने के लिए केशरी ने पूरे जोर शोर से काम किया।

केशरी जी ने सबसे पहले झारखंड का इतिहास लिखने का काम किया। केशरी जी झारखंड के इतिहासकार के रूप में भी जाने जाते हैं। उनका नजरिया एकदम अलग था। उन्होंने कहा कि केशरी का सोच बहुत उँचा था।

अपने छात्र छात्राओं को वे अपने बराबर समझते थे। समन्वय के साथ भाषा, साहित्य और संस्कृति को मजबूती के साथ साथ दिशा देने का काम किया।

इस मौके पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केन्द्र के , डॉ किशोर सुरीन, करम सिंह मुण्डा, दिनेश कुमार दिनमणी, प्रेम बास्के, राजकुमार मुर्मू, डॉ बन्दे खलखो, डॉ हेमलाल कुमार मेहता, योगेश प्रजापति, नेहा भगत, संदीप कुमार महतो, विष्णु पद महतो, राजमोहन महतो, प्रवीण कुमार सिंह, सहला सरवर, पूनम कुमारी, सोनिका कुमारी, तनु कुमारी, प्रिया ठाकुर, दीपिका कुमारी, भवेश कुमार के अलावा जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केन्द्र के शोधार्थी और नवो भाषा विभाग के छात्र छात्राएँ मौजूद थे।

# परमवीर अब्दुल हमीद की 90वीं जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** परमवीर अब्दुल हमीद की 90वीं जयंती पर कांटा टोली परमवीर अब्दुल हमीद चौक पर स्थित स्मारक स्थल पर समिति के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मुन्ना ने कहा कि 1965 में पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध करते हुए परमवीर अब्दुल हमीद ने पाकिस्तान के मजबूत टैंको को ध्वस्त कर पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था।परम वीर अब्दुल हमीद ने देश की रक्षा करते हुए अपने आप को देश के नाम पर बलिदान कर दिया और रहती दुनिया तक देशवासियों को राष्ट्रप्रेम का एक अनूठा मिसाल शिक्षा के तौर पर दे दिया।वीरता के इस मिसाल को हमारा सलाम। मौके पर उपस्थित सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष अकील उर रहमान, झामुमो अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के आफताब आलम,लोक सेवा समिति के अध्यक्ष नौशाद खान,पूर्व वार्ड पार्षद 12 के कुलभूषण डुंगडुंग, ने अपनी बातें रखी। इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष मुन्ना भाई,समिति के प्रधान महासचिव अधिवक्ता अख्तर हुसैन,मोहम्मद साबिर,मोहम्मद शहाबुद्दीन,अब्दुल हक,मोहम्मद मेराज,आफताब आलम, जमीअतुल कुरेश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी,मोहम्मद शकील, मोहम्मद शमशाद,इरफान इकबाल,इनामुल हक,तबरेज आलम,शामिल हुए एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

# बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**राँची।** बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल द्वारा बुटी मोड़ स्थित गुलमोहर अस्पताल परिसर में राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस का आयोजन किया गया है। इस विशेष अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह की ओर से बरियातू शाखा के ऋण प्रबंधक अमित कुमार दुबे, विपणन प्रबंधक दीपक कुमार, अस्मिता सिन्हा और राज कुमार ने डॉक्टर्स से शिष्टाचार मुलाकात किया तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर डाक्टर्स को सम्मानित किया और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। बताते चलें कि बैंक के अधिकारियों द्वारा कैंप के माध्यम से डाक्टर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर खास तौर पर तैयार किए गए बीओआई स्टार डॉक्टर्स प्लस योजना जिसमें अत्यंत आकर्षक ब्याज दर पर क्लिनिक और अस्पताल स्थापित करने के लिए 50 करोड़ तक का, वर्किंग कैपिटल के लिए 5 करोड़ तक का और वाहन या एंबुलेंस के लिए 2 करोड़ तक के ऋण योजना के बारे में विस्तार से बताया। गुलमोहर अस्पताल के मालिक और हड्डी एवं नस विशेषज्ञ डॉ. अंचल कुमार ने बैंक का आभार प्रकट किया। मौके पर बड़ी संख्या में अस्पताल के स्टाफ उपस्थित थे।

# खेलकूद विभाग के अंतर्गत की जा रही कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा खेलकूद विभाग के अंतर्गत की जा रही कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उप-विकास आयुक्त राँची, दिनेश कुमार यादव एवं जिला खेल पदाधिकारी राँची, संजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता एनज़आरज़पीज़-1 राँची, सागर प्रताप, कनीय अभियंता जिला परिषद राँची, शेखर कुमार, सचिव बैडमिंटन संघ राँची, एनज़ केज़डेज़, बैडमिंटन कोच राँची, उमा रानी पालिथ, प्रबंधक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम राँची, संजू कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने खेलकूद मद के अंतर्गत चालू योजनाओं की विस्तार पूर्वक समीक्षा करते हुए, राँची जिलान्तर्गत प्रखण्ड नामकुम अंतर्गत बड़ाम पंचायत में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण, राँची जिलान्तर्गत मोरहाबादी क्रीड़ा केंद्र, द्वारा संचालित मैदान में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, घेराबंदी एवं अन्य निर्माण कार्य एवं राँची जिलान्तर्गत प्रखण्ड अनगड़ा में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण, बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी राँची में घास लगाने का कार्य एवं बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी राँची के ऊपरी तल्ले में ड्रेसिंग रूम निर्माण कार्य, राँची खेलगांव होटवार अवस्थित फ्लैटों का उन्नयन कार्य, इटकी प्रखण्ड के सियारटोली में फुटबॉल स्टेडियम निर्माण कार्य इन सभी को ससमय पूरा कराने एवं इसमें आ रही समस्या को दूर करते हुए इसे पूरा कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

# देश को भाईचारे की सख्त जरूरत : अतुल कुमार अनजान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा मोहब्बत और भाईचारे की दुकान खोलने की आवश्यकता नहीं होने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने तीखी आलोचना की है। पार्टी राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अनजान ने एक वक्तव्य मे कहा कि आज देश की प्रगति के लिए आपसी मोहब्बत, प्रेम और भाईचारे की सख्त जरूरत है। रक्षा मंत्री राजनाथ का बयान घोर सांप्रदायिक और विभाजनकारी है। देश के रक्षा मंत्री की हैसियत से इस तरह का बयान देना देश के मनोबल को तोड़ना है। चार राज्यों के विधानसभा और 2024 के लोकसभा के चुनाव नजदीक आ रहे हैं । मोदी, भाजपा और आर एस एस टोली दिन रात समाज को धर्म और जातियों के नाम पर बांटने में जुटे हैं।परिणाम है की मणिपुर की डबल इंजन की सरकार 3 मई से जारी जातीय हिंसा रोकने में विफल हो रही है।

भाजपा सरकार सांप्रदायिक वक्तव्य देकर महंगाई, बेकारी,टूटते रूपए की दयनीय स्तिथि, और घटता निर्यात बढ़ता आयात माल, 9 साल की भाजपा राज की स्वदेशी नीति नारे और विफलताओं को छुपाने और दूसरी दिशा देने में लगे हैं। देश की जनता को विशेषकर ग्रामीण भारत के नौजवानों को इसे समझना चाहिए और गांव गांव में आर एस एस की सांप्रदायिक विष वमन कर रही है। उसका जबरदस्त विरोध करते हुए उसे दुत्कार देना चाहिए।भाकपा नेता अतुल कुमार अनजान ने भाजपा की सरकारों के खिलाफ विपक्षी दलों का प्रमुख कर्तव्य सांप्रदायिकता के खिलाफ अभियान और देश में भाजपा राज में आवारा पूंजी की लूट रोकना ही प्रमुख कर्तव्य अभियान होना चाहिए।

## मार्शल आर्ट्स की नई इंडोर शाखा का उदघाटन किया गया



रांची। हरमू स्थित किडोस प्ले स्कूल में जीत कुने डो की नई शाखा का उदघाटन स्कूल के प्रिन्सिपल शिप्रा सोनिला, गुंजन एवं संस्था के महासचिव सिफु बिस्वजीत कर्माकर के द्वारा किया गया द्यइस मौक़े पर संस्था के सह प्रशिक्षक में लखन उराँव, असफ़ाक अंसारी तथा बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

# रांची में पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार

## विद्यार्थियों ने घरों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** सामाजिक संस्था विवेकानंद युथक्केक फाउंडेशन और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में बरियातू डीएवी स्कूल में पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण एवं प्रकृति की रक्षा के लिए पर्यावरण एवं उर्जा संरक्षण के लिए जिम्मेवार होना पड़ेगा। तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर रांची नगर निगम ने विद्यार्थियों के बीच 200 पौधों का वितरण किया।

सभी डीएवी बरियातू स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने-अपने घरों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी बरियातू स्कूल के प्राचार्य वीके पांडेय, विवेकानन्द यूथ क्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, साई कृपा के निदेशक गोपाल सिंह, स्वदेश बंदोपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।

# एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन और प्रेषण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भारत के अग्रणी एकीकृत बिजली उत्पादक एनटीपीसी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही के दौरान इसी अवधि की तुलना में अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन में 99त्न की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष। कंपनी ने क्यू1 एफवाई24 के दौरान 8.48 मिलियन मीट्रिक टन एम एमटी का प्रभावशाली कोयला उत्पादन हासिल किया, जबकि क्यू1 एफवाई 23 में यह 4.27 एम एम टी था। इसके अलावा, एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में 8.82 एमएमटी का कोयला प्रेषण भी हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 112त्न की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एनटीपीसी राष्ट्र को विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला उत्पादन और प्रेषण में यह उल्लेखनीय वृद्धि परिचालन उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी के समर्पण और भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में उसके योगदान का प्रमाण है। कंपनी अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ प्रथाओं का पता लगाना जारी रखेगी। एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उपयोगिता है, जो देश की बिजली आवश्यकता का 1/4 योगदान करती है। थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के साथ, एनटीपीसी देश को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# चेक बाउंस मामले में अभिनेता रांझा विक्रम और शिकायतकर्ता के बीच समझौते की पेशकश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** रांची सिविल कोर्ट स्थित मध्यस्थता केंद्र में शनिवार को चेक बाउंस मामले में बॉलीवुड एक्टर रांझा विक्रम सिंह के खिलाफ दर्ज केस की सुनवाई हुई। इस दौरान शिकायतकर्ता और एक्टर रांझा विक्रम सिंह को बैठाकर आपस में समझौता करने की पेशकश की गई।शिकायतकर्ता निलोय कुमार झा से रांझा विक्रम सिंह ने बॉलीवुड मूवी फौजी कॉलिंग बनाने के नाम पर दो करोड़ छह लाख लिया था। इस राशि की लेनदेन वर्ष 2019 में हुई थी। काम ना होने पर शिकायतकर्ता निलोय ने पैसे वापस करने की मांग की। रांझा विक्रम ने एक करोड़ का चेक शिकायतकर्ता को दिया था, जो बाउंस हो गया था।इसे लेकर ही वर्ष 2021 में शिकायतकर्ता ने एक्टर के खिलाफ चेक बाउंस को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया था। बाद में अदालत से एक्टर को समन जारी हुआ था। मामले में एक्टर रांझा विक्रम सिंह को वर्ष 2022 में अदालत से अग्रिम जमानत मिल गई थी। एक्टर रांझा विक्रम सिंह बॉलीवुड के अलावा कई तेलगु फिल्म और पंजाबी फिल्मों में काम कर चुके हैं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## टाटीसिल्वे थाना ने छापामारी अभियान चलाया



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिल्वे थाना द्वारा थाना प्रभारी महेंद्र करमाली के नेतृत्व मे कर्मा धिपा,कपिल्टोली, बुचाटोली,हाराहफ, डुमर टोली इत्यादि जगहो पर छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण कि भठिया तोड़ी गई। बनाने वाले वर्तन, जावा, ड्रम, शराब इत्यादि को नष्ट किया गया। इस तरह कि कारवाई से ग्रामीण खुश है, क्योंकि जहरीली शराब पीने से कईयो कि जिंदगी बर्बाद हो जाती हैं और घर तबाह हो जाता है । परंतु अबैध कारोबारी छापेमारी से पहले ही फरार हो गए।

## बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रुआर कार्यक्रम के तहत शनिवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ विद्यालय के पोषक क्षेत्र चकला गांव के विभिन्न टोला में डोर टू डोर जाकर अभिभावकों से मिलकर बच्चों के नियमित रूप से स्कूल भेजने,नया नामांकन कराने व जो बच्चे अष्टम वर्ग उत्तीर्ण हुए हैं वे सभी बच्चों का नवम वर्ग में नामांकन करा लेने का आग्रह किया गया। मौके पर शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक ने अभिभावकों से कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। कम खाएं लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं। इस अवसर पर शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रजबुल अंसारी, उपाध्यक्ष मोइन अंसारी, शिक्षिका निर्मला कुजूर, प्रभा देवी, सुषमा कुमारी सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सिल्ली में 430 महिला किसानों के बीच धान बीज का वितरण

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में शनिवार को महिला किसानों के बीच धान बीज का वितरण सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस किसानों को कृषि कार्य में नई तकनीक के उपकरणों के साथ उत्तम किस्म के बीज की उपलब्धता सब्सिडी दर पर करते रहती है। धान के सीजन को देखते हुए पचास प्रतिशत अनुदान के दर पर हाइब्रिड किस्म के धान बीज का वितरण किया जा रहा है।जानकारी देते हुए बीपीएम जोवाकिम कंडिर ने बताया कि कार्यालय में अभी तक 3000 टन धान बीज का वितरण 430 किसानों के बीच किया गया। सभी किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज दिया गया है। किसानों ने कार्यालय में आवेदन के साथ अग्रिम राशि जमा की थी। जो धान की किस्म दिए गए हैं वह अरिजीत 6444, दररह 2, दररह 3, पनफ 24, एआर 64 के अलावा बादाम, मूंग की बीछ भी दिया गया। इस मौके पर एफटीसी सरिता कुमारी, रविंद्र महली समेत काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## एंबुलेंस से भिड़ीं तेज रफ्तार बाइक, बाईक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय-रांची मुख्य मार्ग पर तिरुफॉल के पास एंबुलेंस और बाइक की जबरदस्त भिड़ंत में बाईक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।एंबुलेंस सीसीएल पिपरवार के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल की थी जो रांची से बचरा आ रही थी। दुर्घटना के बाद एंबुलेंस पर सवार लोगों द्वारा घायलों को तुरंत बचरा अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद रांची रेफर कर दिया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एचएफ डिलक्स पर सवार तीन युवक काफी तेज रफ्तार में जा रहे थे जिसमें संतुलन बिगड़ने से बाईक ने एंबुलेंस को टक्कर मार दिया।घायलों की पहचान शिवनाथ महतो पिता बिहारी महतो,सुनील महतो पिता स्व. मनी महतो,सरहुल महतो पिता बरतु महतो तीनों ग्राम तिरु निवासी के रूप में हुई है। घटना की सुचना मिलते ही घायलों के परिजनों के साथ अन्य ग्रामीण तत्काल बचरा अस्पताल पहुंचे। घायल दो युवकों के हाथ और पैर में फ्रैक्चर आया है वहीं एक युवक के सिर में काफी चोट है। सभी घायलों की उम्र 18 से 20 के करीब बताई जा रही है।

# मुरी स्टेशन सड़क पर जल जमाव से राहगीर परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड के मुरी रेलवे स्टेशन चौक सड़क पर पहली बारिश में ही जल जमाव हो गया है, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जी हां - आपको बता दूं कि पुरूलिया रांची सड़क को ऊंचा कर मरम्मती किए जाने से पुरूलिया रांची मुख्यमार्ग से मुरी रेलवे जंक्शन जाने वाला सड़क नीचा हो गया, जिससे बरसात का पानी सड़क पर करीब एक फीट जम गया है। लोगों को मुरी बाजार, स्टेशन एवं हिंडाल्को कंपनी सड़क यातायात में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश होने की स्थिति में राहगीरों को पैदल भी चलना दुर्लभ हो जाएगा। इस सड़क के किनारे एक भी नाली का निर्माण नहीं कराया गया है और न ही सड़क का जल जमाव को निकासी करने का ही कोई व्यवस्था किया गया है। स्थानीय विधायक,सांसद एवं गांव की सरकार समय रहते ही उक्त सड़क पर जल जमाव को निकासी करने का व्यवस्था नहीं कराते हैं तो इस बरसात का मौसम में लोगों का काफी परेशानी झेलना पड़ेगा। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन जल जमाव को निकासी करने का पहल करें, ताकि लोगों को इस बरसात में आवाजाही में दिक्कतें नहीं झेलना पड़े ।

# अधूरी सड़क बनने से लोगों को परेशानी

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश युवा इंटक संगठन सचिव सह रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव कार्तिक चन्द्र महतो ने सड़क समस्या की जानकारी देते हुए बताया कि सिल्ली प्रखंड के अन्तर्गत पंचायत लोटा गांव सुरगुंजाडीह में सड़क अधूरा बनने से ग्रामीणों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी होती है। विशेषकर बरसात के दिनों में आने जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है। यहां तक वाहनों को पास के गांव मैना टोला लोटा में छोड़ना पड़ता है। और पगडंडी के सहारे गांव तक पहुंचना पड़ता है। महतो ने बताया कि मरीजों को मुख्य पथ तक चारपाई में ढोकर लाना पड़ता है। फिर उसे अस्पताल पहुंचाया जाता है। कई ग्रामीणों कि इलाज के अभाव में मृत्यु हो चुकी है।सुरगुंजाडीह गांव में कुरमी (महतो) एवं मुंडा जाति के लोग निवास करते हैं। इस गांव की लगभग 300 तक आबादी है। यह गांव सिल्ली प्रखंड कार्यालय से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर बसा है।इस गांव की सबसे बड़ी समस्या सड़क की है। ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को समाधान करने की प्रशासन से मांग की है।

## पिपरवार जीएम ऑफिस में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त कई कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई।इस समारोह की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने किया।समारोह में बचरा क्षेत्रिय अस्पताल के सीनियर डॉक्टर दीपक कुमार सहाय, सीसीएल कर्मचारी प्रमोद कुमार पाण्डेय,कामता प्रसाद सिंह,बिंगला गंझु के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी गई।इस समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को माला, श्रीफल,सेवा प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए जीएम सीबी सहाय सहित उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मियों के कार्यकुशलता की प्रशंसा करते हुए आगे के जीवन के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की।इस समारोह में मुख्य रूप से जीएम सीबी सहाय,स्टाफ ऑफिसर ईएंडएम एके पाठक,स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जेएसपी शर्मा,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा,प्रेमचन्द महतो,बिरेन्द्र महतो,भीम प्रसाद मेहता सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## तरवां में अच्छी वर्षा व उन्नत फसलों की पैदावार को ले आषाढी पूजा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में अच्छी वर्षा को लेकर किसान खेती करने का काम शुरू कर चुके हैं।कोयलांचल क्षेत्र के किचटो पंचायत अंतर्गत तरवां गांव में अच्छी वर्षा एवं उन्नत फसलों की पैदावार को लेकर परंपरागत रूप से आषाढी पूजा का आयोजन किया गया।इस पुजा के दौरान गांव के पाहन द्वारा गांव के मडेर स्थित सरना स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के बीच पाहन द्वारा विधि विधान के साथ अच्छी बारिश और उन्नत फसलों की पैदावार को लेकर विधिवत पूजा अर्चना की गई।इस संबंध में गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष अच्छी बारिश और उन्नत फसलों की पैदावार को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से यह पूजा कराया जा रहा है। मान्यता है कि अषाढ़ी पूजा कराने के बाद अच्छी वर्षा और उन्नत फसलों की पैदावार होती है,इसी आशा के साथ ग्रामीण इस पूजा को भक्ति भाव के साथ कराया।इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।ज्ञात हो कि बरसात शुरू होने के साथ ही कोयलांचल क्षेत्र के किसान अपने अपने खेतों में धान लगाने का काम शुरू कर चुके हैं धान की पैदावार के लिए अच्छी बारिश अति आवश्यक है।

## केनरा बैंक ने कस्तूरबा विद्यालय को वाटर कूलर प्रदान किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन कस्तूरबा आवासीय विद्यालय सिल्ली को केनरा बैंक अंचल कार्यालय रांची के द्वारा कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधि के अंतर्गत केनरा बैंक के महाप्रबंधक श्रीनाथ जोशी की उपस्थिति में वाटर कूलर प्रदान किया गया। महाप्रबंधक के विद्यालय में आगमन होते ही छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ तथा स्वागत गान गाकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात उनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आप पढ़ लिखकर आगे बढ़े और देश का नाम रोशन करें साथ ही साथ तीरंदाजी में भी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग ले। यह विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर अपना पहचान बना चुकी है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने छात्राओं के बीच उपहार स्वरूप कलम और कॉपी वितरित किया। उपहार पाकर छात्राएं काफी खुश नजर आ रही थी। कार्यक्रम से प्रभावित होकर उन्होंने छात्राओं समेत पूरे विद्यालय परिवार को केनरा बैंक की ओर से धन्यवाद दिया। इस मौके पर विद्यालय की वार्डन मेरी अल्मा रूंडा, शिक्षिका चंद्रिका कुमारी, नीलम बाटी तथा आईसीटी की प्रियंका महतो समेत सभी विद्यालय के सभी छात्राएं उपस्थित थी।

## आरकेएमयू ने की प्रबंधन के साथ बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के मगध एरिया में बन्द किये गये संडे ड्यूटी कटौती को लेकर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यानारायण के साथ बैठक की।इस बैठक मे युनियन के द्वारा संडे ड्यूटी कटौती का पुरजोर तरीके से विरोध किया गया, साथ ही पूर्व की भांति संडे ड्यूटी बहाल करने की मांग की गई। इस बैठक के दौरान टंडवा से जनरल शिफ्ट में काम करने वाले कामगारों के लिए एक शिफ्ट बस भी देने की मांग की गई।बैठक में प्रबंधन के द्वारा उक्त दोनों मांगों पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के क्षेत्रीय सचिव मोहम्मद जहूर, खुर्शीद आलम,मनिंद्र कुमार सिंह,इंद्रजीत पांडेय सहित कई मजदूर उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** गोंदलीपोखर मध्य एवं उच्च विद्यालय हेसल अनगड़ा, रांची के प्रांगण में हजारों पौधे लगाए गए।पौधरोपण कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के सचिव सह झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ0 अमर कुमार चौधरी, कमांडेंट एस0 डी0 शेरखाने और इंस्पेक्टर रवि शेखर ने संयुक्त रूप से पौधा लगाकर किया।यह पौधरोपण कार्यक्रम 26क्ष्ह शस्त्र सीमा बल (ऱ.ऱ.क्व) अनगड़ा रांची के सौजन्य से किया गया, इसके तहत विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे जैसे आम, अमरूद , आंवला,इमली आदि तथा गुलमोहर , अर्जून आदि छायादार पौधे लगाए गए। पेड़ लगाने के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार महतो एवं शिक्षकगणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पौधे एसएसबी के जवान और छात्र-छात्राओं ने लगाया। पौधों को देखरेख करने की जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं को दिया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा करमाली, शिक्षक सखीचंद महतो, अरुण कुमार महतो, बलराम महतो, मोहन महतो ,बृजलाल महतो, हरी लाल महतो,खेदना महतो,राजेंद्र महतो, धनेश्वर महतो, बिना तेरेसा तिर्की सहित सभी शिक्षक शिक्षाएं, एसएसबी के जवान और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नकली कीटनाशक दवाई बनाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बायर्स साइंस कॉरपोरेशन लिमिटेड महाराष्ट्र की प्रतिनिधि द्वारा सूचना दी है कि मोहम्मद हाशिम पिता मोहम्मद रमजान पता लफंगा बस्ती थाना पतरातू ( भदानीनगर ओ पी) जिला रामगढ़ के द्वारा अवैध रूप से इनके कंपनी के नाम से नकली कीटनाशक दवाई का पैकेट बनाकर कई दिनों से बेच रहा है इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया है और उसकी निर्देशअनुसार छापामारी दल का गठन किया गया । कंपनी के प्रतिनिधि और छापामारी दल के सहयोग से मोहम्मद हाशिम के घर पर छापेमारी की गई। तो उनके घर से सटे द्वारा इनके किराना दुकान में अत्यधिक मात्रा में बायर्स साइंस कॉरपोरेशन लिमिटेड महाराष्ट्र कंपनी के नकली कीटनाशक पैकेट बरामद की गई तथा नकली कीटनाशक की खाली पैकेट एवं पैकेट सील करने वाली मशीन एवं वजन करने वाली मशीन बरामद की गई सभी सामानों को विधिवत जप्त किया गया एवं मोहम्मद हाशिम पिता मो. रमजान लफंगा बस्ती पतरातू ( भदानीनगर ओ. पी.) जिला रामगढ को बायर्स साइंस कॉरपोरेशन लिमिटेड महाराष्ट्र कंपनी नकली कीटनाशक के पैकेट को बनाने एवं बेचने के आरोप में विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से जप्त समाज में से बायर्स कंपनी का नकली कीटनाशक भरा हुआ नकली पैकेट 5475 पीस , बायर्स कंपनी का नकली खाली पैकेट 4800 पीस , पैकिंग मशीन एक पीस , वजन करने वाली मशीन एक पीस , नकली किटनाशक पाउडर 18 किलोग्राम जप्त किया गया। इस छापेमारी दल में पु .अ.नि. राजदीप कुमार प्रभारी भदानीनगर ओ पी , स.अ.नि. नुतन आशीष तिर्की, स.अ.नि. संजय कुमार सिंह एवं भदानीनगर ओ पी के सशस्त्र बल शामिल थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर प्रबंधन समिति, आम्रेश्वर धाम की बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** पावन सावन के महीना में खूंटी के आम्रेशर धाम में लगने वाले श्रावणी मेला की तैयारियों के मद्येजर आज उपायुक्त, खूंटी शशि रंजन की अध्यक्षता में आम्रेश्वर धाम परिसर में प्रबंधन समिति, आम्रेशर धाम की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए प्रशासन और पुलिस 24 घंटे सक्रिय रहेगी। मौके पर धाम परिसर का भ्रमण कर की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संबंधित विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थाओं को पूरी तरह से सुदृढ़ कर लगातार निगरानी करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा एव सुरक्षा के लिए आम्रेश्वर घाम परिसर में कंट्रोल रुम की व्यवस्था की जाएगी। धाम परिसर में पुलिस पिकेट बनाया जाएगा। साथ ही दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। आम्रेश्वर घाम परिसर में खोया-पाया सेंटर स्थापित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं को चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित अंगराबाड़ी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधा के साथ 24 घंटे क्रियाशील बनाया जाएगा।

उन्होंने विद्युत विभाग के पदाधिकारी को बनई नदी से लेकर अंगराबाड़ी परिसर के आसपास निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं समुचित लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। संबंधित अधिकारियों को बनई नदी से लेकर मंदिर तक रोड के दोनों ओर झाड़ियों की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देशित किया उक्त पथ पर बन गये गड्ढ़े को भरवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आस-पास की साफ-सफाई, डस्टबीन, पेयजल की सुविधा, शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त करने का निदेश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मेला में लोगों की गतिविधियों की निगरानी पूर्व में लगाये गये सभी सीसीटीवी कैमरे की जांच कर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक, खूंटी अमन कुमार ने सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा करते हुए कहा कि मेले के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रबंधन समिति सहित पदाधिकारियों को पूरे कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करना होगा एवं मेले में लोगों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जानी चाहिए ताकि विधि व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने मेला में ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सहित सभी लोगों को आपसी समन्व्य के साथ अपने दायित्वों एवं कार्यों का निष्पादन करना होगा। उन्होंने कहा कि आमजनों की सुविधा के मद्देनजर सभी तरह की सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, परियोजना निर्देशक, आईटीडीए संजय कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अनीकेत सचान, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जीतेंद्र सिंह मुंडा सहित जिला के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, मुरहू एवं खूंटी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं आम्रेश्वर धाम प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रमेश मांझी, महामंत्री मनोज कुमार, श्रीपाल जैन, महेन्द्र, सत्यजीत कुंडू, विष्णुनंद तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## टाटा एआईए ने की यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान की शुरुआत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कंज्यूमर ऑब्सेशन के अपने मूल्य को सुदृढ़ करने के लिए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने व्हाट्सएप्प और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से डिजिटल भुगतान की शुरुआत की है। उद्योग में पहली बार उपलब्ध यह सुविधा व्हाट्सएप्प और यूपीआई-सक्षम भुगतान विकल्पों के माध्यम से तत्काल प्रीमियम भुगतान की सहूलियत प्रदान करती है। इस संबंध में टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और संचालन प्रमुख, संजय अरोड़ा ने कहा कि टाटा एआईए में हम अपने पॉलिसीधारकों को उनके पसंदीदा तरीकों का उपयोग करके सुविधाजनक, परेशानी मुक्त प्रीमियम भुगतान विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




## न्युवोको ने एएफआर प्रोजेक्ट के तहत सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाय



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, उत्पादन क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक, ने रिस्दा सीमेंट प्लांट (आरसीपी), छत्तीसगढ़ और निंबोल सीमेंट प्लांट (एनसीपी), राजस्थान में अपने अल्ट्रनेटिव फ्यूल रिसोर्स (एएफआर) प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा की। यह बड़ी उपलब्धि फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता कम करने और सीमेंट इंडस्ट्री में सस्टेनेबिलिटी अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए न्युवोको की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अल्ट्रनेटिव फ्यूल यानि वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के साथ, कंपनी फॉसिल फ्यूल के उपयोग को कम करने और इसके पर्यावरण पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों को कम करने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में जयकुमार कृष्णास्वामी, मैनेजिंग डायरेक्टर, न्युवोको ने कहा कि प्रोटेक्ट अवर प्लेनेट् के एजेंडे के हिस्से के रूप में, हम एएफआर प्रोजेक्ट को सस्टेनेबिल सीमेंट निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखते हैं।

## आईसीएआई जमशेदपुर शाखा ने मनाया 75वां सीए दिवस



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीए संस्थान आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) की जमशेदपुर शाखा द्वारा शनिवार को रूसी मोदी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परिसर में 75वां सीए दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईसीएआई जमशेदपुर शाखा के उपाध्यक्ष सीए सुगम सरायवाला ने अन्य सदस्यों के साथ झंडा फहरा कर किया। शाखा की अध्यक्ष सीए अंकिता अग्रवाल ने डिजिटल मीडिया के माध्यम से अपना संबोधन दिया। शाखा द्वारा रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष सीए अंकिता अग्रवाल ने कहा कि देश के सबसे पुराने पेशेवर संस्थानों में से एक इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की स्थापना के उपलक्ष्य में हर साल एक जुलाई को चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीए पंकज शिंगारी, सीए सिद्धार्थ खंडेलवाल, सीए योगेश शर्मा, सीए प्रभात सेक्सेरिया, सीए रमेश अग्रवाल, सीए जगदीश खंडेलवाल, बिश्वनाथ अग्रवाल, श्वेता खेतान, बिशाखा अग्रवाल, चेतन अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

## मारवाड़ी महिला मंच का राखी मेला 16 से 18 जुलाई तक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिलाओं को सशक्त करने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में 16 से 18 जुलाई तक होने जा रहा हैं जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मेला रोजाना सुबह 10 बजे से रात 09 बजे तक खुला रहेगा। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष बीना अग्रवाल एवं सचिव सीमा अग्रवाल ने शनिवार को संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी मेले में जमशेदपुर सहित चाईबासा, रांची, कोलकाता, मुंबई आदि शहरों की महिलाएं स्टॉल लगाने के लिए अपने उत्पादों का संग्रह लेकर आ रही हैं।

## झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने की श्राद्धकर्म के लिए मदद

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका प्रखंड अन्तर्गत हरिणा पंचायत के पहाड़ से घिरा सुदूरवर्ती ओतेझारी ग्राम निवासी सोहागी मुर्मू का विगत दिनों एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया था। इसके उपरांत वे अपने पति के साथ दो बेटी और 1 बेटा समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। श्राद्धकर्म के लिए झामुमो नेता महावीर मुर्मू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उसके घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। मृतक के पति मंगल मुर्मू को सूखा राशन देकर सहयोग किया। महावीर मुर्मू ने पीड़ित परिवार से कहा कि आगे भी हर संभव दुःख सुख में आप सभी के साथ रहूंगा। मौके पर झामुमो के पूर्व प्रखंड सचिव अवित्र सरदार, माटकु पंचायत के पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता बिल्टु हांसदा, डोमजुड़ी पंचायत समिति सदस्य सह झामुमो नेता जालिम मार्डी, कमल लोचन महतो (रिड़हू महतो), करण वीर कालिंदी, मनोज तांती, प्रतीक दिनकर, तपन मुर्मू, धनु मुर्मू आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## विवेक विद्यालय में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य व स्वच्छता पर कार्यशाला आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण में छात्राओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षिकाओं द्वारा प्राथमिक विभाग की 300 छात्राओं को उनके स्वास्थ एवं स्वच्छता के विषय से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को उम्र के साथ आने वाले उनके शारीरिक एवं मानसिक बदलाव के प्रति सचेत रहने एवं इस दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता एवं सतर्कता के नियमों का पालन करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा उनको गुड टच और बैड टच को पहचानने और बैड टच का विरोध करने की भी जानकारी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य अवधेश सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कार्यशालाओं के आयोजन से बहुत हद तक कम उम्र की छात्राओं के स्वास्थ संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

## वृंदावन के लिए निकली महिला 20 दिनों बाद घर वापसी नहीं, पति ने करायी प्राथमिकी दर्ज

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वृंदावन जाने की बात कहकर बीते 20 दिनों पूर्व घर से निकली गम्हरिया के सतवाहिनी के धिराजगंज निवासी 48 वर्षीय महिला टिंकू देवी अबतक वापस नहीं लौटी है। इस बावत उसके पति रासबिहारी बेरा द्वारा आदित्यपुर थाना में गुमशुदगी सम्बंधित शिकायत दर्ज कराई गई है। महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी अक्सर भक्ति भजन में जाने की बात कहकर जाती थी और दो-चार दिनों में वापस आ जाती थी। इस बार बीते 10 जून को वह वृंदावन जाने की बात कहकर घर से निकली। लेकिन अभी तक वापस नहीं आई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर उसकी खोजबीन में जुट गई है।

# जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्र चल रहें सहायिका के भरोसे

**सरायकेला- खरसावां जिले में कुल 1370 आंगनबाड़ी केंद्र में 25 पद सेविका और 21 सहायिका पद रिक्त**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** एक ओर सरकार द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को जहां हाईटेक बनाने का प्रयास किया जा रहा है, वही जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्र सेविका विहीन चलाया जा रहा है। जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए वर्षो से सेविका का चयन नहीं किए जाने से सहायिका के भरोसे संचालित हो रहा है। गौरतलब है कि जिले में कुल 1370 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत है जिसमें सरायकेला परियोजना में 118, खरसावां में 173, कुचाई में 129, राजनगर में 230, आदित्यपुर में 248, चांडिल में 165, नीमडीह में 133, ईचागढ़ में 118 और कुकड़ु परियोजना में 81 आंगनबाड़ी केंद्र है। इसमे खरसावां परियोजना में दो, कुचाई में 1, राजनगर में 7, आदित्यपुर में 6, चांडिल में 2, नीमडीह में 1, ईचागढ़ में 4 और कुकड़ु परियोजना में 2 सेविका का पद रिक्त है। इसी प्रकार सरायकेला परियोजना में 1, खरसावां में 1, कुचाई में 3, राजनगर में 10, आदित्यपुर में 5 और नीमडीह में 1 सहायिका का पद भी खाली पड़ा है। ऐसे में उन केंद्रों में शिक्षा ग्रहण कर रहे नौनिहालों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगता प्रतीत हो रहा है। इन केंद्रों में रिक्त पड़े सेविका या सहायिक के चयन हेतु प्रशासनिक स्तर पर कई वर्षो से कोई पहल नही की गई है। आदित्यपुर परियोजना अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड के मुड़िया पंचायत में वर्ष 2008 में प्रारम्भ किए गए आंगनबाड़ी केंद्र में 15 वर्षो बाद भी सेविका का चयन नहीं हो सका है और सहायिका ही अब तक उक्त केंद्र को संचालित कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2008 में ही उक्त आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका चयन के लिए ग्राम सभा हुई थी जिसमें विवाद उत्पन्न हो गया था। उसके बाद अबतक चयन हेतु प्रक्रिया शुरू नही की गई है। इससे उक्त केंद्र में अध्ययनरत नौनिहाल प्रारम्भिक बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने से बंचित हो रहे हैं।

## सरदार पटेल कॉलेज को मिला इंडियन नर्सिंग काउंसिल की मान्यता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सरदार पटेल ग्रुप ऑफ एजुकेशन, गालुडीह को सत्र 2023-24 के लिए इंडियन नर्सिंग काउंसिल से मान्यता मिल गई है। यह संस्थान झारखण्ड परिचारिका निबंधन परिषद से पहले से ही मान्यता प्राप्त है। कॉलेज में एएनएम /जीएनएम के कोर्स करायी जाती है। संस्थान के निर्देशक उपेन्द्र प्रसाद ने बताया कि इस क्षेत्र के छात्रों को नर्सिंग कोर्स करने के लिए शहर से दूर जाना पड़ता था जिससे से छात्र पढ़ाई नही कर पाते थे। अब उन्हें गालूडीह में ही नर्सिंग कोर्स करने कि सुविधा प्राप्त हो सकेगी। संस्थान गरीब तथा एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति की सुविधा भी दी जाती है। मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल जसमीत टुडू एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# विस्थापित ने विकास भवन आदित्यपुर कार्यालय किया हुड़का जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सराइकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर स्थित सुवर्णरेखा परियोजना विकास भवन के समक्ष चांडिल डैम विस्थापितों ने अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले 84 मौजा के 116 गांव के विस्थापित द्वारा पुराना कार्यालय अधीक्षण परिसर चांडिल में 16 दिन से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। विगत 129 दिन से गोविंदपुर खीरी निवासी मनोहर महतो आदित्यपुर विकास भवन पुनर्वास कार्यालय के सामने अनशन पर बैठे हैं। आज आंदोलन के दूसरा अध्याय में आदित्यपुर कार्यालय का गेट जाम तथा तालाबंदी का कार्यक्रम है। आंदोलन का तीसरा चरण 5 जुलाई को इचागढ़ विधायक सविता महतो तथा जल संसाधन विभाग हेमंत सोरेन का पुतला दहन के साथ धरना स्थल से चांडिल बांध तक विस्थापित महारैली का कार्यक्रम रखा गया है। मौके पर राकेश रंजन महतो, फुल चांद महतो,विवेक सिंह, आस्तिक महतो, विष्णु पौधों महतो सीताराम महतो, अरुण दीवार, मुगल गोप, गोपेश महतो, बाबूलाल गोप, नारद महतो, विधु वाला महतो, गीता रानी महतो ,मुन्नीदेवी महतो,एवं सैकड़ों की मात्रा में महिला पुरुष उपस्थित थे।



## सीबीएसई ने सीनियर सेकेंडरी के लिए जुस्को स्कूल साउथ पार्क की संबद्धता 2029 तक बढ़ाई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिस्तुपुर स्थित जुस्को स्कूल साउथ पार्क को सीबीएसई द्वारा 2029 तक सीनियर सेकेंडरी के लिए सामान्य संबद्धता का विस्तार दिया गया है। यह अवधि 5 साल के लिए होगा जो मार्च 2024 से लागू होगा। स्कूल ने प्रबंध ट्रस्टी, रुचि नरेंद्रन और प्रशासक, जेईएम ए एफ मैडन के मार्गदर्शन में अनुपालन के लिए ऑनलाइन आवेदन, प्रमाणपत्र अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने स्कूल प्रबंध समिति को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और इस उपलब्धि के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

## स्कूटी से गिरने से दो महिला जख्मी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मार्ग पर गम्हरिया बीको मोड़ के समीप स्कूटी से गिरने से उस पर सवार दो महिलाएं घायल हो गई। मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस द्वारा दोनों घायल महिलाओं को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। शानिवार को दोपहर हुई इस दुर्घटना के बावत प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक ही स्कूटी पर सवार दोनों महिलाएं गम्हरिया से आदित्यपुर की ओर जा रही थी। इसी क्रम में बीको मोड़ के समीप बीच सड़क पर बने बम्पर से टकराकर स्कूटी उछल गई जिससे अनियंत्रित होकर दोनों महिलाएं गिरकर घायल हो गई।

## मेरठ में मयराष्ट्र नवरत्न काव्य चेतना सम्मान से नवाजी जाएंगी कवयित्री अंकिता सिन्हा आज

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** हिन्दी साहित्य अकादमी के मेरठ संभाग के तत्वावधान में 2 जुलाई को आयोजित कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह में जमशेदपुर की कवयित्री अंकिता सिन्हा सहित देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे 21 नव कवियों को मयराष्ट्र नव रत्न काव्य चेतना सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान डॉक्टर हरिओम पवार के हाथों दिया जाएगा। कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन मेरठ के आईआईएमटी कॉलेज में किया गया है। कवयित्री अंकिता सिन्हा को यह सम्मान मिलना जमशेदपुर और झारखंड के लिए गौरव की बात है। कवयित्री अंकिता सिन्हा ने देश के लोकप्रिय संस्था हिन्दी साहित्य अकादमी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि नन्ही कोपलों में हौसलों की उड़ान देने का सराहनीय कार्य किया हैं। उन्होंने अनामिका जैन अंबर और संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ जैन सुमन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं राष्ट्रीय महासचिव उमंग गोयल का भी आभार व्यक्त किया है।

# कॉमर्स स्ट्रीम कोर्स के बाद अकाउंट्स व फाइनेंस में करियर के काफी मौके : ऋषि अरोड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता


**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपने स्थापना दिवस उत्सव को आगे बढ़ाते हुए पांचवे दिन शनिवार को सीए डे के अवसर पर करियर काउंसलर इन कॉमर्स स्ट्रीम कार्यक्रम के तहत क्लास 11 एवं 12 के बच्चो के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमे 150 से अधिक बच्चो ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम एआईडब्ल्यूसी अकादमी ऑफ एक्सीलेंस स्कूल बारीडीह मे सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए ऋषि अरोड़ा ने विस्तार से कॉमर्स स्ट्रीम के कोर्स के बारे मे जनकारी देते हुए कहा कि यह कोर्स करने के बाद बैंकिंग लॉ, कंज्यूमर प्रोटेक्शन लॉ, इंडस्ट्रियल लॉ, कंपनी लॉ आदि की पढ़ाई करके अपनी इनकम बढ़ा सकते हैं। इस कोर्स से बच्चे 12 क्लास के बाद अपना करियर बना सकते है, क्योंकि इस कोर्स के बाद अकाउंट्स और फाइनेंस में करियर के काफी मौके होते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे स्कूल की प्रिंसिपल जसप्रीत कौर गिल, शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, सचिव अंशुल रिंगसिया, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, आनंद अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, मेघा चौधरी, प्रतीक अग्रवाल, विनीत बोरा, विजय सोनी, उत्कर्ष अग्रवाल, शिव चौधरी, अमित अग्रवाल, आदित्य जाजोडिया आदि का योगदान रहा।



# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर करीम सिटी कॉलेज एनएसएस इकाई का रक्तदान शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शनिवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य पर करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा जमशेदपुर ब्लड बैंक, धतकीडीह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रेयाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ.इंद्रसेन सिंह, परीक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ बीएन त्रिपाठी, एवं राजनीतिक विज्ञान के शिक्षक तनवीर जमाल काजमी उपस्थित थे। रक्तदान की महत्ता को समझते हुए एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों ने शिविर के आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर में सैमुएल कर्माकर, गौरव रॉय, अपूर्वो डे, सुनील सूना, मोहित कुमार डे, रौनक काबरा ने रक्तदान किया। कुल 13 यूनिट रक्तदान हुआ। इस शिविर में कोल्हान यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक अब्दुल कादिर, रोहित कुमार कर, स्नेहा रॉय, नम्रता श्रीवास्तव,अमीषा, स्नेहा कुमारी, प्रतिमा दास सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाया।




# एलआईसी जोनल ट्रेनिंग सेन्टर के निदेशक ने अंशु को किया 'योग पुरुष' से विभूषित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कदमा स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र (जेडटीसी) के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग गुरू, सरकार योग एकेडमी के संचालक अंशु सरकार को 'योग पुरुष' की उपाधि से विभूषित किया. यह उपाधि एलआईसी के ट्रेनिंग सेंटर निदेशक (झारखंड, बिहार व उड़ीसा) विवेकानन्द प्रधान एवं एडिश्नल डायरेक्टर शकुंतला मुर्मू ने ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया. श्री सरकार द्वारा 12 वर्षो से भी अधिक समय से प्रशिक्षण केन्द्र में झारखंड, बिहार, ओड़िसा से आनेवाले एजेंट, कर्मचारी, अधिकारी एवं साथ ही उनके पूरे परिवार को योग प्राणयाम मुद्राएं एवं ध्यान के जरिए बिना दवा के स्वस्थ्य व निरोग रहने में सहयोग करने के लिये किया गया. सम्मान समारोह में सीनियर फैकल्टी मेम्बर बी पी लेंका, बी एल दास, टी मिंज, कुंडल राव, डी पी स्वैन एवं अन्य स्टाफ सदस्यों में धर्मेन्द्र कुमार, भाष्कर मिश्रा, ए वी एन श्रीधर कुमार, सर्वेश्वर पुरन, वाई लोकनाथ, एस के घोषाल सहित अजय कुमार प्रधान, हरिहर प्रधान, बाबूलाल प्रसाद सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।



## शादी का खर्चा बोझ न बने, इसलिए यहां घर-घर से देते पत्तल, पैसे व चावल

# आदिवासी गांवों में आज भी शादी में सहयोग की परंपरा बरकरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** भले ही हम आधुनिक युग में जी रहे हों और परंपराएं पीछे छूट गई हों, लेकिन गांवों में आज भी बहुत कुछ नहीं बदला। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग, खासकर आदिवासी समुदाय आज भी अपनी परंपरा को नहीं भूला है। यहां सदियों से चली आ रही पूर्वजों की परंपरा व संस्कृति आज भी जिंदा है। पूर्वी सिंहभूम जिले के गांवों में इन परंपराओं को आज भी शिद्दत से निभाया जा रहा है। इन्हीं परंपराओं में से एक है शादी ब्याह में एक-दूसरे का सहयोग करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा, जो आज हमारे-आपके लिए अनोखी सी लगती है। जी हां, गांवों में आज भी शादियां किसी भी परिवार के लिए आर्थिक बोझ का कारण नहीं बनती, क्योंकि यहां सदियों से चली आ रही परंपरा के मुताबिक शादी में एक-दूसरे की मदद की जाती है। जिले के नक्सल प्रभावित पटमदा के जामडीह गांव की बात ले लीजिए। यहां बीते मंगलवार को एक शादी समारोह हुआ। भूमिज आदिवासी परिवार के दीनबंधु सिंह की बेटी की इस शादी के लिए गांव के एक-एक परिवार ने शादी समारोह में 10-10 पत्तल (साल के पत्तों से निर्मित), 10 रुपये और 2 पोइला (ढाई किलो) चावल का सहयोग किया। यह सहयोग किसी एक परिवार को नहीं किया जाता और न ही किसी जरूरतमंद को। यहां अमीर के घर भी शादी होती है तो ग्रामीण परंपरा के मुताबिक इतना सहयोग निश्चित ही किया जाता है। इस गांव में इस परंपरा के कारण किसी भी परिवार को पत्तल बाजार से खरीदना नहीं पड़ता है, गांव वाले ही ही पत्तल बनाकर दे देते हैं। हर घर से दस पत्तल शादी वाले घर जाता है। समाजसेवी शरत सिंह सरदार बताते हैं कि इस परंपरा से शादी वाले घर में आर्थिक दबाव नहीं रहता और गांव वालों की सहभागिता भी शादी में सुनिश्चित हो जाती है। पत्तल के साथ-साथ हर घर से नकद 50 रुपये भी शादी वाले परिवार को मदद के तौर पर दिया जाता है। वहीं चावल भी घर-घर से दिया जाता है। इसके अलावे सामर्थ्य के अनुसार लोग खस्सी भी दे देते हैं। यही वजह है कि महंगाई के इस युग में भी गरीब परिवारों में भी आयोजित शादी समारोह में खस्सी का भोज खिलाया जाता है। पोकलाबेड़ा निवासी मकर सिंह बताते हैं कि चाहे गरीब हो या संपन्न सभी लोग गांव में होने वाली शादी (लड़का-लड़की दोनों में) के लिए विवाह गीत गाते हुए जंगल से पत्ता चुनकर लोग लाते हैं और पत्तल तैयार करते हैं। यह परंपरा समृद्ध है और अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायक है। पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र के लगभग हर गांवों में ही इस तरह की परंपरा है जो बेहतर है।



## रेलवे इंटर कॉलेज के ईएलसी सदस्यों को एसएसआर 2024 के संबंध दी गई जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** साउथ ईस्टर्न रेलवे इंटर कॉलेज सीनी के आई एल सी सदस्यों को एसएसआर 2024 के मद्दे नज़र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, नाम हटाने सहित अन्य किसी भी प्रकार संशोधन के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार इन सब प्रक्रिया को विभिन्न प्रकार के एप के माध्यम से किया जा सकता है। नाम दर्ज कराने के लिए चार अर्हता तिथि वर्ष के 1 जनवरी, 1अप्रैल, 1जुलाई एवम 1अक्तूबरके सम्बंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर ए ई आर ओ सह अंचल अधिकारी सरायकेला सुरेश कुमार सिन्हा आदि थे।

## संपादकीय

# टमाटर की कालाबाजारी

**आज** टमाटर देश के खुदरा बाजार में और रेहडियों पर 100-140 रुपए प्रति किलोग्राम बेचा जा रहा है, तो वह दौर याद आने लगता है, जब कृषि मंडियों के सौदागरों ने किसान का टमाटर मात्र 1-2 रुपए प्रति किलो खरीदने का भाव दिया था। यह कोई पुराना दौर नहीं है। अभी 3-4 माह ही बीते हैं, जब किसानों का ऐसा आर्थिक शोषण और मानसिक उत्पीडन किया गया। किसान को 'मुफ्त का प्राणी' समझा गया। उसे फसल का उचित मूल्य देने की बजाय मात्र 2 रुपए अथवा 10 रुपए के चेक देकर अपमानित किया गया। वे भी 15 दिन बाद के चेक... ! कुछ मामले ऐसे सामने आए कि मंडियों के आढ़तियों ने गोल-मोल हिसाब करके किसान से ही भुगतान की मांग की। किसान आज भी आढ़तियों के मोहताज हैं, लिहाजा उनके जाल में फंसे हैं। नतीजतन किसान की आमदनी कैसे बढ़ सकती है? हम उन 86 फीसदी किसानों की बात कर रहे हैं, जिनके पास मात्र 2 हेक्टेयर जमीन है या वे खेतिहर मजदूर हैं। ऐसे हालात में किसान आत्महत्याएं करने पर विवश न हों, तो वे क्या करें? घर-परिवार कैसे चलाएं? अगली फसल कैसे बोएं? आढ़ती से उधार लेते रहें, तो एक दिन इतने कर्जदार हो जाएंगे कि सब कुछ नीलाम हो सकता है! किसी भी सरकार ने न तो तब हस्तक्षेप किया और न ही अब इस कालाबाजारी को रोक पा रही है। बेचारे किसानों को टमाटर सडक़ों पर फेंकना पड़ा अथवा उसने अपनी ही फसल को ट्रैक्टर तले कुचल दिया। लागत गई, फसल नष्ट हो गई, लेकिन बाजार के जमाखोरों की बल्ले-बल्ले होती रही है। टमाटर, प्याज आदि एक निश्चित मौसम में अचानक महंगे कर दिए जाते हैं। न जाने कौन-सी नियामक शक्ति यह फैसला लेती है और टमाटर देश भर में 100-140 रुपए प्रति किलो बिकने लगता है! राजधानी दिल्ली के कई बाजारों में टमाटर 90-140 रुपए किलो बेचा जा रहा है। जून के पहले पखवाड़े तक टमाटर 30-35 रुपए किलो मिल रहा था। अचानक 80, 100 और फिर 140 रुपए प्रति किलो के भाव में बेचा जाने लगा। खुदरा विक्रेता का एक ही बहाना है कि मंडी से ही महंगा आ रहा है। फिर दलीलें दी जाने लगीं कि बारिश के कारण टमाटर की सप्लाई अवरुद्ध हुई है, लिहाजा टमाटर कम हो गया है, नतीजतन महंगा बिक रहा है। भारत के कई राज्य टमाटर बोते हैं और साल में दो फसलें मिलती हैं। अनुमान है कि इस बार 2 लाख टन टमाटर पैदा हुआ है। वह संपूर्ण फसल कहां गई? यदि टमाटर महंगा बेचा जा रहा है, तो क्या इसका फायदा किसानों को भी मिलेगा? हमारा जवाब है कि बिल्कुल भी नहीं। यदि मंडियों के सौदागर कुल मिला कर 10 रुपए किलो के भाव से टमाटर खरीदते और फिर भी 120-140 रुपए में बेचा जाता, तो बीच का बाकी पैसा किसकी जेब में जाता? जाहिर है कि जो व्यापारी टमाटर की कालाबाजारी और जमाखोरी से जुड़े हैं, उनकी तिजौरियों में ही जाता। यह वाहियात दलील भी दी जाती रही है कि किसान टमाटर की फसल नष्ट करने की बजाय कोल्ड स्टोरेज में जमा रखे और सही अवसर पर अपनी फसल बेचे, तो उसे ज्यादा मुनाफा मिल सकता है, लेकिन मंडी कानून में अलग ही प्रावधान हैं कि लाइसेंस प्राप्त मंडियों से ही खरीद की जा सकती है। किसान खुले बाजार में फसल बेच सके, इसका तो कानून लाया गया था, जिनके विरोध में करीब एक साल तक किसान आंदोलन चलाया गया। अंततः प्रधानमंत्री को वे तीनों कानून वापस लेने पड़े और संसद के जरिए उन्हें खारिज करना पड़ा। टमाटर सलाद में भी खाया जाता है और सब्जियों में भी डाला जाता है। टमाटर हर रसोई और घर के लिए जरूरी है। यदि एक किलो टमाटर खरीदने वाला 250 ग्राम ही खरीदने लगे, तो उसके मायने ये भी होंगे कि आम आदमी अपना खर्च कम करता जा रहा है। उसके असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेंगे, क्योंकि भिंडी, अदरक, मिर्च, फूल गोभी के साथ-साथ तुअर और अरहर की दालें भी महंगी हैं। बहुत कुछ महंगा है, लिहाजा सरकार जो खुदरा महंगाई दर 4.25 फीसदी प्रचारित कर रही है, वह नकली लगती है। आगामी लोकसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है। लगता है इस बार महंगाई चुनाव का मुख्य मुद्दा बनेगी।

> जून के पहले पखवाड़े तक टमाटर 30-35 रुपए किलो मिल रहा था। अचानक 80, 100 और फिर 140 रुपए प्रति किलो के भाव में बेचा जाने लगा। खुदरा विक्रेता का एक ही बहाना है कि मंडी से ही महंगा आ रहा है। फिर दलीलें दी जाने लगीं कि बारिश के कारण टमाटर की सप्लाई अवरुद्ध हुई है, लिहाजा टमाटर कम हो गया है, नतीजतन महंगा बिक रहा है। भारत के कई राज्य टमाटर बोते हैं और साल में दो फसलें मिलती हैं। अनुमान है कि इस बार 2 लाख टन टमाटर पैदा हुआ है। वह संपूर्ण फसल कहां गई? यदि टमाटर महंगा बेचा जा रहा है, तो क्या इसका फायदा किसानों को भी मिलेगा? हमारा जवाब है कि बिल्कुल भी नहीं।

## कुछ अलग

# हिमाचल में ऋण की मजदूरी

**ऋण** के भंवर में हिमाचल की हस्ती का आलम यह है कि कमोबेश हर सत्ता को नाखून चबाने पड़ते हैं। यह विडंबना है कि सरकार नाखून चबाए और जनता नाखून बढ़ाए। ये ऐसी ख्वाहिशों के नाखून हैं जो हर सरकार को छीलती हैं और फिर चुनाव आने तक सियासत का लहू चूसती हैं। वर्तमान सरकार का ही हवाला लें, तो साल की सीमा में 4200 करोड़ का कर्ज उठाने की मोहलत में विकास की किश्तियां सफर पे निकली हैं। कर्ज कभी पीछे मुड़ के नहीं देखता और न ही उधार की विरासत में फूल खिलते हैं। कोई यह मानने को तैयार नहीं कि हिमाचल ने अपने संसाधनों की किश्ती हर बार यूं ही नहीं डुबोई, बल्कि यहां सरकारी नौकरी के राजघराने ने हर दौर में डाके डाले हैं। ये डाके समाज की फितरत में अधिकृत हैं और जहां सरकारें मजदूरी करती हैं। अपनी जनता के सामने कमोबेश हर सरकार ने उदारता के हर पहलू को सरकारी तंत्र के खेत में बोया, नतीजा यह कि हर बार कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन की अदायगी केवल राज्य के लिए उधार की एक किस्त बन जाती है। एक ओर खिलखिलाता हुआ हिमाचल, तो दूसरी ओर सरकारी खजाने के खर्च में कुम्हलाता हुआ हिमाचल। इस स्थिति के दोषी तलाशेंगे, तो एक साथ कई सरकारें और जनता तमाशबीन नजर आएगी। इसका एक अर्थ यह भी कि हिमाचल को अर्थ शास्त्र का ज्ञान नहीं या यह भी कि राजनीति में आर्थिक सरोकार ही पैदा नहीं हुए। केंद्रीय योजनाओं के भरोसे आर्थिक टोने-टोटके करती ब्यूरोक्रेसी ने ऋणों का साम्राज्य या उधार का एक मजहब हमें सौंप दिया। इस मजहब के हम सब पात्र हैं। जब हम सरकारी नौकरी में ही भविष्य परोसेंगे, तो यह ऋण लेने का मजहब है। पूरा प्रदेश इस प्रयास में है कि किसी की जेब से 'न हींग लगे, न फटकरी और रंग भी चौखा निकले। हम यही आशा प्रेम कुमार धूमल व वीरभद्र सिंह के बाद अब सुखविंदर सिंह सुक्खू से कर रहे हैं। इसलिए हिमाचल में मुख्यमंत्री का पद हमेशा जनता का कर्ज उतार कर प्रदेश को सौंप देता है। इसी महीने आठ सौ करोड़ का ऋण भी हमें ओवरड्रॉफ्ट के दुष्चक्र से नहीं बचा सका, तो हमारी वित्तीय व्यवस्था कुछ सबक लेने की हिदायत कर रही है। एक बार फिर लोन की प्रक्रिया में हम राज्य की जिस तस्वीर को बचा रहे हैं, वहां सरकारी वेतन, भत्ते और पेंशन के अधिकार में राज्य को कर्जदार बना रहे हैं। ऐसे में क्या और कब तक हिमाचल का नागरिक समाज आंखें मूंद कर बैठा रहेगा। आश्चर्य होता है कि इस प्रदेश में कहीं किसी नगर परिषद को गृहकर की दरें समेटनी पड़ रही हैं, तो कहीं पूरा व्यापार मंडल सात माह का गारबेज शुल्क माफ करवाकर अपना रुतबा बढ़ा रहा है। हम यानी हिमाचली जनता कर रुतबा हर बार राज्य के बजट में इसलिए बढ़ता है, क्योंकि हमें कोई नए, अतिरिक्त या बढ़े हुए शुल्क नहीं देने पड़ते, जबकि दूसरी ओर हमारे खराजात को ढोता राज्य और कर्ज उठा लेता है। हमने विश्वविद्यालय, कालेज, स्कूल, अस्पताल और मेडिकल कालेज इतने बढ़ा लिए कि अब गुणवत्ता पर चर्चा ही नहीं, बल्कि इन संस्थानों के नखरे उठाने के लिए राज्य को उधार की भीख चाहिए। क्या हमारा विकास, आर्थिक विकास के जरिए खजाने को आत्मनिर्भर नहीं बना सकता। क्या हम स्वरोजगार के सरोकार अपनी शिक्षण व्यवस्था को सौंप कर इसका ढांचा बना पाए। क्या हम जनसहयोग के रास्ते पर प्रदेश को खड़ा कर पाए या कभी सोचा कि कर प्रणाली के जरिए मानव संसाधन को आत्मनिर्भर बनाएं। दरअसल हिमाचल की सियासत ने अपना मूल्य इतना बढ़ा दिया कि मतदाता भी हर चुनाव की बोली में महंगा हो गया। सरकारें मिशन रिपीट के सिंड्रोम में कर्ज उठा रही हैं, जबकि सियासत के वर्तमान ढर्रे को तोडक़र ही कर्ज की फांस से राहत मिलेगी। हिमाचल में कड़े और कठिन फासलों की राह, कर्ज की राह से लंबी हो चुकी है, यह प्रदेश को फैसला करना है कि किस रास्ते पर चलते हुए कर्ज को पछाड़ा जाए।

## राजनीतिक दल चाहता है कि वह सत्ता प्राप्त करे और उसके बाद अपनी विचारधारा के अनुसार प्रशासन को चलाए

# विपक्षी एकता की कवायद

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> लालू ने कहा था कि 'राहुल बाबू, उम्र बढ़ रही है, दुनियादारी तो चलती रहती है। अब शादी करा लो और घर गृहस्थी बसा लो।' कहीं इसका यह अर्थ तो नहीं कि राजनीति तुम्हारे बस का खेल नहीं है। अपना परिवार ही बना लो। लालू ने तो यह बात आज कही है, लेकिन लगता है कि सोनिया गांधी और उसके सलाहकारों को यह बात कुछ साल पहले ही समझ में आ गई थी। शायद इसीलिए ग्याहरवें खिलाड़ी प्रियंका गांधी को भी मैदान में बुला लिया गया था।

**आगामी** लोकसभा के चुनाव 2024 में होंगे। लेकिन उसकी आहट से सभी दल परेशान हैं। परेशानी दो प्रकार की है। पहली राजनीतिक और दूसरी पारिवारिक। लेकिन दोनों आपस में जुड़ी हुई हैं। राजनीतिक परेशानी तो स्पष्ट समझ में आती है। हर राजनीतिक दल चाहता है कि वह सत्ता प्राप्त करे और उसके बाद अपनी विचारधारा के अनुसार प्रशासन को चलाए। लेकिन यदि कुछ दलों को लगता हो कि अपने बलबूते चुनाव में जीत हासिल करना नामुमकिन है तो कुछ राजनीतिक दल एक सांझी टीम बना कर भी चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन उसके लिए जरूरी है कि उनकी विचारधारा और दिशा आपस में मिलती हो। पिछले कुछ महीनों से देश के अनेक राजनीतिक दल आने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ इसी प्रकार की सांझी टीम बनाने की कवायद में जुटे हुए थे। यह सांझी टीम बनाने के लिए अनेक नेता अपने अपने तरीके से देश भर में घूम कर माहौल को सूंघ रहे थे। बंगाल की ममता बनर्जी, तेलंगाना के के चन्द्रशेखर राव, दिल्ली के अरविन्द केजरीवाल ने इसके लिए लम्बी यात्राएं कीं। लेकिन मामला जम नहीं रहा था। उसका कारण सोनिया कांग्रेस को लेकर था। सांझी टीम में सोनिया गान्धी की कांग्रेस को शामिल किया जाए या न? ज्यादातर दल इस सांझी टीम में कांग्रेस को शामिल करने के पक्षधर नहीं थे। इसलिए जिस सांझी टीम को जन्म देने के प्रयास हो रहे थे, उसे राजनीतिक शब्दावली में तीसरा मोर्चा कहा जा रहा था। यानी पहला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का, दूसरा मोर्चा सोनिया गान्धी की कांग्रेस का और तीसरा मोर्चा सांझी टीम बनाने के अनेक प्रयासों में जुटे दूसरे राजनीतिक दलों का। वैसे तो सैद्धान्तिक तौर पर इन सभी दलों को कांग्रेस को भी सांझी टीम में रखने में कोई एतराज नहीं है। लेकिन सोनिया कांग्रेस इस टीम की कप्तान बनना चाहती थी और कांग्रेस को कप्तानी देने में किसी भी दल की रत्ती भर भी रुचि नहीं थी। ऐसा नहीं कि सांझी टीम बनाने का प्रयास कर रहे इन राजनीतिक दलों में कप्तान को लेकर आपस में भी कोई सहमति बन गई हो। कप्तान कौन हो, इस प्रश्न से तो ये राजनीतिक दल किसी भी तरह बचने का ही प्रयास कर रहे थे। लेकिन इस बात पर सभी सहमत थे कि कांग्रेस को तो सांझी टीम की कप्तानी किसी भी हालत में नहीं सौंपी जा सकती। लेकिन पिछले दिनों भारत की राजनीति में दो ऐसी घटनाएं हुईं जिससे पूरे परिदृश्य में गणनात्मक परिवर्तन हुआ। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में हुए चुनावों में सोनिया कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को हरा कर उससे सत्ता छीन ली। उससे वातावरण बदला। सोनिया कांग्रेस के भीतर



भी राजनीतिक प्राण वायु का संचार हुआ। पार्टी के भीतर भी हलचल हुई। इसलिए निर्णय किया गया कि सोनिया गान्धी के सुपुत्र राहुल गान्धी को देश भर में घूमना फिरना चाहिए। आखिर जो भी किसी टीम का कप्तान बनना चाह रहा हो, उसका व्यक्तित्व कम से कम कप्तान की तरह का दिखना तो चाहिए। इसलिए राहुल गान्धी तथाकथित पैदल यात्रा पर निकल पड़े। इस यात्रा को भारत जोड़ो यात्रा का नाम दिया गया। मीडिया का फोकस राहुल गान्धी की चालढाल, वेशभूषा, खानपान पर रहे, इसका ध्यान रखा गया। बीच में राहुल गान्धी को एक ट्रक पर भी बिठाया गयाॅ। हवा बनने लगी कि राहुल गान्धी भी कप्तान बन सकते हैं। यह भी अफवाह फैला दी गई कि कर्नाटक में कांग्रेस ने जो चुनाव जीते हैं उसका कारण राहुल गान्धी की भारत जोड़ो यात्रा ही है। इसका सांझी टीम बनाने वालों की मानसिकता पर भी प्रभाव पड़ा। उनको भी लगा कि टीम में कांग्रेस को भी शामिल करना चाहिए। उधर कांग्रेस ने इसका अर्थ यह निकाला कि हमारे बिना राजनीतिक धरातल पर कोई सांझी टीम बन ही नहीं सकती। यदि ऐसी टीम बनाई भी गई तो वह बेकार सिद्ध होगी। इस नए वातावरण का लाभ उठाकर सांझी टीम बनाने के लिए कुछ ऐसे लोग भी प्रकट होने लगे जिनकी अपनी झोली खाली थी। फिलहाल बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाले हुए बाबू नीतीश कुमार उन्हीं लोगों में शुमार हैं। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, शरद पवार जब विपक्षी एकता की फुलझडियां जलाने की कोशिश करते थे तो सांझी टीम में शामिल दूसरे खिलाडियों को एक डर सताता रहता था। मसलन उत्तर प्रदेश में लोकसभा की अस्सी सीटें हैं। यदि गठजोड़ का लाभ उठाकर अखिलेश यादव पचास साठ सीटें जीत गए तो जोड़ तोड़ में प्रधानमंत्री की दावेदारी ठोंक देंगे। इसी प्रकार का डर ममता बनर्जी या शरद पवार से लगा रहता था। इसलिए भीतर ही भीतर सांझी टीम बनने से पहले ही टूट जाती थी। उसका निराकार स्वरूप साकार नहीं हो पाता था। लेकिन बिहार के नीतीश कुमार से ऐसा खतरा किसी को भी नहीं है। पुराने जमाने में मुगल राजा अपने हरम की रक्षा के लिए उनको नियुक्त करते थे जिनकी मेडिकल रपट आ जाती थी कि इससे कोई खतरा हरम को हो ही नहीं सकता। सत्ता रूपी हरम का पहरेदार नीतीश कुमार बनते हैं तो सभी आश्वस्त हैं कि इससे उनके सत्ता रूपी हरम को कोई खतरा नहीं हो सकता। क्योंकि उनकी पार्टी का आधार वैसे भी बिहार में बहुत सिमट गया है। उसको बांटने वाली पार्टियां बिहार में बहुत हैं। लालू का परिवार तो है ही। इसके बाद कांग्रेस है। उसके बाद सीपीएम-एल है। सीपीएम और सीपीआई हैं। दो एक सीटें केजरीवाल भी मांगेंगे। उसके बाद नीतीश कुमार की पार्टी के हिस्से लोकसभा की सात आठ सीटें आ भी जाएंगी तो वे उसमें से जीत कितनी पाएंगे, इसके बारे में कौन भविष्यवाणी कर सकता है। इसलिए जब नीतीश बाबू ने सांझी टीम बनाने के लिए राजनीतिक खिलाडियों को निमंत्रण भेजे तो काफी खिलाड़ी आ पहुंचे। कुछ लोग इसे नीतीश कुमार की सफलता कह कर प्रचारित कर रहे हैं। जबकि इसका संकेत केवल इतना ही है कि भविष्य की राजनीति में उनकी उपयोगिता समाप्त हो गई है। अब वे राजनीतिक लिहाज से नख शिख दन्त विहीन हो गए हैं। सांझी टीम बनाने की उपक्रम में जुटे खिलाडियों ने एक दूसरे के साथ कैसा व्यवहार किया, क्या क्या किया, यह किसी से छिपा न रह सका। नए नए उत्साह में आए राहुल गान्धी ने तो अरविन्द केजरीवाल के साथ चाय पीने तक से इन्कार कर दिया। केरल में सीपीएम की सरकार ने सबसे पहला काम वहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को गिरफ्तार करने का किया। ममता बनर्जी ने पटना से लौटकर देश भर का मार्गदर्शन यह कह कर किया कि कांग्रेस और सीपीएम, दोनों ही भाजपा की बी टीम मात्र हैं। पटना में लालू यादव ने राहुल गान्धी को शादी करवाने की सलाह भी दी थी। कुछ राजनीतिक विश्लेषक उसमें भी राजनीतिक अर्थ देखते हैं। लालू ने कहा था कि 'राहुल बाबू, उम्र बढ़ रही है, दुनियादारी तो चलती रहती है। अब शादी करा लो और घर गृहस्थी बसा लो।' कहीं इसका यह अर्थ तो नहीं कि राजनीति तुम्हारे बस का खेल नहीं है। अपना परिवार ही बना लो। लालू ने तो यह बात आज कही है, लेकिन लगता है कि सोनिया गान्धी और उसके सलाहकारों को यह बात कुछ साल पहले ही समझ में आ गई थी। शायद इसीलिए ग्याहरवें खिलाड़ी प्रियंका गान्धी को भी मैदान में बुला लिया गया था। इस तरह विपक्षी एकता फिलहाल एक कठिन विषय लगता है। कांग्रेस को लेकर सबसे ज्यादा द्वंद्व है।

# प्रशिक्षक भर्ती व पदोन्नति नियमों में सुधार

> विभाग के गठन के चार दशक बाद भी अभी तक हिमाचल प्रदेश में प्रशिक्षकों के भर्ती व पदोन्नति नियमों को अब अमलीजामा पहनाया जा सका है। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग में निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों, कनिष्ठ प्रशिक्षकों व युवा संयोजकों के पद सृजित हैं। इस विभाग का कार्य प्रदेश में युवा गतिविधियों व खेलों का विकास करना है। हिमाचल प्रदेश में यह विभाग खेल प्रशिक्षण, खेलों के लिए आधारभूत ढांचा व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता होने पर नगद पुरस्कार व अवार्ड देने के लिए बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग का निदेशक प्रशासनिक सेवा से ही अधिकतर नियुक्त होता रहा है, केवल विशेष परिस्थितियों में ही आज तक दो बार ही विभागीय अधिकारी निदेशक पद तक पहुंच पाए हैं। उपनिदेशक और कभी-कभी संयुक्त निदेशक पद तक विभाग के प्रशिक्षक व युवा संयोजक पदोन्नत होकर पहुंच जाते हैं। इन विभागीय अधिकारियों को अधिक तकनीकी जानकारी होती है।

**प्रशिक्षक** कैडर के भर्ती व पदोन्नति नियमों में सुधार कर लिया है और कुछ जूनियर प्रशिक्षकों की पदोन्नति भी हुई है। परन्तु अभी भी प्रशिक्षक का स्केल और काम जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी का लिया जा रहा है। यह तो प्रशिक्षकों के साथ अन्याय है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी करोड़ों लोगों में स्वयं व अपने देश को पदक जीत कर सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करता है तो उसके पीछे जहां उस दृढ़ संकल्प, लगातार कठोर परिश्रम व अपनों की सहायता व दुआएं होती हैं, वहीं पर एक प्रशिक्षक की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। इसीलिए अलग से राज्यों में खेल विभागों का गठन हुआ है। 1982 के एशियाड के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी प्रदेश में हिमाचल प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग का गठन किया। विभाग के गठन के चार दशक बाद भी अभी तक हिमाचल प्रदेश में प्रशिक्षकों के भर्ती व पदोन्नति नियमों को अब अमलीजामा पहनाया जा सका है। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग में निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों, कनिष्ठ प्रशिक्षकों व युवा संयोजकों के पद सृजित हैं। इस विभाग का कार्य प्रदेश में युवा गतिविधियों व खेलों का विकास करना है। हिमाचल प्रदेश में यह विभाग खेल प्रशिक्षण, खेलों के लिए आधारभूत ढांचा व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता होने पर नगद पुरस्कार व अवार्ड देने के लिए बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग का निदेशक प्रशासनिक सेवा से ही अधिकतर नियुक्त होता रहा है, केवल विशेष परिस्थितियों में ही आज तक दो बार ही विभागीय अधिकारी निदेशक पद तक पहुंच पाए हैं। उपनिदेशक और कभी-कभी संयुक्त निदेशक पद तक विभाग के प्रशिक्षक व युवा संयोजक पदोन्नत होकर पहुंच जाते हैं। इन विभागीय अधिकारियों को अधिक तकनीकी जानकारी होती है। आजकल हिमाचल प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के पास कोई भी उपनिदेशक नहीं है। वरिष्ठ जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी को उप निदेशक के पद पर बिठा कर काम चलाया जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से एक एचएएस अधिकारी को संयुक्त निदेशक का जिम्मा दिया है। नियमित जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी भी केवल चार ही जिलों में हैं। राज्य के शेष जिलों में कामचलाऊ अधिकारी बिठा रखे हैं। सरकार को चाहिए कि जल्दी ही उपनिदेशक के पद पर नियमित पदोन्नति की जाए तथा जिलों में भी नियमित अधिकारी हों। इस विषय पर पहले भी कई बार इस कॉलम के माध्यम से लिखा जा चुका है, मगर लगता है कि सरकार के लिए युवा शक्ति व खेल प्राथमिकता पर नहीं हैं। विभाग में नाम मात्र के प्रशिक्षक हैं। अधिकतर खेलों में तो एक भी प्रशिक्षक पूरे जिले के लिए उपलब्ध नहीं है। विभाग में जो प्रशिक्षक नियुक्त हैं उन्हें कनिष्ठ प्रशिक्षक के पद पर नियुक्ति मिली है। उसके बाद वे सेवानिवृत्ति तक भी प्रशिक्षक नहीं बन पाए। अब जाकर दशकों बाद विभाग में नियुक्त जूनियर प्रशिक्षकों को पदोन्नति मिली है और कई तो बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो गये हैं। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी पद पर पदोन्नति के लिए केवल 25 प्रतिशत ही कोटा है। 50 प्रतिशत युवा संयोजक व 25 प्रतिशत पद हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाते हैं। प्रशिक्षक बनने की योग्यता बहुत कठिन है। स्नातक डिग्री के साथ जो प्रतिभागी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हो या तीन बार वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया हुआ हो या शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में खेला हो, उसके बाद राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान में प्रवेश परीक्षा पास कर एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण व शिक्षण के बाद प्रशिक्षक बनता है। हिमाचल प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह प्रदेश में नियुक्त कनिष्ठ प्रशिक्षकों को पांच साल के बाद प्रशिक्षक के पद पर पदोन्नति कर 50 प्रतिशत कोटा जिला अधिकारी पद पर पदोन्नति के लिए दिया जाए। क्योंकि प्रशिक्षकों की संख्या बहुत अधिक है, अगर हर खेल में जिला स्तर पर पांच प्रशिक्षक भी हों तो प्रशिक्षकों की संख्या सौ से भी अधिक जा सकती है। इसके मुकाबले बारह जिलों में बारह ही युवा संयोजक नियुक्त हैं। इस तरह देखा जाए तो यह प्रशिक्षकों साथ बहुत अन्याय है। प्रदेश में विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड तो बन कर तैयार हैं, मगर उनका न तो सही रख रखाव है और न ही उन पर उस स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम हो रहा है। सरकार को चाहिए कि वहां पर उन खेलों में उच्च प्रदर्शन करवाने वाली खेल अकादमियां स्थापित की जाएं। हिमाचल प्रदेश में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के दो खेल छात्रवास बिलासपुर व ऊना में कुछ चुनिंदा खेलों के लिए आधा अधूरा प्रशिक्षण दे रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाने वाले प्रशिक्षकों की कमी व प्रबंधन में अव्यवस्था साफ देखी जा सकती है। उत्कृष्ट खेल परिणाम दिलाने वाले प्रशिक्षक बहुत कम हैं। क्योंकि विभाग में प्रशिक्षकों की अनदेखी जिसमें बहुत कम ग्रेड पे व दशकों से कनिष्ठ पद पर कार्यरत रहने के कारण राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान से प्रशिक्षित प्रशिक्षक खेल विभाग में प्रशिक्षक बनने से अधिक शिक्षा विभाग में प्राध्यापक या डीपीई बनने को अधिमान देते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाने के लिए प्रशिक्षकों व खिलाडियों के लिए एक अच्छी प्रबंधन टीम की अहम भूमिका है। सही प्रबंधन मिले, इसके लिए नियमित जिला खेल अधिकारियों, उपनिदेशकों, प्रशिक्षकों व अन्य अधिकारियों की नियुक्ति बेहद जरूरी है। खिलाड़ी को तैयार करने में प्रशिक्षक की भूमिका जब बेहद जरूरी है तो फिर हम उसे सामाजिक व आर्थिक रूप से निश्चिंत कर शारीरिक व मानसिक पूरी तरह अपने प्रशिक्षण पर केन्द्रित क्यों नहीं होने देते। राज्य के युवा सेवाएं एवं खेल विभाग में प्रशिक्षकों के साथ न्याय करने के लिए इनके भर्ती व पदोन्नति नियमों में संख्या अनुपात में संशोधन नहीं हो पाया है। हां, यह अलग बात है कि दशकों से एक ही पद पर कार्यरत जूनियर प्रशिक्षकों को पदोन्नति जरूर दे दी गई है जो थोड़ी बहुत राहत है।

## देश दुनीया से

# अमेरिका में हमारे काम आया लोकतंत्र

> भारत ने क्या खोया-क्या पाया, इसका दुनिया भर के मीडिया और राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा भिन्न दृष्टिकोणों से आकलन हो रहा है। इन सबके बीच एक पाकिस्तानी यू-ट्यूबर वजाहत एस खान का वी-लॉग (वीडियो ब्लॉग) मुझे कई अर्थों में इतना उल्लेखनीय लगा कि मैं इस यात्रा का आकलन उसके द्वारा रेखांकित की गई भारतीय उपलब्धि को केंद्र में रखकर करना चाहूंगा। इस वी-लॉग पर बात करने से पहले वजाहत की पृष्ठभूमि को जान लेना उपयोगी होगा। वह एक पाकिस्तानी पत्रकार हैं, जो फ्रीलांसिंग करते हुए अमेरिका के एक थिंक टैंक के साथ जुड़े हुए हैं।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा किस हद तक सफल रही और इसके फलस्वरूप दोनों देशों, खासतौर से भारत ने क्या खोया-क्या पाया, इसका दुनिया भर के मीडिया और राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा भिन्न दृष्टिकोणों से आकलन हो रहा है। इन सबके बीच एक पाकिस्तानी यू-ट्यूबर वजाहत एस खान का वी-लॉग (वीडियो ब्लॉग) मुझे कई अर्थों में इतना उल्लेखनीय लगा कि मैं इस यात्रा का आकलन उसके द्वारा रेखांकित की गई भारतीय उपलब्धि को केंद्र में रखकर करना चाहूंगा। इस वी-लॉग पर बात करने से पहले वजाहत की पृष्ठभूमि को जान लेना उपयोगी होगा। वह एक पाकिस्तानी पत्रकार हैं, जो फ्रीलांसिंग करते हुए अमेरिका के एक थिंक टैंक के साथ जुड़े हुए हैं। वह पाकिस्तानी फौज, खासतौर से पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल राहिल शरीफ से अपनी निकटता के लिए जाने जाते थे। फिलहाल इमरान खान से सहानुभूति के चलते सेना के वर्तमान नेतृत्व से उनकी खटपट चल रही है और देश में उनके खिलाफ मुकदमे कायम हो गए हैं। स्वाभाविक था कि वजाहत ने पाकिस्तानी हितों को ध्यान में रखकर यह वी-लॉग किया है, और उनकी चिंता के केंद्र में मोदी की यात्रा से अमेरिका में बढ़ता भारतीय प्रभाव और उसके फलस्वरूप अमेरिकी नीति-निर्धारकों के लिए पाकिस्तान का सिकुड़ता स्पेस था, पर इन सबके पीछे उन्होंने जो कारण तलाशा, वह बहुत महत्वपूर्ण है। वजाहत के अनुसार, इसके पीछे लोकतंत्र था और जिसका इस दौरे में नरेंद्र मोदी और जो बाइडन, दोनों ने भरपूर इस्तेमाल किया। यात्रा के दौरान लगभग हर मौके पर दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र का जिक्र आया, यहां तक कि जब प्रेस-कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री को एक मुस्लिम पत्रकार ने उनकी सरकार द्वारा मुसलमानों के साथ की जाने वाली 'ज्यादती' को लेकर घेरने की कोशिश की, तो उनके बचाव में भी यही लोकतंत्र काम आया। यात्रा के दौरान बार-बार दोहराया गया कि भारत और अमेरिका के डीएनए में ही लोकतंत्र है। डीएनए में लोकतंत्र का सबसे सरलीकृत अर्थ यह होना चाहिए कि दोनों समाज उठते-बैठते लोकतंत्र बरतते हैं। मगर क्या ऐसा है? यह कम महत्वपूर्ण नहीं है कि शासक जनता द्वारा चुने और बदले जाएं, मगर लोकतंत्र का मतलब सिर्फ एक निश्चित अवधि के बाद होने वाला चुनाव नहीं है। लोकतंत्र तो सत्ता की सबसे छोटी इकाई परिवार के अंदर से होते हुए सड़क से गुजरकर सत्ता के केंद्र संसद तक दिखना चाहिए। इस मामले में दोनों समाज अद्भुत विरोधाभासों से ग्रस्त नजर आते हैं।

कोई शक नहीं कि ढाई सौ सालों से अधिक समय से क्रियाशील अमेरिकी लोकतंत्र सबसे पुराना है, पर यह भी सच है कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक सरकारों को उखाड़ फेंकने और सैन्य तानाशाही को स्थापित करने में भी इसका योगदान जबर्दस्त रहा है। लगातार असुरक्षा बोध से ग्रस्त इसने हथियारों की दौड़ में दुनिया भर को मुब्तिला कर रखा है। जरूरत न होने पर भी केवल परीक्षण करने के लिए इसने आणविक हथियारों तक का इस्तेमाल किया। इंग्लिश, डच, फ्रेंच या स्पैनिश उपनिवेशवादियों की तरह भले इसने सुदूर भू-भागों में कॉलोनियां नहीं कायम कीं, मगर नव-उपनिवेशवादी नीतियों पर चलते हुए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के जरिये अपने आर्थिक उपनिवेश कायम किए। उसके सैन्य उत्पादन कॉरपोरेशन दुनिया भर की सरकारों की आर्थिक और विदेश नीतियां संचालित करते हैं। इन सबके बावजूद अमेरिका का आंतरिक लोकतंत्र उसके सबसे मुखर विरोधी रूस या चीन जैसे देशों के लिए बड़ी ईर्ष्या का विषय हो सकता है। इस देश का सत्ता-प्रतिष्ठान वियतनाम पर 'कार्पेट बॉम्बिंग' करता है, लेकिन जनता को यह सुविधा भी हासिल है कि वह लाखों की संख्या में सड़कों पर उतरकर अपनी सरकार की युद्ध नीतियों का विरोध करे और उसे अपनी नीतियां बदलने को विवश कर सके।

## नागरिक बोध

# डॉक्टर्स के ब्रेन डेन को नजरअंदाज मत करिए

**देश** से डॉक्टर्स का ब्रेन ड्रेन यानी प्रतिभा पलायन इस मायने में महत्वपूर्ण और गंभीर हो जाता है कि देश में चिकित्सकों की आज भी बेहद कमी का सामना करना पड़ रहा है। देश के करीब 75 हजार डॉक्टर्स ओईसीडी यानी कि आर्थिक सहयोग व विकास संगठन से जुड़े देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ताजातरीन उदाहरण देश के सबसे बड़े दिल्ली के एम्स का ही देखा जा सकता है, जहां पिछले दस माह में सात विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने किसी न किसी कारण से सेवाएं देना बंद कर दिया है। आज दस हजार से अधिक लोगों को प्रतिदिन सेवाएं देने वाले एम्स में ही 200 डॉक्टर्स की कमी चल रही है। यह तो एक मिसाल मात्र है। इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे चिकित्सकों की काबिलीयत और विशेषज्ञता के कारण ही विदेशों में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार ओईसीडी देशों में रह रहे 75 हजार डॉक्टर्स में से करीब दो तिहाई तो अमेरिका में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह तो मानना पड़ेगा कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है पर अभी बहुत कुछ किया जाना है। कोविड के दौरान तो दुनिया में श्रेष्ठतम कार्य करने के बावजूद हमारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुलकर रह गई। दुनिया में सबसे अधिक डॉक्टर्स के ब्रेन ड्रेन वाला देश ग्रेनेडा है। यहां के दस हजार डॉक्टर विदेशों में पलायन कर चुके हैं। कोरोनाकाल में ग्रेनेडा को अपने चिकित्सकों को विदेशों से वापस बुलाने तक का निर्णय करना पड़ा। हमारे यहां कोरोना ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई जान दी है और सरकारी व गैरसरकारी प्रयासों से अस्पतालों में वेंटिलेटर, ऑक्सिजन कन्सट्रेट आदि की जरूरतों को पूरा करने के समग्र और सार्थक प्रयास किए गए पर आज भी प्रशिक्षित मैनपावर की कमी के कारण इन उपकरणों का सही उपयोग नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण ही माना जाएगा। यदि हम ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करें तो देश में शहरी क्षेत्र में तो कमी है ही पर ग्रामीण क्षेत्र के हालात अधिक ही चिंताजनक है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 की माने तो देश में ग्रामीण इलाकों की डिस्पेंसरियों में 81.6 प्रतिशत बाल रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है। और तो और सामान्य फिजिशियनों की ही बात करें तो ग्रामीण क्षेत्र की डिस्पेंसरियों में 79 प्रतिशत फिजिशियन की कमी है। 72 प्रतिशत से कुछ अधिक कमी प्रसूति रोग विशेषज्ञों की है। यह तो सरकारी आंकड़ों में दर्शाए गए हालात है। हालांकि नवीनतम रिपोर्ट में हालात में कुछ सुधार देखने को मिल सकते हैं पर अधिक सुधार की आशा करना बेमानी होगा। दरअसल हमारे यहां दस हजार की आबादी पर केवल सात डॉक्टर उपलब्ध हैं जबकि क्यूबा जैसा देश दुनिया के देशों में मेडिकल चिकित्सकीय सेवा में लीड कर रहा है और वहां दस हजार की आबादी पर 84 डॉक्टर उपलब्ध है, अमेरिका में यह संख्या 35 तो चीन में 23 है।

# उपायुक्त ने सभी क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने बैठक कर जिले में सभी क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया।उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले ने क्रियान्वित सभी योजनाओं की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना, कृषि ऋण माफी योजना, फसल राहत योजना और सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों को ससमय सत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, झारखंड पंचायती स्तरीय दवा दुकान योजना समेत अन्य योजनाओं में किये जा रहे कार्यों में गति लाने का निर्देश



दिया। उपायुक्त ने जिला में सभी पंचायत भवनों को क्रियाशील अवस्था मे रखने का भी निर्देश दिया। विनय भारती पार्क के रख रखाव के असंतोषजनक स्तिथि पर अप्रसन्नता ज़ाहिर करते हुए उपायुक्त ने पार्क में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया। मुख्य मार्गों व चौकों में बढ़ते अतिक्रमण पर नाराज़गी जताते हुए उन्होंने तुरंत इसके निराकरण का निर्देश दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुर्नवास और उत्थान के लिए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि उनको व उनके परिवारों को नियमानुसार सरकारी योजनाओं और पुर्नवास नीतियों से लाभान्वित किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, सामान्य शाखा पदाधिकारी बिपिन दुबे, सिविल सर्जन डा0 श्याम नन्दन सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार राय समेत अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित थे तथा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे।

## विकास योजनाओं के क्रियान्वन में लापरवाही बरतने पर होगी कारवाई : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय सभागार में 01 जुलाई शनिवार को विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड में मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा किया गया। सभी क्रियान्वित योजनाओं का विन्दुवार समीक्षा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य को एक सप्ताह में पूरा करते हुए स्वीकृति प्रदान करें। उन्होंने कहा पंचायत स्तर में पुस्तकाल खोलने के लिए भवन का चयन व खेल मैदान के लिए स्थल चयन करने का निर्देश दिया गया। वहीं लंबित योजनाओं को पूरा करते हुए अभिलेख बंद करने की बात कही गई। बीडीओ ने कहा कि योजनाओं के क्रियांवयन में किसी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही पाए जाने वालों के विरुद्ध सीधी कार्रवाई की जाएगी। पीएम आवास की समीक्षा करते हुए अधूरे आवास को दस दिनों के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीपीओ रघुनाथ मुंडा, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में पौधरोपण कर वन महोत्सव सप्ताह शुरू




**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के बनवारी साहू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में वन महोत्सव सप्ताह का उदघाटन हुआ।1 सप्ताह तक चलने वाली वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद के द्वारा पौधा रोपणकर कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित होकर कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याता शत्रुघन मेहता, रेनू कुमारी, स्वयंसेवकों मैं अनु कुमारी, अंकिता कुमारी, कविता कुमारी, सपना कुमारी, निशा कुमारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## 25 किसानों के बीच मड़ुवा कीट का हुआ वितरण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर में स्थित सिंगल विंडो में शनिवार को 25 किसान दीदी के बीच मडुआ बीज किट का वितरण किया गया। जहां अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक जेएसएलपीएस एफटीसी अनिल प्रजापति एटीएम दीनदयाल कुमार एवं बीटीएम अमरेंद्र कुमार पांडेय सुमन कुमारी उपस्थित थे। किट लेने वाले किसानों को खरीफ फसल में बढ़ावा मडुआ की खेती लगाने के लिए विस्तृत जानकारियां पदाधिकारियों ने किसान दीदी लोगों को बताएं। मडुआ किट लेने वाले किसान किरण देवी रेखा देवी मंजू देवी एवं प्रखंड के दर्जनों किसान दिदी उपस्थित थे।

# केंद्रीय विद्यालय में ओड़िसी नृत्य पर कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में शनिवार को ओड़िसी शास्त्रीय नृत्य पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रूट्स टू रूट्स संस्था के द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यशाला में ओडीसी नृत्य कलाकार शोभा बिष्ट ने छात्रों को ओड़िसी शास्त्रीय नृत्य की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला रूट टू रूट की एक पहल है।इसका मुख्य उद्देश छात्रों को देश की विभिन्न नृत्य कला व संगीत की जानकारी देना है।भारत देश में कई प्रकार की लोक नृत्य एवं शास्त्रीय नृत्य है।हर प्रांत की अपनी एक क्षेत्रीय लोक गीत व नृत्य होती है।इनमें से बहुत कई नृत्य शास्त्रीय बोल व तानों पर आधारित होते हैं। ओड़िसी भी एक उन्हीं में से एक शास्त्रीय नृत्य कला है। ओड़िसी भारतीय राज्य ओड़िशा



की एक शास्त्रीय नृत्य शैली है। यह एक प्रमुख प्राचीन भारतीय शास्त्रीय नृत्य है जो ओड़िशा के हिंदू मंदिरों में उत्पन्न हुआ था। उन्होंने कहा कि रूट्स टू रूट्स संगठन सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से शांति को बढ़ावा देता है।विद्यालय के प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने कहा कि छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा अन्य गतिविधियों में भी रुचि रखनी चाहिए।उन्होंने कहा कि गायन, वादन व नृत्य संगीत की तीन विद्यायें हैं।लोग नृत्य के माध्यम से भी अपनी भावनाओं को एक दूसरे तक पहुंचा सकते हैं.कार्यशाला में कक्षा 8, 9 व 11 वीं के छात्राओं ने भाग लिया।

## बच्चों को स्कूल पहुंचाएंगे, सबको शिक्षित बनाएंगे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर प्रखण्ड के दाढा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सेल में पिरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो दीपांशी निगम ने शनिवार को स्कूल रुआर - बैक टू स्कूल अभियान पर शिक्षकों, बच्चों, अभिभावकों, वार्ड सदस्यों तथा एसएमसी सदस्यों के साथ मिल कर जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमे बच्चों ने पहले क्लासरूम एक्टिविटी की जागरूकता से भरे नारों को पेपर पर लिख उनमें रंग भरा, फिर सभी ने मिल पंचायत में घूम घूम कर विद्यालय वापस आने की अलख जगाई। पिरामल फाउंडेशन टीम और डाढ़ा मुखिया ने समुदाय एवम घरों में जा जाकर अभिभावकों से बात कि, कहा अपने बच्चों को वापस विद्यालय भेजें। आनामांकित एवम विद्यालय छोड़ चुके बच्चों के अभिभावकों से बात की गई एवम उनको विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। पिरामल फाउंडेशन की अमृता ने विद्यालय के बच्चों को पढ़ाई का महत्व समझाया, एवम प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस जागरूकता अभियान में श्रीमती अनिता कश्यप (मुखिया दाढा पंचायत), मनिता देवी (वार्ड सदस्य सह उपमुखिया), गौरी देवी (विद्यालय प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष), रीता कुमारी (आंगनवाड़ी सेविका), फुलमनी टिडू (शिक्षिका), प्रवीण कुमार (शिक्षक), पीरामल फाउंडेशन से दीपांशी निगम एवम अमृता प्रजापति, बरती देवी, तेजिया देवी, बिफिमा देवी, सरिता देवी, बैजती देवी आदि डाढ़ा पंचायत के निवासीगण एवम अभिभावक शामिल रहे।

## नवनिर्मित छात्रावास को अविलंब चालू कराए जाने को लेकर जिप उपाध्यक्ष ने उपायुक्त को लिखा पत्र



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उपायुक्त भोर सिंह यादव को पत्र लिखकर परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय में अवस्थित नवनिर्मित बालिका छात्रावास को अविलंब चालू कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया है, कि बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय है, जिसमें बालूमाथ, बारियातू एवं हेरहंज प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से आकर बच्चियां शिक्षा प्राप्त करती हैं। विडंबना यह है कि छात्रावास के होते हुए भी बच्चियों को छोटे से किराए के घर में असुरक्षित माहौल में रहकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।जबकि परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय बालूमाथ परिसर में 5 वर्ष पूर्व में ही 100 बेड का छात्रावास भवन निर्मित हो चुका है।जो कि गार्ड एवं वार्डन के अभाव में बंद है। ज्ञात हो कि छात्रावास भवन का निर्माण 2018 में पूर्ण हो चुका है। छात्रावास के चालू हो जाने से बालूमाथ, बारियातू एवं हेरहंज प्रखंड के दूरदराज गावों से पढ़ाई के लिए आ रही बच्चियों को सुरक्षित माहौल में शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने यह भी बताया है कि इससे बालिकाओं के बीच में पढ़ाई छोड़ने (ड्रॉप आउट) की दर भी कम होगी द्यउन्होंने उपायुक्त महोदय से अनुरोध किया है, कि विद्यालय परिसर में छात्रावास के लिए वार्डन एवं सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करते हुए अविलंब छात्रावास को चालू कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है, कि परियोजना इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में 3 एकड़ का अपना परिसर है, जिसमें चारदीवारी भी है। छात्रावास के चालू हो जाने से एक तरफ जहां छात्राओं को सुरक्षित माहौल में सुलभ शिक्षा उपलब्ध हो पाएगी वहीं दूसरी ओर उनके अभिवाहकों पर पढ़ाई का आर्थिक बोझ भी कम हो सकेगा। ज्ञात हो कि उपाध्यक्ष महोदया के द्वारा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू में अपग्रेड करने हेतु भी उपायुक्त महोदय को पत्र लिखा गया है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में हूल दिवस पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में हूल दिवस कार्यक्रम का आयोजन मंगल देव कॉलोनी (ढ़ोहा टोली) स्थित शिव मंदिर प्रांगण में की गई । कार्यक्रम में सिद्धू कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण कर और द्वीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। मौके पर क्रांति वीरों के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए मनीर उराँव ने कहा कि हूल दिवस पल हजारों बलिदानियों को याद करते हैं जिन्होंने अंग्रेजी शासन कर नींव हिला दी थी। झारखंड के संथाल परगना में आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया था। भोगनाडीह के सिदो-कान्हु चांद-भैरव व फूलो-झानो इन छह भाई-बहनों ने तीर-धनुष से अंग्रेजों का मुकबला किया था। ये अंग्रेजी हुकूमत व महाजनी प्रथा से नाखुश थे। अंग्रेजों के शोषण आकर सिदो-कान्हु के नेतृत्व में 30 जून,1855 को लोगों ने तत्कालीन अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ विद्रोह (हूल) किया था। अंग्रेजो के आधुनिक हथियारों के सामने सिद्धू-कान्हू की अपनी पारंपरिक हथियार से सेना ने टक्कर ली थी ।पूर्वज हमें सिखाते है कि गलत का हमेशा विरोध करें। आज भाजपा केंद्र की सरकार ने नई शिक्षा निति में सभी वीर क्रांतिकारियों जीवनी पढ़ने को मिलेगी ।आजतक केवल अंग्रेजों और मुगलों का इतिहास पढ़ाया इसके मूल दोषी कांग्रेस हैं। आज मोदीजी हर एक वीर शहीदों को सम्मान दे रहे हैं।शहीदों के सपनों के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य,सुंदर गांव,समन्वय भाव के लिए योजना बन कार्यान्वित हो रही है। लोग लाभान्वित हो रहे हैं।वहीं कांग्रेस गंठबंधन सरकार में वीर सपूतों के वंशज की हत्या हो रही है और झारखंड का सत्ता दल बहाने बना रही है। कार्यक्रम में जीवनी पर जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा,उपाध्यक्ष सामेला भगत, पशुपति नाथ पारस, महिला मोर्चा अध्यक्ष कलावती ने भी प्रकाश डाला।

### सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष कांग्रेस नेत्री ने थामा झारखंड पार्टी का दामन

## कांग्रेस पार्टी की नीति सिद्धांत का हुआ विलय, सिर्फ षड्यंत्र झूठ और लोगों को बनाया जा रहा बेवकूफ : रोस प्रतिमा सोरेंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम में सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष सह कांग्रेस नेत्री रोस प्रतिमा सोरेंग कांग्रेस पार्टी छोड़कर झारखंड पार्टी का दामन थाम लिया इनके साथ-साथ कोलेबिरा प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम, उप प्रमुख सुनीता देवी, कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता बदरुद्दीन अहमद कोलेबिरा उप मुखिया दिवाकर दास ने भी पार्टी का दामन थामा। केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के द्वारा माला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर झारखंड पार्टी में उनका स्वागत किया। मौके पर पूर्व मंत्री ने उन्हें कहा कि झारखंड पार्टी में आपका मान सम्मान सदैव बरकरार रहेगी यहां पर जमीन से जुड़कर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की भीड़ है जहां पर




आप रहकर सिमडेगा जिले का सेवा कर सकेंगे। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने झारखंड पार्टी में शामिल होने के पश्चात कांग्रेस पार्टी के ऊपर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि पार्टी की नीति सिद्धांत विलय हो चुकी है यहां पर सिर्फ षड्यंत्र झूठ और लोगों को बेवकूफ बनाने का कार्य किया जाता है। लगातार जिला परिषद अध्यक्ष पद पर रहने के बावजूद संयंत्र के तहत पद से हटाने का प्रयास एवं पार्टी में हमेशा दरकिनार करते हुए प्रोटोकॉल एवं नैतिक सिद्धांतों का हमेशा हनन की जाती है। कांग्रेस पार्टी में समर्पित तरीके से काम करने के बावजूद यहां पर अंदरूनी कलह और लोगों के जन भावनाओं का अपमान किया जाता है। वर्तमान समय में राज्य और जिला की स्थिति है वह किसी से छुपा हुआ नहीं वर्तमान गठबंधन की सरकार लोगों के भरोसे पर खरा नहीं उतरा जिसका परिणाम आने वाले चुनाव में दिखेगा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक और ध्रुवीकरण में व्यस्त है आम जनमानस के हितों का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। वही प्रखंड प्रमुख आरोप प्रमुख ने भी पार्टी के नीति सिद्धांत से प्रेरित होकर झारखंड पार्टी में शामिल होने की बात कही तथा आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव में पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का बात कही। मौके पर झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने पार्टी में शामिल जिले के नए पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा कहा कि अब झारखंड पार्टी पूरे मजबूती के साथ कोलेबिरा और सिमडेगा विधानसभा में कार्य करेगी ताकि वहां के लोगों को आने वाले चुनाव में एक योग्य जनप्रतिनिधि मिलेगा और उस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगी।

## ओमप्रकाश सिंह ने नगर परिषद के 135 वर्षगांठ पर कहा लोहरदगा का गौरवमय रहा है इतिहास



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा नगरपालिका के पूर्व वार्ड पार्षद ओम प्रकाश सिंह ने लोहरदगा नगर परिषद् के 135 वें वर्षगांठ पर नगरवासियों को शुभकामनाओं के साथ-साथ बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि लोहरदगा का गौरवमयी इतिहास रहा है, जिस पर नगरवासी हमेशा गर्व कर सकते हैं। सम्मिलित बिहार में लोहरदगा नगरपालिका को सबसे पुराना नगरपालिका होने का गौरव प्राप्त था। 1888 ई0 के 1 जुलाई को लोहरदगा नगरपालिका का गठन हुआ था, इसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में एक अंग्रेज वरिष्ठ अधिकारी मि0 एफ हॉन को बनाया गया था वर्षो तक अंग्रेज अधिकारी हीं इसके चैयरमैन हुवा करते थे। बाद के काल खंड में नगर के समाजसेवी तथा प्रबुद्ध नागरीक चुनाव के माध्यम् से चेयरमैन निर्वाचित होते गये। आज भी स्व. जगनाथ प्रसाद,स्व. रामबिलास साहू,स्वर्गीय राय साहब बलदेव साहु,स्व.अभिमन्यु प्रसाद डा0 द्वारिका प्रसाद,डा0 जहीर अहमद,कासीम बाबू,स्व0 शिव प्रसाद साहु ने नगर अध्यक्ष रहते हुए रांची के सांसद बने,श्री राधारमण प्रसाद श्री साबिर खान जैसे व्यक्तियों ने इस नगरपालिका के विकास में अनमोल योगदान किया है,केवल चार वार्ड में सिमित एक छोटे से कस्बे से प्रारंभ लोहरदगा नगरपालिका आज 23 वार्डो में विकसीत हो चुका है। यह नगर झारखण्ड के प्रमुख शहरों में शुमार हो चुका है। बड़ी रेलवे लाइन आने के बाद नगर का तेजी से विकास हुवा है।पर आज भी मौलिक सुविधाओं से शहर वंचित है,नगर के कई क्षेत्रों में विद्युत, पेयजलापूर्ति के लिये पाइप लाइन,तथा समुचित सफाई ब्यवस्था के लिये लोग परेशान रहते हैं,इन समस्याओं के निराकरण हेतु ईमानदारी से प्रयाश करने की जरूरत है।श्री सिंह ने नगरपर्षद के कर्मचारियों जो अल्पवेतन में भी कार्य करने में संकोच नहीं किया है वैसे सभी लोगों को भी बधाई देते हुवे विश्वास प्रकट किया है,कि लोहादगा नगर परिषद झारखण्ड के सबसे अग्रणी नगर पर्षद के रूप में अपनी पहचान बनाये रखेगी।

## अंतर्राज्यीय शराब तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे, चोरी के छः मोटर साइकिल के साथ चार शराब तस्कर भी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड बिहार की सीमावर्ती क्षेत्र में शराब तस्करी के मामले की सूचना के आधार पर चतरा पुलिस ने चार शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। हंटरगंज थाना क्षेत्र में लगातार सूचना मिल रही थी कि झारखंड-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबडा गांव में अवैध महुआ देशी शराब निर्मित कर चोरी के मोटरसाईकिल से बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आश्यक कार्रवाई हुए छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में ग्राम खजुरिया स्थित करैली बार आहर के पास चार व्यक्तियों को छः मोटरसाईकिल पर लोड करीब 210 लीटर अवैध महुआ शराब सहित पकड़ा गया। जिससे पूछताछ के क्रम में अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि जबड़ा से अवैध महुआ शराब निर्मित कर करैली बार आहर के पास लाया जाता है जहां से बिहार से आकर अवैध महुआ शराब को चोरी के मोटरसाइकिल पर लेकर



बिहार जाते है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि छापामारी कर सभी को पकड़ा गया है।इस संदर्भ हंटरगंज थाना कांड सं0 129/23 दर्ज किया गया है।अवैध महुआ देशी शराब में कारोबार करने वाले नामजद फरार के विरुद्ध लगातर छापामारी किया जा रहा है। पुलिस ने महुआ देशी शराब करीब 210 लीटर जब्त किया है और छः चोरी के बाइक भी बरामद किया है।शराब के साथ इन्द्रेश चौधरी, विनय कुमार, बिरेंद्र सिंह, संदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी टीम में हंटरगंज के थाना प्रभारी, सनोज कुमार चौधरी, पु0अ0नि0 नितेश कुमार दूबे सहित थाना सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को सभी जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए।आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, सामान्य शाखा पदाधिकारी बिपिन दुबे, सिविल सर्जन डा0 श्याम नन्दन सिंह समेत सभी अन्य जिला पदाधिकारी मौजूद थे तथा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से पंचायत भवन सम्बन्धित, सड़क निर्माण, भूमि विवाद, आवास, मानदेय, पेयजल सम्बन्धित मामले



समेत अन्य मामले शामिल है। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों व सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को लंबित अवेदनों के निष्पादन शत प्रतिशत करने तथा सभी प्राप्त मामलों को अपने अपने स्तर से तत्वरित रूप निष्पादित करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार ओर शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

**संक्षिप्त खबरें**

## आरोग्यम हॉस्पिटल परिवार ने धूमधाम से मनाया अपना 7वां स्थापना दिवस सह डॉक्टर्स डे

**हजारीबाग :** हर साल की तरह इस साल भी नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर हजारीबाग के एकलौते निजी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपने संपूर्ण हॉस्पिटल परिवार के साथ अपना 7 वां स्थापना दिवस सह डॉक्टर्स डे बड़े ही धूमधाम से हॉस्पिटल परिसर में मनाया। आरोग्यम हॉस्पिटल के 7 वें स्थापना दिवस सह डॉक्टर्स डे समारोह की विधिवत शुरूआत हॉस्पिटल संचालक सुनील जैन, हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा, हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.रजत चक्रवर्ती, डिप्टी सुप्रीटेंडेंट डॉ.बी.एन.प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के बाद सामूहिक गणेश वंदना और गणेश वंदना पर सामूहिक नृत्य प्रदर्शन ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। जिसके बाद अस्पताल कर्मियों गीत संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति कर समा बांध दिया। समारोह का सबसे खूबसूरत पल तब आया जब हॉस्पिटल में कार्यरत डॉक्टरों ने रैंप पर कैटवाक किया तो सबकी निगाहेंथम सी गई। कई डॉक्टरों ने अपनी पत्नी के साथ रैंप करते दिखे तो भारी भरकम शरीर लेकर जब हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रजत चक्रवर्ती बचना ए हसीनों लो मैं आ गया.. गीत पर कैटवॉक करने पहुंचे तो तालियों की गूंज से पूरा हॉल गूंज उठा। हॉस्पिटल के निदेशक सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने अपनी पत्नी प्रीति के साथ रैंप कर सबका मन मोह लिया।

## हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में केक काटकर मना राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**हजारीबाग :** डेमोटांड स्थित हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दिन शनिवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव एवं डॉ श्रीदेवी ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। इसके बाद सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने समस्त डॉक्टर्स को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं डॉक्टर्स का चिकित्सा कार्यबल का हौसला अफ़ज़ाई कर उनके बेहतर कार्य को लेकर सरहाना किया। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने चिकित्सकों को संबोधित कर कहा कि कोरोना जैसी महामारी के दौरान डॉक्टर्स ने दिन रात मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहे और अपने कार्यो को बखूबी से निभाया। डॉक्टर्स का कोरोना काल में योगदान से कई लोगों को जीवनदान भी मिला है। आज का दिवस भारत के महान चिकित्सक विधानचंद्र राय का जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। हमें डॉ. बिधान चंद्र रॉय से प्रेरणा लेनी चाहिए जो एक सक्षम डॉक्टर और प्रशासक थे। उन्होंने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरों के अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान जाहिर करना है। वैसे तो पहले से डॉक्टर्स को जीवनदाता की संज्ञा दी गई है। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने चिकित्सा कार्यबल के प्रयासों को सलाम करते हुए कहा कि ÷हमारे देश में स्वास्थ्य को एक सेवा के रूप में देखा जाता है और हमारे चिकित्सा पेशेवरों ने अथक परिश्रम करके हमारे देश की परंपरा ÷सेवा भाव÷ और ÷सेवा परमो धर्म÷ का पालन किया है। हमें अपना सेवा भाव जारी रखना चाहिए, तभी हम एक स्वस्थ भारत का निर्माण कर पाएंगे, जो आगे चलकर एक समृद्ध राष्ट्र की ओर ले जाएगा।

# डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के प्रति किया गया ग्रामीणों को जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के पंचायत भवन, बड़किपोना में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा एवं इसके रोकथाम हेतु डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के क्रम में उन्हें जागरूक किया गया वही कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देने के क्रम में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया है।



**क्या है डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 :** डायन की पहचान यदि कोई भी व्यक्ति - जो किसी अन्य व्यक्ति को डायन के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कोई कारवाई करे, तो इसके लिए उसे अधिकतम् तीन महीने तक कारावास की सजा अथवा एक हजार रुपये जुर्माने की सजा अथवा दोनों से दंडित किया जायेगा। प्रताड़ित करने का हर्जाना-यदि कोई भी व्यक्ति जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जानबूझ कर या अन्यथा प्रताड़ित करता है, तो उसे छः माह की अवधि के लिए कारावास या सजा अथवा दो हजार रूपये तक जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा। डायन की पहचान में दुष्प्रेरण - ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान करने के लिए साशय या अनवधानता से अन्य व्यक्ति को या समाज के लोगों को उकसाता हो, षडयंत्र रचता हो या उन्हें सहायता देता हो, जिससे उस औरत को हानि पहुँचे, तो तीन महीने तक का कारावास अथवा एक हजार रूपये के जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा । डायन का उपचार-किसी भी डायन के रूप में पहचान की गई औरत को जो भी शारीरिक या मानसिक हानि या यातना पहुँचाकर अथवा प्रताड़ित कर झाड़फुंक या फिर टोटका द्वारा उराके उपचार के लिए कोई कार्य करता है, तो उसे एक साल की कारावास का सजा अथवा दो हजार रूपये तक के जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा। विचारण की प्रक्रिया-इस अधिनियम के सभी अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानती होंगे।

# पैराडाइज संस्था ने छह आउटडोर ब्लड डोनर रिक्लाइनर चेयर उपायुक्त को सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रांची की पैराडाइज संस्था की ओर से हजारीबाग सदर अस्पताल के ब्लड बैंक को छह आउटडोर ब्लड डोनर रिक्लाइनर चेयर प्रदान किए गए। यह ब्लड डोनर रिक्लाइनर चेयर उपायुक्त नैंसी सहाय को उनके आवासीय कार्यालय में सौंपा। पैराडाइज संस्था के विशाल शाह एवं अतुल गेरा ने बताया कि आउटडोर ब्लड डोनेशन कैंप में इस रिक्लाइनर चेयर की मदद से रक्तदान मुहिम को बल मिलेगा तथा शिविर आयोजित करने में संस्थाओं,ब्लड बैंक व रक्तदाताओं को काफी आसानी होगी। यह रिक्लाइनर चेयर पोर्टेबल और हल्के होने के कारण इनको आसानी से किसी भी जगह ले जाया जा सकेगा तथा शिविर के आयोजन में टेंट,बेड,चेयर की व्यवस्था पर लगने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सकेगा। अतुल गेरा और विशाल शाह लाइफ़सेवर रांची एवं झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन से जुड़े हैं, जिसमें प्राथमिकता से सरकारी रक्त अधिकोशों को सुदृढ़ करने और रक्तदान मुहिम में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ाने को लेकर कार्य करते है। इस दौरान शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ नीरज एवं कर्मचारी राशिदुल खैरी को ब्लड डोनर काउच भी सौंपे। उपायुक्त ने इस सहयोग के लिए पैराडाइज संस्था,रांची को धन्यवाद दिया।



## डिग्री कॉलेज सूर्यकुण्ड में पठन-पाठन को लेकर एकदिवसीय हल्ला बोल कार्यक्रम आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के डिग्री कॉलेज सूर्यकुण्ड, बरकट्ठा का भवन का निर्माण कार्य संपन्न होकर भवन बनकर तैयार है।परतुं पठन-पाठन एवं विधार्थियों का नामांकन दाखिल की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ कराने सहीत तेरह सूत्री अन्य मांगों को लेकर बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के द्वारा आज 11:00am बजे से अति आवश्यक बैठक व हल्ला-बोल कार्यक्रम रखा गया है।पूर्व विधायक ने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि आपसभी ससमय पहुचंने का कृपा करें एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की लडाई में साथ एवं सहयोग दें।




# उपायुक्त ने किया मांडू प्रखंड का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने मांडू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डीएमएफटी के तहत सांडी एवं पुण्डी पंचायत में निर्माणाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में अब तक हो चुके कार्यों एवं अंतिम चरण के कार्यों का जायजा लेने के क्रम में जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने एवं मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, अंचल अधिकारी मांडू, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मांडू, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।गौरतलब हो कि बच्चों को जीवन की शुरुआत से ही विकास की दिशा में आगे बढ़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य अंतिम चरण में है एवं जल्द ही महिलाओं व बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र उपलब्ध होगा।



## एनपीएस नीचे धौड़ा के बच्चों ने पोलियो जागरूकता प्रभातफेरी निकाली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा नीचे धौड़ा पोषण क्षेत्र में शनिवार को नव प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा के छात्रों द्वारा पोलियो अभियान को लेकर जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें दो बूंद जिंदगी के, बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाना है जीवन को बचाना हैं आदि नारे लगाए गये।

आगामी 2 जुलाई से पोलियो अभियान होना बताया गया। मौके पर प्राचार्य सबिता कुमारी, शिक्षक रवि हांसदा, रसोईया अनिता कुमारी, नसीमा खातून आदि उपस्थित थे।

## भाजपा का एक दिवसीय प्रमंडलीय बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** भाजपा द्वारा देश भर में चलाए जा रहे एक जून से तीस जून तक एक महीने का महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हो चुका है। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी उपस्थित थे।डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने एक महीने का सेवा समर्पण गरीब कल्याण महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम का हज़ारीबाग,गिरिडीह,धनबाद, रामगढ़,कोडरमा,बोकारो के कार्यकर्ताओं के साथ वृत साझा किया।डॉ गोस्वामी ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि घर घर जाकर 9090902024 पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मिस कॉल करवाकर केंद्र सरकार की नौ साल की योजनाओं के बारे में लोगों को बताए।डॉ गोस्वामी ने कहा की एक जुन से तीस जून तक भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान बड़े पैमाने पर जो चलाया गया वह संतोषजनक है पर जनसंपर्क अभियान का दायरा और बढ़े इसके लिए एक जुलाई से दस जुलाई तक की अवधि राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के निर्देशानुसार बढ़ाई गई है।उन्होंने कहा कि इस दस दिनों की अवधि में मठ, मंदिर के पुजारी,पाहन, गोड़ाएत,बड़े व्यवसायी,शहिद परिवार, पदमश्री,राष्ट्रपति पुरूस्कृत, किसान,प्रदेश,राष्ट्र के खिलाड़ी, डॉक्टर,इंजीनियर, वकील, प्रोफेसर, शिक्षाविद,पूर्व सैनिक, पूर्व अधिकारी सहित अन्य गाँव कस्बों में रहने वाले मानिनय प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलकर सरल एप्प में कार्यक्रम की रिपोर्टिंग को साझा करना सुनिश्चित करे।इसी बीच मे बूथ कमेटी,पन्ना कमेटी,शक्तिकेंद्र को हर हाल में दुरुस्त करने का भी निर्देश जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष को दिया है।



# सीसीएल परियोजना सिरका कार्यालय बरांडे में कामगारों के आई कार्ड बिखरे पड़े मिले, देखने वाला कोई नहीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र के सिरका परियोजना कार्यालय में एक और लापरवाही का नजारा उस वक्त सामने आया, जब सैकड़ों कामगारों के पहचान पत्र सिरका आंफिस के बरांडे में लावारिस हालत में यूं ही बिखरे पड़े हुए दिखे। जिसे देखने वाला कोई नहीं हैं। इनमें अधिकांश श्रमिकों के आई कार्ड सीएचपी सिरका बैंगन लोडर डिगनेशन के बताए जा रहे हैं। इस तरह सीसीएल कामगारों का पहचान पत्र ऑफिस परिसर में बिखरा पड़ा होना बेपरवाह होने को साबित करता हैं। कामगार बताते हैं कि चार माह पूर्व सिरका परियोजना कार्यालय में जर्जर भवन की मरम्मत और रंग रोगन का कार्य किया गया था। जिसके बाद से ही कामगारों के पहचान पत्र और कुछ दस्तावेज ऑफिस परिसर के इधर इर्द-गिर्द उड़े गिरे पड़े दिखाई दे जाएंगे। कई ऐसे जंग लगे सड़े आलमीरा दिखाई पड़ेंगे जो खुद असुरक्षित हो चुके हैं। जिसे देखने के बाद इसके अंदर रखे दस्तावेज कितने सुरक्षित होंगे, वो खोलने के बाद पता चल जाएगा। इधर मामले का पता चलने के बाद शनिवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अरगड्डा क्षेत्रीय सह सचिव सुशील कुमार सिन्हा, झारखंड मजदूर यूनियन के केन्द्रीय सचिव दिलीप भुईयां ने एक साथ बताया कि कामगारों के पहचान पत्र व कागजात की रक्षा और देखभाल प्रबंधन को हर हाल में सही तरीके से करनी हैं। लेकिन कार्यालय सिरका परिसर में आईकार्डो के इस प्रकार बिखरे पड़े रहना लापरवाही को प्रदर्शित करता हैं। प्रबंधन इसे सुधारें।



## रामगढ़ महाविद्यालय के छात्र बना जिला बैडमिंटन चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ अंग्रेजी विभाग सेमेस्टर चतुर्थ के छात्र आकाश कुमार को रामगढ़ जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट के मेंस डबल प्रतियोगिता में विजेता घोषित किया गया। चैंपियन की घोषणा और प्रमाण पत्र मिलने के बाद रामगढ़ महाविद्यालय में हर्ष का माहौल छाया हुआ है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रेखा प्रसाद ने कहा कि हमें ऐसे छात्रों पर गर्व है जिन्होंने महाविद्यालय का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है।आइक्यूएसी कोआर्डिनेटर और अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि महाविद्यालय के द्वारा खेलकूद में छात्रों को प्रोत्साहन देने का परिणाम है कि छात्र पदक हासिल कर रहे हैं।शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र आकाश कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे है। बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में डॉ सरिता सिंह, शालिनी प्रकाश, डॉ असीम खलखो, डॉ नीतू मिंज आदि शामिल हैं।

## स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा महाप्रबंधक सभागार में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा को ले क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें प्रथम डीएवी स्कूल गिद्दी ए की कुमारी कोमल सिंह, द्वितीय सृष्टि कुमारी लालमोहन बेदिया पब्लिक स्कूल,तृतीय स्नेहा कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोंगी विद्यार्थी रही। जबकि कई बच्चे को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। अवसर पर महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे ने बच्चों को स्वच्छता हेतु आवश्यक टिप्स दिए। साथ ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर एसओपी मोहम्मद फैयाज उल हक, पर्सनल के मनीष कुमार, स्मिता पन्ना, कर्मचारी दुर्गेश सिंह प्रहरी चरण आदि उपस्थित थे।

## बड़कागांव पुलिस ने ढेंगा से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** शनिवार को बड़कागांव पुलिस ने ढेंगा से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त किया। जप्त दोनों ट्रैक्टरों को थाना परिसर लाया गया। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में अवैध बालू कारोबार के रोकथाम को लेकर लगातार करवाई जारी है। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक पूरे झारखंड में पर्यावरणीय को देखते हुए एनजीटी लागू है। एनजीटी लागू के समय में नदी से बालू खनन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। श्री तिर्की ने ट्रैक्टर मालिकों से कहा की बालू धुलाई के लिए गाड़ी मालिक चालान के साथ ही बालू धुलाई करें। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की एसआई रितेश कुमार राव व पुलिस जवान के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।




# पल्स पोलियो अभियान 2023 के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत 5 साल तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा द्वारा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के निर्देश पर शनिवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कई सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से सभी विद्यार्थियों ने ग्रामीणों व अन्य लोगों को पोलियो की खुराक के महत्व एवं 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक किया गया वहीं सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक किया गया। शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों को 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जानकारी देने के क्रम में बच्चों से अपने अभिभावकों एवं आसपास के अन्य लोगों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जानकारी देने की अपील की गई। गौरतलब हो कि पल्स पोलियो अभियान 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 2 जुलाई को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं वही 3 एवं 4 जुलाई को सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा।



# एक जुलाई से तीन माह तक चलेगा विशेष मध्यस्थ्यता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ बृजेश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में एक जुलाई से तीस सितंबर तक व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में त्रैमासिक विशेष मध्यस्थ्यता का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष मध्यस्थ्यता अभियान को सफल आयोजन हेतु पी.डी.जे. की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं मध्यस्थों के साथ बैठक किया गया ताकि त्रैमासिक विशेष मध्यस्थ्यता अभियान को सफल बनाया जा सके । पी.डी.जे. ने कहा कि इस विशेष मध्यस्थ्यता अभियान में भरण पोषण सहित अंतरिम भरण पोषण मामलों, धारा 160, एम.वी. एक्ट के तहत अंतरिम मामलों सहित सड़क दुर्घटना दावा अधिनियम ,चेक बाउंस अपराधिक लघु अधिनियम के तहत उपयुक्त मामले , 498ए, आइपीसी के मामले , बिजली अधिनियम , उत्पाद शुल्क अधिनियम , फैक्ट्री अधिनियम वजन और माप तौल अधिनियम, खान और खनिज अधिनियम , वन अधिनियम , रेलवे अधिनियम के मामलों तथा अन्य उपयुक्त सुलह योग्य मामलों का निपटारा किया जाएगा । उन्होंने बताया कि अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए सभी प्रखंडों में पदस्थापित पारा लीगल वोलेंटियर के द्वारा पंपलेट वितरण करके और बैनर होर्डिंग लगाकर इसके व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया है जिससे अधिक से अधिक लोग इस विशेष मध्यस्थता अभियान के माध्यम से लाभ उठा सके और इस प्रकार की मध्यस्थता अभियान की सफलता सुनिश्चित की जाएगी।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बरही में पिछले एक महीना में 18 जानवरों की हुई चोरी, मचा हड़कंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बीते एक महीना में बरही में 18 जानवरों की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत शनिवार को ग्रामीणों ने बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन तिलैया रोड के उज्जैना ग्राम निवासी सुधीर राणा ने दिया। आवेदन में उन्होंने बताया कि बीते 26 जून की रात्रि लगभग 11 बजे हमारी गाय जिसका रंग काला एवं कीमत तीस हजार था, जो कि मेरे घर के सामने बंधा हुआ था। अगले सुबह करीब 4 बजे सोकर उठे और बाहर आकर देखा तो मेरी गाय उक्त जगह से गायब थी। जिसका काफी खोजबीन करने लगे तो पता चला कि हमारे गांव के एवं पूरे बरही से कई लोगों का गाय चोरी हुआ है। जिसमें गिलान टोला के संजय रविदास, सिकंदर रविदास, करण रविदास, मनोज रविदास, मंतोष रविदास का एक एक गाय चोरी हुई है।

## बेड़ाहरियारा मुखिया ने छात्रो के बीच पाठ्य सामग्री की वितरित



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड के रमुआ प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच पाठ्य सामाग्री का वितरण किया गया। वितरण बेडाहरियारा मुखिया रामचंद्र यादव के द्वारा किया गया। बच्चों को,रबर, कटर,पेंसिल,पेन,के अलावे इंस्ट्रूमेंट बॉक्स दिया गया। वितरण के पूर्व मुखिया ने विद्यालय के पठन-पाठन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों के आइक्यू टेस्ट के लिए बच्चों से कुछ सवाल भी पूछे गए जिसमें शत- प्रतिशत बच्चों ने मुखिया के सवाल का जवाब दिया, जिससे मुखिया भी गद गद नजर आयें।

## मुखिया विजय यादव ने किया मॉडल स्कूल का उद्घाटन




**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू में नवनिर्मित मॉडल स्कूल का उद्घाटन स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने फीता काटकर किया। साथ ही इस विद्यालय में नामांकित सैकड़ों विद्यार्थियो के बीच पठन - पाठन का सामग्री भी वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा की देश, समाज और गांव की नींव तभी मजबूत होती है, जब उस देश, समाज और गांव का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित होता है। शिक्षा ही ज्ञान और विकास की कुंजी है। साथ ही साथ उन्होंने पढ़ोगे तभी बढ़ोगे का भी नारा दिया। उन्होंने कहा की महंगाई के इस दौर में शिक्षा गरीब परिवार से दूर होती जा रही है। इस मॉडल स्कूल का शुभारंभ गरीब बच्चों को शिक्षा देने के लिए किया गया है और बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए बच्चों के लिए इस तरह के स्कूलों की आवश्यकता है। मुखिया विजय यादव ने कहा की आदर्श स्कूल के बच्चों के साथ प्रधानाचार्य और शिक्षकों को भी शिक्षा में सुधार के लिए प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा की बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए तैयार करने से ही मॉडल स्कूल का उद्देश्य पूरा होगा।

## एनटीपीसी ने परियोजना प्रभावित गांवों के 22 बच्चों को प्रशिक्षण के लिए रांची भेजा



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों के 22 इच्छुक बच्चों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलाने के लिए राजधानी रांची स्थित झारखंड टूल रूम भेजा गया। ये बच्चे जुगरा, अरहरा, चैपकला, उपर डाडी और पकरी बरवाडीह से हैं जिन्हें सभी सुविधाओं से लैस 1 साल की आवासीय प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। ये बच्चे अपनी रूचि के अनुसार मैकेनिक, वेल्डिंग और अन्य कोर्सो में प्रशिक्षण ले पाएंगे जिससे उन्हें आगे चलकर रोजगार की असीम संभावनाएं मिलेगी। आपको बता दें कि इससे पहले भी एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना प्रभावित गांव के 57 बच्चों को 2 बैच में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन सभी प्रशिक्षित 57 बच्चों को परियोजना के प्रयासों के सहारे विभिन्न कंपनियों में नौकरियां भी लग गई है। अब तीसरे बैच में 22 बच्चों को रांची रवाना किया गया है जहां वे साल भर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण ले पाएंगे। खुशी और उत्साह से लबरेज इन बच्चों को एनटीपीसी पकरी बरवाडीह की सीकरी साइट ऑफिस से बस से रवाना किया गया। इस मौके पर पंकज ध्यानी जीएम (एलए और आर एंड आर), एस.एस. मिश्रा (जीएम-इन्फ्रा), अमित कुमार अस्थाना एजीएम (एचआर), एम.के. गुप्ता (उपाध्यक्ष, झारखंड टूल रूम), ए. मिश्रा, वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी टूल रूम, एम.के. उपाध्याय, प्राचार्य मैती एवं अजीत कुमार डीजीएम (सीएसआर/आर) और एस.के. सेनापति डीजीएम (सीएसआर/आर) मौजूद रहे। उक्त आशय कि जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी।

## श्राद्धकर्म के लिए तिवारी महतो ने किया सहयोग

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू विधानसभा अंतर्गत प्रखंड के बक्सपुरा के रखवा निवासी लिलो महतो का श्राद्धकर्म के लिए आंदोलनकारी नेता मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो द्वारा खाद सामग्री देकर सहयोग दिया गया । इस दौरान आजसू कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित ग्रामीणों ने भगवान से मृतक लिलो महतो की आत्मा को शांति की कामना की,साथ ही उनके परिवार को ढाढ़स बंधाया गया। मौके पर मुख्य रूप से आजसू के प्रखंड उपाध्यक्ष दामोदर महतो, बाबूलाल महतो,संतोष महतोनीलकंठ महतो,गुरुदयाल महतो समेत मृतक के परिवार उपस्थित थे।

## बिजली के पोल में करंट से एक मवेशी की मौत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नवादा पंचायत भवन स्थित बिजली के पोल के संपर्क में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। बताते चलें कि शुक्रवार की सुबह में बैल पंचायत भवन के समीप ट्रांसफार्मर के करीब घास चर रहा था,इसी क्रम में ट्रांसफार्मर के पोल के संपर्क में आ गया जिससे विद्युत प्रवाहित हो गई और मवेशी की मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है,कि रंजीत यादव का बैल था।उसने कहा कि बिजली विभाग के लापरवाही से यह घटना घटित हुई है साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन से तथा बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मनाया गया डॉक्टर्स डे

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह एवं हेडमिस्ट्रेस मधुश्री भी उपस्थित रहीं। विद्यालय के बच्चों ने डॉक्टर्स डे को बड़े धूमधाम से मनाया।देशभर में आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस यानी नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जा रहा है। यह खास दिन प्रसिद्ध चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय को समर्पित है, जिनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना में हुआ था। इस दिन को मनाने के शुरुआत साल 1991 से हुई थी। इसका मकसद जीवन बचाने वाले डॉक्टरों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि डॉक्टरों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मान दिया जाए। भारत सरकार ने सबसे पहले नेशनल डॉक्टर डे साल 1991 में मनाया था। हर साल 1 जुलाई को देशभर में डॉक्टर्स डे मनाया जाता है।जब भी कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है, तो वो डॉक्टर के पास ही जाता है, क्योंकि डॉक्टर ही लोगों को छोटी ही नहीं कई गंभीर और खतरनाक बीमारियों से बचाते हैं। डॉक्टर को यूं ही भगवान के समान दर्जा नहीं दिया जाता है, उसके पीछे उनकी मेहनत साफ नजर आती है। डॉक्टर जीवन उद्धारकर्ता हैं किसी भी समाज के लिए डॉक्टर आवश्यक हैं। उन्हें जीवन उद्धारकर्ता माना जाता है।हमारे दैनिक जीवन में हम अक्सर उन स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करते हैं जो हमारी समझ से बाहर है परंतु डॉक्टर बीमारियों को दूर करने की कोशिश में लगे रहते हैं इसीलिए तो उन्हें धरती का भगवान कहा गया है। जिस समय हमारे देश में कोरोना नामक महामारी ने पैर पसारा था उस समय यह डॉक्टर ही थे जिन्होंने अपनी जान की चिंता न कर दूसरों की न जाने कितनी ही जाने बचाई थी। इस महामारी ने न जाने कितनी है डॉक्टरों को अपने अंदर समा लिया।अगर डॉक्टर ना रहे तो पता नहीं इस धरती का क्या होगा ÷भगवान सबकी जीवन की रक्षा खुद नहीं कर पाते इसलिए इस दुनिया में अपने रूप में डॉक्टर को भेज दिया।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
### जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची
Email – ddoranchi@gmail.com

**-: आवश्यक सूचना :-**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा दिनांक–**30.07.2023** के अपराह्न **05.00** बजे तक संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम

-: 02 गाय की योजना :-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (01 गाय) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीय चरण (01 गाय) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

-: 05 गाय की योजना :-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण: 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (03 गाय) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीय चरण (02 गाय) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

-: 10 गाय की योजना :-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण: 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (05 गाय) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीय चरण (05 गाय) | | 2,50,875/- | 1,70,375/- | 83,625/- | 1,70,375/- |

–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

अहर्त्ता :– ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी।

–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग (Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

अहर्त्ता :– ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो।

–: तकनीकी इनपुट सामग्रियों का वितरण :–

| सामग्रियों का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| संतुलित पशुआहार | 24 रू० प्रति किलोग्राम | 21.6 | 18 | 2.4 | 6 |
| एरिया स्पेसिफिक मिनरल/अच्छे विषिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्चर | 120 रू० प्रति किलोग्राम | 108 | 90 | 12 | 30 |
| शीतवर्द्धक सप्लीमेण्ट | 60 रू० प्रति किलोग्राम | 54 | 45 | 6 | 15 |

अहर्त्ता :– तकनीकी इनपुट सामग्री अन्तर्गत पशुआहार/मिनरल मिक्सचर/फीड सप्लीमेण्ट का लाभ लेने हेतु वैसे दुग्ध उत्पादक जिनके पास अधिकतम 10 अथवा उससे कम दुधारू पशु उपलब्ध हो।

नियम एवं शर्ते :–

- ➢ इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, राँची की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- ➢ वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- ➢ जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टांस्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समुह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू०– 10000/– अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- ➢ 02/05/10 दुधारू गाय की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायगा।
- ➢ दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- ➢ दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। पूर्व से मनरेगा अन्तर्गत निर्मित शेड के संबंध में लाभुक के सहमति पत्र के साथ संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विस्तृत सूची जिला पशुपालन पदाधिकारी/जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
- ➢ लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का क्रय गव्य विकास निदेशालय द्वारा निबंधित/सूचीबद्ध विक्रेताओं से किया जायेगा।
- ➢ हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित ईकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- ➢ चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- ➢ प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- ➢ वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- ➢ चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, खोवा/पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- ➢ लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- ➢ लाभुक अंशदान के मामले में (02/05/10 गाय) के चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त हीं लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त होगी।
- ➢ आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा कराना अनिवार्य है।
- ➢ प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसित सूची की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें ग्राम प्रधान/मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर नितान्त आवश्यक है।
- ➢ अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, धुर्वा, राँची से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
राँची

PR 301149 Animal Husbandry (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### यॉत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।

**अति–अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा प्रसंग सं0–डब्लू0 आर0 डी0/एम0 डी0 मण्डल/02/2023–24 दिनांक–01/07/23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation work of Right H/R gate, Left H/R gate, Canal gate and Escape gate With Embedded parts, Hoisting arrangement and Platform of **BATANE BARRAGE SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 28,06,342.00 (अठाईस लाख छः हजार तीन सौ बेयालीस) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 08(आठ) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | रू0 56,200.00 (छप्पन हजार दो सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | दिनांक 03.07.2023 (05:00 बजे अपराह्न )। |
| 6 | आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 10.07.2023 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 11.07.2023 तक (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 8 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.07.2023 (03:00 बजे अपराह्न)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–249232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकरी के लिए http://jharkhandtenders.gov.inमें देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR 301161 (District) 23-24 (D)



## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा (द्वितीय आमंत्रण)

**PR NO - 298826**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०–RRP( Giridih-2)16/2023-24 दिनांकः–28-06-2023

| क्र0 | विवरणी | ग्रुप नं0 | संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, गिरिडीह अन्तर्गत Changing rotten riser pipe of India Mark II Hand pump on "Turn Key" Basis | Gr.RRP-1 | 67 अदद | 9.76822 | 0.20000 | 1250.00 |
| | | Gr.RRP-3 | 65 अदद | 9.49626 | 0.19000 | 1250.00 |
| | | Gr.RRP-4 | 33 अदद | 4.81612 | 0.10000 | 750.00 |
| | | Gr.RRP-7 | 83 अदद | 12.12323 | 0.24500 | 2500.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 45 Days | | | | |
| 3 | वेबसाईट पर बिड Upload की तिथि/समय | From 03-07-2023, 4:00P.M | | | | |
| 4 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 10-07-2023 up to 4:00P.M | | | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 11-07-2023 up to 1:00P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 6 | निविदा प्राप्त बिड खोलने की तिथि/समय | 11-07-2023 up to 04.00 P.M | | | | |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह। | | | | |
| 8 | निविदा खोलने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 9 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7292898986 | | | | |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2480345 | | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती हैं। तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगी।

(ई0 मुकेश कुमार मण्डल)
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
संख्या–02, गिरिडीह।

PR.NO.301144 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



## झारखण्ड सरकार
### कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गुमला
### (खनन शाखा)

**गुमला जिला के बसिया अंचल अन्तर्गत मौजा–निनई, में भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी हेतू सूचनाः–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बसिया अंचल अन्तर्गत (1) मौजा–निनई (कोयल नदी के पूर्वी किनारे के पास), में भण्डारित 1,17,550 घनफूट बालू (2) मौजा–निनई (पहाड़ के पास) कच्ची रास्ता के बगल में भण्डारित 10,500 घनफूट बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली–2004 यथा संशोधन नियमावली– 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली– 2019 के नियम 54A के तहत उक्त स्थल पर जप्त भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी दिनांक 14.07.2023 को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्त्ता, गुमला की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जाएगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत हैः–

| क्र. | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10 % प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मौजा– निनई (कोयल नदी के पूर्वी किनारे के पास में) (Lat - 22.924885 ⁰ N Log - 84.748504 ⁰ E ) | 1,17,550 .00 घनफूट (एक लाख सत्रह हजार पांच सौ पचास) | 8,81,625 .00 | 88,163 .00 |
| 2. | मौजा–निनई (पहाड़ के पास ) कच्ची रास्ता के बगल में Lat - 22.924887 ⁰ N Log - 84.75342 ⁰ E) | 10,500 .00 घनफूट (दस हजार पांच सौ) | 78,750 .00 | 7,875 .00 |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले तिथि को ही बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से पन्द्रह दिनों के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली–2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त बालू खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई०डी० सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अंदर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. बन्दोबस्ती के पश्चात बालू का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुंच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश नीलामीधारी, नीलामी किये गये बालू का प्रेषण नहीं कर पाते है, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गयी राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
9. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयति भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. आम नीलामी में उच्चतम डाकवक्ताओं में अगर Tie (गुलोबन्द) होता है तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
11. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली–2004 (सभी संशोधनों सहित एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal, Mining, Transportation & Storage) Rules–2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
12. नीलामी मे भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसी संस्था जो खनन संबंधी व्यवसाय हेतु निबंधित है। दिनांक 12.07.2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, गुमला में आवेदन दाखिल कर सकतें है। आवेदन के साथ निम्नलिखित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगाः–
    - (क) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में।
    - (ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिर्टन की छाया प्रति।
    - (ग) आधार कार्ड की छाया प्रति।
    - (घ) आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
    - (ङ) पासपोर्ट साईज फोटो की एक प्रति।
    - (च) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्व से खनन पट्टा धारक है अथवा नहीं, यदि है तो खनन बकाया से संबंधित स्वामिस्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करेंगे।
13. किसी परिस्थिति/कारणवश आम नीलामी रद्द करने का सर्वाधिकार उपायुक्त, गुमला को सुरक्षित होगा।

**नोटः–विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, गुमला में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।**

ह०/–
उपायुक्त, गुमला

PR 301148Mines and Geology(23-24)#D

# गावां प्रखंड में नहीं है फायर बिग्रेड की गाड़ी, जिला व अनुमंडल से पहुंचते-पहुंचते सब कुछ हो जाता है राख

राजमणि पाण्डेय@प्रभात मंत्र




**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला के खोरी महुआ अनुमंडल अंतर्गत गावां प्रखंड में भीषण गर्मी पड़ रही है लोहे के तवे की तरह धरती तप रही है! सूरज मानो आग उगल रहा हो। इस प्रचंड गर्मी में एक छोटी सी चिंगारी सब कुछ जलाकर खाक कर सकती हैं लेकिन इससे बचाव के लिए गावां प्रखंड में पर्याप्त साधन नहीं है ना तो अग्निशामक वाहन है और ना ही कर्मचारी और ना ही इसके लिए पर्याप्त वाटर टैंक जिससे ग्रामीण या सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आग लगने पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सकता है ज्यादातर मामले में आग जब सबकुछ स्वाहा कर चुकी होती है तब फायर बिग्रेड की गाड़ी सिर्फ राख ठंडा करने पहुंचती है फायर बिग्रेड पहुंचने तक सबकुछ समाप्त हो चुका होता है हां शहर के आसपास के क्षेत्रों में अग्निशामक वाहन सही सूचना मिलने पर समय पर पहुंचती है और आग पर काबू भी पाती है परंतु गावां प्रखंड के अनेक ऐसे सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र हैं खोरी महुआ अनुमंडल एवं गिरिडीह जिला से अग्निशामक वाहन पहुंचते-पहुंचते बहुत देर हो जाती है गावां प्रखंड की आबादी एक लाख से अधिक है उसके बाद ही इतने बड़े क्षेत्र में एक भी फायर बिग्रेड की गाड़ी नहीं है। बहुत से प्राइवेट एवं सरकारी संस्थानों विद्यालय मैं भी अग्निशामक किट देखने को नहीं मिलता है। जिला से 100 किलोमीटर एवं अनुमंडल से 50 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद अग्निशामक फायर बिग्रेड की गाड़ी क्षेत्र में पहुंच पाती है तब तक घटनास्थल पर सब जलकर खत्म हो जाता है। गावां प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र पिहरा मैं अगर आग लग जाती है तो अनुमंडल क्षेत्र से दमकल विभाग को आते-आते बहुत समय लग जाता है। विधानसभा में भी दमकल बढ़ाने का मुद्दा उठाया गया था कि गिरिडीह जिला के 13 प्रखंड में फायर स्टेशन हो जहां कम से कम एक अग्निशामक वाहन हमेशा रहे। गावां प्रखंड क्षेत्र में फायर बिग्रेड अग्निशामक वाहन नहीं रहने के कारण कई बड़ी आगजनी घटना घटी है कई घर जलकर खाक हो गए हैं गर्मी के समय में कई किसान के घर इस आग की चपेट मैं आ जाते हैं। इतनी बड़ी आबादी पर अगर एक फायर बिग्रेड की गाड़ी रहे तो भविष्य में अग्निकांड की घटना से निदान पाया जा सकता है।

## जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक संपन्न

# हर बिंदु का मिला सकारात्मक उत्तर : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** सांसद धनबाद सह अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा), पशुपतिनाथ सिंह की अध्यक्षता में दिशा की बैठक समाहरणालय के सभागार में आयोजित की गई।इस अवसर पर माननीय सांसद ने कहा कि दिशा की बैठक सफल रही। उपायुक्त ने हर बिंदु पर सही दिशा में समस्या का सकारात्मक सोच के साथ समाधान करने का प्रयास किया। इसके अलावा तमाम पदाधिकारियों ने भी हर बिंदु पर सकारात्मक उत्तर दिए। सांसद ने कहा कि धनबाद में पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए वृहद रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक का उद्देश्य जनता की हर बुनियादी मांग को पूरा कर उन्हें संतुष्ट करना है। यह बैठक उपयोगी रहे यह सब का प्रयास होना चाहिए। सांसद ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने, जनसंख्या के अनुरूप जलापूर्ति योजना तैयार करने, चिरकुंडा में पानी की टंकी बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने, जीतपुर में पुल तक एप्रोच रोड को मरम्मत कराने का आग्रह किया। साथ ही झरिया जलापूर्ति योजना के प्रगति का पूर्ण प्रतिवेदन जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही कहा कि बीसीसीएल को कोयला खनन कर राज्य सरकार को जमीन जैसी थी वैसी हालत में लौटना चाहिए। परंतु बीसीसीएल खनन करके जमीन से निकाला गया ओवर बर्डन दूसरी जमीन पर रखकर उसे नुकसान पहुंचा रहा है। बैठक में माननीय विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की गंभीर समस्या का समाधान करने, तोपचांची में विवाह भवन बनाने, बनकर तैयार स्वास्थ्य भवन और हाई स्कूल को उपयोग में लाने, बरवाअड्डा टुंडी रोड में पुल तक अप्रोच रोड बनाने, खदानों में भारी मात्रा में स्टोर पानी को उपयोग में लाने का आग्रह किया। विधायक धनबाद राज सिन्हा ने मनोरम नगर, विकासनगर, जगजीवन नगर इत्यादि क्षेत्रों में पेयजल समस्या का समाधान करने, तैयार सरकारी भवनों का उपयोग करने, 2014 में परसयिया में बने भवन की जर्जर स्थिति के लिए जवाबदेही तय करने का सुझाव दिया। साथ ही विभिन्न खराब सड़कों की शीघ्र मरम्मती कराने का अनुरोध किया।

## वेव इंटरनेशनल स्कूल की ओर से बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत सहरपुरा में स्थित वेव



इंटरनेशनल स्कूल की और से बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुरुवात अभिभावकों के द्वारा फीता काट कर एवं कार्यक्रम की शुरुवात विद्यालय के निदेशक एवं प्रिंसिपल सूरज लाला ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में देखने को मिला की हमें इनसे छुटकारा पाने के लिए बहुत ही नवीन दृष्टिकोण की आवश्यकता है। ऐसी वस्तुएं जिन्हे आस पास देखते है और वे अपशिष्ट हो चुकी है , उन्हे हम पुनर्चक्रण एवं पुनः प्रयोग के माध्यम से उपयोग में ला सकते हैं। कुछ ऐसी ही प्रतिभा इस प्रतियोगिता में देखने को मिली , जहाँ विद्यार्थियों ने अपेक्षित वस्तुओं को अपनी रचनात्मक विचार के माध्यम से नया रूप देकर उन्हे पूर्ण रूप से वापस उपयोगी बना दिया। वेव इंटरनेशनल स्कूल के होनहार छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का सही इस्तेमाल करते हुए विद्यालय में आयोजित बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रदर्शनी में और अपेक्षित वस्तुओं को लैंडफिल में डालने के बजाय, विभिन्न नवीन और रचनात्मक विचार का प्रयोग करते हुए उन्हे नया और उपयोगी रूप दे दिया।

## रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर ने डॉक्टर्स डे व सीए डे मनाया व विद्यालय में गुलाब के पौधे लगाए

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह शनिवार को रोटरी क्लब



ऑफ गिरिडीह ग्रेटर के तत्वावधान में रोटरी दिवस के उपलक्ष्य पर पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं सामाजिक कार्यो में पुनःअपनी भागीदारी को अग्रसर करते हुए डीएवी पीएस सीसीएल गिरिडीह के प्रांगण में 30 गुलाब फूल के पौधे लगाए जो की क्लब के अंतर्गत संचालित इंटरैक्ट क्लब ऑफ़ के द्वारा ही देख रेख किया जाएगा और उद्यान के रूप में विकसित किया जाएगा। मौके पर बतौर स्कूल के प्राचार्य भैया अभिनव कुमार, इंटरैक्ट कोऑर्डिनेटर स्वपन बनर्जी जो कि आज ही सेवा निवृत हुए। इंटरैक्ट क्लब के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यगण, रोटरी गिरिडीह ग्रेटर के अध्यक्ष दीपक सोंथालिया, सचिव शंकर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्षगण, सदस्यगण, स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिका व छात्रगण उपस्थित थे वहीं डे तथा डॉक्टर डे अवसर पर भी क्लब ने सिविल सर्जन एस पी मिश्रा के कार्यालय पर जाकर शॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया एवम शहर के सबसे वरिष्ठ सह समाजसेवी श्रवण केडिया को भी उनके कार्यालय पर सम्मानित किया साथ ही क्लब के 07 सदस्यों को पुष्पगुच्छ तथा एक भेट देकर सम्मानित किया तथा 03 डॉक्टर मेम्बर को भी सम्मनित कर आज के दिन को यादगार बनाया गया ।

## इन्सानियत से बड़ा कोई परोपकार नहीं : सतपाल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एस आई उप निरीक्षक भारत भूषण पटेल बैंक मोड़ थाना के लिखित अनुरोध पर अज्ञात लावारिस लाश का अंतिम संस्कार झारखंड सिख सेवा सोसायटी के द्वारा मटकुरिया श्मशान घाट में किया गया जो पुलिस के लिखित अनुरोध में बताया गया है कि अज्ञात शव जोड़ा फाटक हनुमान मंदिर के पास में पाया गया था जो कि भीख मांग कर अपना गुजारा करता था सेवा करते हुए मुखाग्नि देते हुए झारखंड से सेवा सोसायटी के सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा मानवता की सेवा करना ही मुख्य उद्देश्य है इसे सौभाग्य समझकर करते आ रहे हैं 100 से अधिक अब तक लावारिस अज्ञात लोगों का संस्कार कर चुके हैं आगे भी करते रहेंगे गुरु के उपदेश को चरितार्थ करते हुए उनके उपदेश मानस कि जात सबों के पहचानबों के तहत सेवा करने में ही आत्मिक प्रसन्नता कि अनुभूति होती है आज की सेवा में भजन सिंह बलविंदर सिंह सलूजा आदि थे।

## बीसीकेयू व मायुमो की संयुक्त बैठक ईस्ट बसुरिया में संपन्न

# असंगठित मजदूरों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : पवन

प्रभात मंत्र सवांददाता



**धनबाद :** शनिवार 1 जुलाई को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन एवं मार्क्सवाद युवा मोर्चा ने ईस्ट बसुरिया यूनियन कार्यालय के बाहर प्रबंधन के खिलाफ एकजुटता का परिचय देते हुए नारेबाजी की। उसके बाद दोनों संगठन का संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता दुलाल चंद्र बाउरी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि ईस्ट बसुरिया कोलियरी क्षेत्र अंतर्गत खेमका आउटसोर्सिंग कंपनी में कोयला उत्पादन शुरू हो गया है। कोलियरी प्रबंधन से असंगठित मजदूरों का लिखित वार्ता हुई थी कि 60प्रतिशत कोयला रोड सेल को दिया जायेगा एवं 40प्रतिशत कोयला रेक के माध्यम से अनयंत्र भेजा जाएगा। इसी को लेकर 1 माह पूर्व प्रबंधन से वार्ता हुई थी की साइडिंग स्थल पर कोयला डिपो बनाकर असंगठित मजदूरों को ट्रक लोडिंग का कार्य दिया जाएगा। लेकिन 1 माह बीत गया अभी तक प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है, मजबूरन बीसीकेयु एवं मायुमो संयुक्त रूप से प्रबंधन के खिलाफ गोलबंद होकर जत्थेवार आंदोलन चलायेंगे। बैठक में शाखा सचिव भोला चौहान, सवरजीत कौर, आर के ठाकुर, नंदकुमार भुइयां, अरिंदम दत्ता, सुनील रामदास, आनंद रवानी, अमरजीत रवानी, प्रदीप रवानी, अर्जुन रवानी, सुखदेव बाउरी, छोटू गुप्ता, शंकर राम, भवानी दास, बूटन बाउरी, राजू बाउरी, राधे बाउरी, सुरेंद्र भुईया, जितेंद्र भुईया आदि लोग शामिल थे।

## भाजपा नेता विक्रम तर्वे ने चौथे दिन चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र सवांददाता

**बिरनी :** शनिवार को भाजपा नेता विक्रम तर्वे के नेतृत्व में लगातार चौथे दिन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। आपको बता दें की भारतीय जनता पार्टी द्वारा निर्धारित जनसंपर्क अभियान के तहत चल रहे हर घर सम्पर्क में मेरा बूथ सबसे मजबूत में शनिवार को भरकट्टा मंडल के अंतर्गत पंचायत पेशम के ग्राम सुइयाडीह में बूथ संख्या 117 एंव ग्राम पंडवाडीह के बूथ संख्या 119 में कार्यकर्ताओं से मिलकर बूथ किट वितरण किया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 सालों की उपलब्धि और विकास को जनता के बीच पहुंचाया गया। इस बीच उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं एंव स्थानीय जनता में काफी उत्साहित देखा गया।

## अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने मनाया 73वां स्थापना दिवस




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** को बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के धनबाद ईकाई द्वारा अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ का 73 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। धनबाद शाखा एक के अध्यक्ष साथी राकेश कुमार ने संघ का झंडा फहराया। एआईआईईए की स्थापना 01 जुलाई 1951 को हुई थी। तब से लेकर अब तक के अपने 72 वर्षों के सफर में बीमा उद्योग के राष्ट्रीयकरण से लेकर एलआईसी एवं साधारण बीमा निगम के सार्वजानिक स्वरुप को बनाए रखने में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने प्रमुख भूमिका निभाई है।

## जल जांच प्रयोगशाला सहित वाटर टेस्टिंग लैब के भवन का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**निरसा :** दा घा नि की मैथन परियोजना अंतर्गत जल जांच प्रयोगशाला सहित वाटर टेस्टिंग लैब के भवन का उद्घाटन डीवीसी के तकनीकि सदस्य एम रघुराम ने किया। यह प्रयोगशाला काफी उन्नत है।

इससे न सिर्फ डीवीसी के आवासीय क्षेत्र की जल की गुणवत्ता की जांच की जायेगी बल्कि आस पास के क्षेत्रों में भी उपलब्ध पीने के पानी की स्तर की जांच की जा सकेगी।

वहीं उप प्रबंधक रसायन रजक ने प्रयोगशाला के सभी उपकरणों की विधिवत जानकारी सदस्य तकनीक को दी। इस कार्यक्रम के अवसर पर मैथन क्षेत्र में आपूर्ति होने वाली जल की भी जांच की गई और जांच उपरांत भारतीय मानक पर खरा पाया गया।

वहीं पूर्व परियोजना प्रमुख ने पुष्प गुच्छ देकर अतिथि रघु राम का स्वागत किया और रघु राम एवं परियोजना प्रमुख दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काट कर भवन का उदघाटन किया।

इस कार्यक्रम में एम रघु राम के अतिरिक्त मैथन के परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे, मुख्य अभियंता संजीत सिन्हा, अभिजीत चक्रवर्ती, मधु कांत झा, जयंत बनर्जी, दीपांकर चौधरी, संतोष महापात्र सहित सारे मुख्य अभियंता एवं विभाग प्रमुख मौजूद थे।

इस कार्यक्रम की देख रेख वरीय प्रबंधक मैथन जलाशय विभाग, नाग सुधा कर रही थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में लोमस कुमार, अतुल सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

सदस्य तकनीक उद्घाटन के पश्चात सभी विभागों की समीक्षा बैठक करेंगे।

## बाघमारा में गीत लेख भाषण के माध्यम से मनाया गया हुल दिवस

# इतिहास रचने के लिए कोई लंबा समय नहीं, बल्कि एक दृढ़ निश्चय ही काफी होता है : दीपक किस्कू




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** गीत, लेख, भाषण एवं कविताओं के माध्यम से बाघमारा प्रखंड अंतर्गत दरिदा पंचायत के सिनदवारटाड़, में बीर बांटा सिद्धू-कानू हूल दिवस मनाया गया। आदिम जूमिद संगठन एवं समस्त ग्रामसभा ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर गाँव के मांझी बाबा शंकर सोरेन कार्यक्रम में शामिल लोगों का हौसला अफजाई किए। कार्यक्रम की शुरुआत बीर बांटा सिद्धू-कानू के चित्र पर नमन करते हुए माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए दीपक किस्कू ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को अपने बातो से प्रभावित किया, कि देश के आंदोलनों के इतिहास में युवाओं का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। उन्होंने बाबा तिलका मांझी, बिरसा मुंडा, साथ ही, सिद्धो कान्हो, चांद-भैरव, फूलों झानो, सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद का उदाहरण पर ज़ोर दिया, कि इतिहास रचने के लिए कोई लंबा समय नहीं, बल्कि एक दृढ़ निश्चय ही काफी होता है। और सिद्धो कान्हू, तिलका मांझी की जीवनी ही हमें एक आत्मविश्वास देता है, इतिहास गढ़ने की प्रेरणा और हिम्मत भी देती है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता : सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र सवांददाता



**गिरिडीह :** गिरिडीह सदर प्रखंड के अंतर्गत लेदा पंचायत के हटिया मैदान में झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इकाई के बैनर तले सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का बीते14 मई को दो सेंटर पर किया गया था । जिनका पुरस्कार वितरण समोराह का आयोजन शनिवार को किया गया । इस आयोजन में मुख्य अतिथि संघ के संस्थापक अजीत कुमार मिश्रा विशिष्ट अतिथि पूर्व मुखिया वासुदेव नारायण सिंह , मुखिया प्रतिनिधि विनोद पांडेय , सिंदवारिया मुखिया रामेश्वर प्रसाद वर्मा , संघ के अध्यक्ष सहदेव महतो ,सचिव प्रमोद कुमार गुप्ता , कोषाध्यक्ष प्रयाग प्रसाद वर्मा, रवि साहू पं .स.स. लेदा, पूर्व उपमुखिया राजेन्द्र गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता नरेश कुमार साव, मनोहर राम रहें । कार्यक्रम की शुरुआत बच्चियों के द्वारा स्वागत गान एवं अतिथियों का माल्यार्पण करके किया गया। प्रखंड स्तर पर इस प्रतियोगिता में बिस विद्यालय से बच्चे, अभिभावक एवं शिक्षक सम्मलित थे।

# हेल्दी बेबी शो का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति माता-पिता को जागरूक रखने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा श्रीमती भारती शर्मा के मार्गदर्शन में केन्द्रीय चिकित्सालय, पटना में Healthy Baby Show का आयोजन किया गया। इस Healthy Baby Show में भारी संख्या में रेलकर्मी अपने-अपने बच्चों के साथ उपस्थित हुए।

डॉ. ओझा द्वारा Immunization and Health Care of Children, डॉ. अल्पना द्वारा Healthy Family for Healthy Baby और डॉ सोनाली ने Oral Hygiene के प्रति उपस्थित लोगों में जागरूकता बढ़ाई ।

सभी रेलकर्मियों और बच्चों के लिए खाने की व्यवस्था की गयी थी।कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों के बीच पारितोषिक वितरित किया गया। इस अवसर पर संगठन की सचिव सीमा गोयल एवं संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं ।

# एयरपोर्ट की सुविधा के लिए उड्डयन मंत्री को लिखा पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद पूरे देश एवं विश्व में कोयला राजधानी के रूप में जानी जाती है।

विगत कई वर्षों से एक डोमेस्टिक एयरपोर्ट के लिए तरस रही है।

इसी जरूरत को उजागर करते हुए लायंस क्लब इंटरनेशनल के जोनल चेयरपर्सन देव कुमार वर्मा ने मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि देवघर और बोकारो के अलावा धनबाद में भी डोमेस्टिक एयरपोर्ट की सुविधा लोगों को मिले। पत्र में उन्होंने आईआईटी आईएसएम से लेकर बीसीसीएल की जरूरतों को उल्लेख किया है।

# टॉपरों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन

दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र



**टुंडी :** टुंडी के दूबराजपुर स्थित शिबू सोरेन इंटर कालेज सभागार में आज टुंडी के विधायक सह कॉलेज सचिव सह संस्थापक मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी टॉपरों को सम्मानित करते हुए टुंडी विधायक ने कहा कि हर असहायों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में शिबू सोरेन इंटर कॉलेज अग्रणी भूमिका निभायेगा। बताया जाता है कि सत्र 2021-23 में कला एवं वाणिज्य के छात्र छात्राओं द्वारा शत प्रतिशत सफलता प्राप्त करने वालों सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें जिला टॉपर कला संकाय में प्रथम स्थान तनु कुमारी, द्वितीय विवेक कुमार गुप्ता, चमेली कुमारी, शिवानी कुमारी वाणिज्य संकाय में संजना दास,विनय मरांडी, खुशी कुमारी आदि ने कॉलेज के साथ साथ प्रखंड और जिला में भी अपना नाम रोशन किया समारोह में मुख्य रूप से टुंडी अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी, कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल, पीएनबी शाखा प्रबन्धक अनूप कुमार, विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, झामुमो के वरिष्ठ नेता फूलचंद किस्कू, बबलू सिंह, इस्लाम अंसारी,जय कृष्ण शरणं, चन्द्रशेखर महतो, भुनेश्वर सिंह, शंभूनाथ महतो बेबी देवी मौजूद थे सम्मान समारोह का संचालन सुभाष चन्द्र गोप ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य श्याम सुन्दर पाण्डेय ने किया। तथा टुंडी उपमुखिया संतूलाल किस्कू उपस्थित थे।

# नेशनल डॉक्टर्स डे पर रक्तदान शिविर-सह-स्वास्थ्य जांच का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गनिर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया। सिविल कोर्ट परिसर में स्थापित रक्तदान शिविर में कुल 42 युनिट रक्त दिया गया जिसमें न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मी, पूलिस बल के जवान एवं पीएलवी शामिल रहे। रक्तदान करने वालों में डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के अतिरिक्त निखिल कुमार तिवारी, अनुप कुमार, संजीव कुमार, नीतू सिन्हा, अमित कुमार सिंह, अताउर रहमान, बिंदेश्वर भगत, प्रदीप ठाकुर, कमलेश नायक, धीरज कुमार सिंह, मिथुन कुमार वर्मा, मिस स्वेता




कच्छप, रंजीत कुमार सिंह, उमेश कुमार, मिस उर्मिला सिंह, छोटू राम, लक्ष्मण मंडल, जितेंद्र कुमार चौबे, मनीष कुमार वर्मा, राजीव कुमार, नारायण साहू, रवि कुमार, अभिषेक कुमार,रोहित कुमार तमेरा,शाहिद हुसैन, मिस पुनु देवी, मिस सीमा कुमारी, अजय कुमार,अल्फा कच्छप, प्रियांशु कुमार यादव, तुलसी राम,अजय कुमार,रविन्द्र ठाकुर, शीतू वर्मा, सरफराज अहमद, अंकित लकड़ा, हिमांशु डुंग डुंग, वोवैश आलम शामिल थे। रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सकों के देखरेख में किया गया। सदर अस्पताल के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ शंकर प्रसाद,डॉक्टर सोनल सोनी बरवार एवं ब्लड बैंक टेक्निशियन उमेश प्रसाद के अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य सहायक उपस्थित थे। रक्तदान शिविर के दौरान लोगों ने अपने बीपी, शुगर आदि की भी जांच कराए एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चिकित्सकों से परामर्श लिए। रक्तदान करने वालों में रक्तदान को लेकर उत्साह दिखा। रक्तदान के पश्चात् रक्तदान करने वालों को प्रोत्साहन के रूप सर्टिफिकेट, टोपी एवं चाबी रिंग का छल्ला दिया गया। जबकि त्वरित उर्जा स्फूर्ति के लिए एनर्जी ड्रिंक, केला, एवं बिस्किट प्रदान किया गया। सिविल कोर्ट के निबंधक राज कल्याण ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किये। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पहल पर आज का रक्तदान शिविर लगाया गया था, जिसमें आशातीत सफलता मिली। राजेंद्र उरांव नामक व्यक्ति ने इसी बीच लोहरदगा डालसा से अपनी मां रतनी देवी जो कैंसर से पीड़ित है के लिए सहयोग मांगा, जिन्हें तुरंत सदर अस्पताल के चिकित्सकों के सहयोग से 02 यूनिट खून दिया गया। नेशनल डॉक्टर्स डे पर डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल ने उपस्थित डॉक्टरों को बधाई दी और आज के कार्यक्रम पर संतोष व्यक्त किया।

## बीडीओ ने संचालित विकास योजना को लेकर पंचायत समिति के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में संचालित विकास योजना का समीक्षा पंचायत समिति बैठक के दौरान करते हुए दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को पंचायत समिति का बैठक आहूत किया गया। उक्त बैठक प्रमुख फुलझरी उराँव के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक के दौरान संचालित विकास योजना का समीक्षा कर पंचायत समिति सदस्यों से चयन योजना को स्वकृति हेतु लिया गया। साथ ही विभिन्न पंचायत में संचालित योजना पर चर्चा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि जो योजना अपूर्ण है उसे ससमय पूर्ण कर अभिलेख बन्द करने का निर्देश पंचायत कर्मियों को दिया गया। साथ ही जिस पंचायत में योजना पूर्ण के साथ अभिलेख बन्द कर दिया गया है। उस पंचायत में नए योजना की स्वीकृति हेतु योजना लिया गया। और ज्यादा से ज्यादा योजना चयन करने तथा क्षेत्रीय मजदूर को रोजगार मुहैया कराने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। प्रमुख फुलझरी उराँव ने योजन समीक्षा के दौरान बताया गया कि पंचायत गांव में छोटी छोटी योजना संचालित कर मजदूर वर्ग को रोजगार मुहैया कराया जाए जिससे पलायन हो रहे मजदूरों को रोका जा सके साथ ही मनरेगा योजना के माध्यम से संचालित योजना में मजदूरी भुगतान ससमय मजदूरों को करवाने की बात कही गई।

## पथ चौड़ीकरण को ले रैयतों के साथ ग्रामसभा का हुआ आयोजन, जमीन अधिग्रहण पर की चर्चा



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में पथ चौड़ी करण एवं नवीनीकरण हेतु रैयती भूमि अधिग्रहण को लेकर पंचायत भवन सेन्हा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहरदगा गुमला मुख्य पथ से भंडरा प्रखंड को जोड़ने एवं पथ चौड़ी करण किया जाना है। जिसको लेकर झालजमीरा पंचायत एवं उगरा पंचायत सहित सेन्हा पंचायत में पथ चौड़ी करण के दौरान रैयतों का जमीन अधिग्रहण किया जाना है। जिसको लेकर पूर्व में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। परंतु कॉलम पूर्ण नही होने के कारण ग्रामसभा स्थगित किया गया था। इसी निमित शनिवार को पंचायत भवन सेन्हा में सेन्हा मौज के वैसे रैयत के साथ ग्राम सभा आयोजन किया गया जिसका जमीन पथ चौड़ी करण में अधिग्रहण किया जा रहा है। ग्रामसभा के दौरान ग्राम प्रधान,मुखिया धनबाज उराँव,अंचलाधिकारी विजय कुमार अंचल निरक्षक चन्द्रप्रकाश मेहता, राजस्व कर्मचारी रामा महतो के अलावे विभिन्न गांव के रैयत शामिल थे। ग्राम सभा के दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार रैयतों की बात को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए बताया कि सरकारी प्रबधन के अनुरूप कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा जमीन का मालिकाना हक पुष्टि होने पर उसे मुआवजा दिया जाएगा। जिसको लेकर सभी रैयत को जमीन संबंधित दस्तावेज,आधार कार्ड एवं वंशावलि के साथ कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। जिसपर रैयतों ने मुआवजा में वृद्धि का मांग किया साथ ही कार्य आरम्भ करने के पूर्व अधिग्रहण जमीन सीमांकन करने की मांग किया गया। मौके पर केदार महतो, सुरेश महतो,जयप्रकाश साहू, संजय साहू सहित बन्धाटोली तथा बरवाटोली एवं सेन्हा के जमीन रैयत उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने भारत स्काउट एवं गाईड के बच्चों के बीच किया प्रमाण-पत्र का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज भारत स्काउट एवं गाईड के 186 बच्चों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। यह प्रमाण-पत्र बच्चों को नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट में दिनांक 06 मई 2023 से 10 मई 2023 तक आयोजित ट्रैकिंग-सह- नेचर स्टडी कैंप में शामिल होने के लिए दिया गया। इस कैंप में लोहरदगा जिला के कुल 186 स्काउट एवं गाईड ने भाग लिया था। आज इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में इस कैंप का आयोजन होना बहुत ही अच्छी बात है। इसका अनुभव बच्चों को आनेवाले समय में मिलेगा। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्र रहे कई आज विभिन्न सरकारी पदों पर पदासीन हैं। उपायुक्त ने कहा कि जो बच्चे ट्रैकिंग के क्षेत्र में जाना चाहते



हैं वे भविष्य में दार्जिलिंग, सिक्किम, उत्तराखण्ड जैसे हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में आयोजित होने वाले ट्रैकिंग कैंप में हिस्सा लें,इससे आपका हुनर निखरेगा। देश के विभिन्न हिस्सों से आनेवाले युवाओं से मिलेंगे तो उसका एक अलग अनुभव आपको मिलेगा। अगली बार मौका मिले तो आप इन क्षेत्रों में जाएं। आज जिन्हें प्रमाण-पत्र दिया गया उनमें इंटर महाविद्यालय किस्को, चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, संत अन्ना विद्यालय, नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय, उर्सुलाईन कॉन्वेंट उच्च विद्यालय, संत स्तानलिस उच्च विद्यालय समेत अन्य संबंधित विद्यालयों के स्काउट एवं गाईड उपस्थित थे। आज इस मौके पर भारत स्काउट एवं गाईड के जिला सचिव शैलेंद्र सुमन,नदिया हिन्दू प्लस 2 नदिया स्कूल के शिक्षक अनिल कुमार, इंटर कॉलेज के शिक्षक अब्दुल्ला परवेज, संत स्तानीसिलास के प्रभारी शिक्षक, स्काउट लीडर शमशाद अंसारी, संबंधित विद्यालयों स्काउट एवं गाईड उपस्थित थे।

# झारखंड पार्टी द्वारा केंद्रीय महा अधिवेशन का हुआ आयोजन केंद्रीय अध्यक्ष बने एनोस एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी द्वारा रांची के कार्निवाल सभागार डीबडीह में केंद्रीय महाधिवेशन का आयोजन हुआ केंद्रीय महा अधिवेशन में पूरे राज्य भर से झारखंड पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दौरान सर्वप्रथम संगठन को सुचारू रूप से संचालन के लिए पुणर्भग करते हुए केंद्र समिति का चुनाव हुए जिसमें सर्व समिति से पूर्व मंत्री एनोस एक्का को झारखंड पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया। मैं इस दौरान उपस्थित पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत ने कहा कि संगठन लगातार दिन प्रतिदिन मजबूत हो रही है और आने वाले दिनों में झारखंड पार्टी पूरे राज्य में विधानसभा चुनाव में पूरे दम के साथ उतरेगी और जीत दर्ज करेगी। उनका के राज्य में जिस प्रकार वर्तमान स्थिति है वह किसी से छिपा हुआ नहीं हर तरफ अराजकता का माहौल है ऐसे में




झारखंड पार्टी की एक ऐसी पार्टी है जो जमीन से जुड़ कर लोगों का भला करती है और लोगों का जिस प्रकार सहयोग मिल रहा है इससे आने वाले चुनाव में इसका परिणाम भी मिलेगा।पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि जिस प्रकार झारखंड पार्टी ने एक बार फिर से केंद्रीय अध्यक्ष की दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा और संगठन को बूथ स्तर तक ले जाकर मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरी समर्पित रूप से कार्य करें ताकि संगठन और मजबूत हो। इस मौके पर संगठन में नई ऊर्जा के साथ काम करने के लिए कई प्रकार के दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर केंद्रीय समिति का विस्तार करते हुए बताया गया केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत, केंद्रीय सचिव ललित समद, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव रोस प्रतिमा सोरेंग, सचिव अनिस कुमार सिंह, दुतामि हेमरोम, सुनीता देवी को बनाया मौके पर झारखंड पार्टी सिमडेगा के जिला समिति प्रखंड समिति एवं पंचायत समिति के सदस्य सहित राज्यभर के अलग-अलग हिस्सों से आए हुए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसोसिएशन ने गुमला उपायुक्त को ट्रकों का परिचालन को लेकर सौंपा ज्ञापन



**लोहरदगा/गुमला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव जी से मुलाकात की एवं मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन ने उपायुक्त महोदय को बताया कि हम लोगों के ट्रक हिंडाल्को कंपनी के बॉक्साइट माइन्स में चलते हैं,लगभग एक महीने से बीमरला, गुरदरी माँईसो से ट्रकों का परिचालन नहीं होने के कारण और न्यू अमतीपानी (चिरोडीह) से भी लगभग ट्रकों के परिचालन बंद होने के कारण लगभग ग्यारह सौ ट्रक प्रभावित हो रहे हैं, जिसके कारण प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लोडर, अनलोडर, चालक, सह चालक, गैरेज, मिस्त्री, टायर दुकान, होटल, पेट्रोल पंप सहित लगभग पचीस से तीस हजार लोग इससे प्रभावित हैं, इस बीच हिंडाल्को कंपनी से तीन बार एसोसिएशन की वार्ता हुई है जिसमें कंपनी का कहना है कि हमें जिला प्रशासन की ओर से जमीन नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण हम बॉक्साइट देने में असमर्थ है। एसोसिएशन ने उपायुक्त महोदय को यह बताया कि खड़े ट्रकों के कागजात सहित अन्य खर्च से ट्रक मालिकों की कमर टूट जा रही है, इसलिए यथाशीघ्र सहयोग करते हुए ट्रकों का परिचालन शुरू कराने की कृपा की जाए। इस पर उपायुक्त महोदय ने ध्यानपूर्वक बातों को सुनते हुए एसोसिएशन को आश्वस्त किया कि आपके रोजगार के प्रति हम कटिबद्ध हैं और शीघ्र ही इस मुद्दे का समाधान किया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। आज के प्रतिनिधि मंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह, रहमत अंसारी एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के अध्यक्ष विनय राम, शंकर ऊराव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने समर कैंप कार्यक्रम का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा फीता काटकर समर कैंप कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अविराम स्कूल आने वाले वर्षों में क्षेत्र का गौरव बढ़ाएगा और अच्छे भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमे इस प्रकार के क्रियाकलापो का अत्यधिक योगदान रहता है। पढ़ाई के साथ एक्स्ट्रा एक्टिविटीज भी जरूरी है, जिसके द्वारा बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है। समर कैंप में बच्चों द्वारा कार्यक्रम किया गया, जिसमें मनवा लागे नृत्य में प्राची कुमारी सभी का मन मोह लिया, क्लास नर्सरी से दसवीं तक बच्चों ने एक्टिविटीज की जिसमें क्लास नर्सरी के द्वारा बैलून रेस में प्रथम-सचिन और अनुप एवं क्लास-3 के द्वारा म्यूजिकल चेयर में प्रथम आई सृष्टि। वेस्ट मेटेरियल द्वारा हैंड क्राफ्ट जिसमे बैग आदि बनाया गया प्रथम स्थान पुष्पांजलि कुमारी ने प्राप्त किया। इस मौके पर चिनीवास, सुनीता मैम, रीता मुक्ता रौशन, शबनम, शशि, बबिता, पूजा, तारामणि सहित सभी टीचर उपस्थित थे।

## जीटीपीएस में लोकतांत्रिक तरीके से हुआ छात्र-संगठन का चुनाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में छात्र-संगठन हेतु लोकतांत्रिक तरीके से मतदान कराया गया। विद्यालय के सभी बच्चों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर हेड बॉय, हेड गर्ल, कल्चरल सेक्रेट्री, स्पोर्ट्स सेक्रेट्री आदि पदों के लिए मतदान किया। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने बताया कि सत्र 2023-24 के लिए विद्यालय के छात्र-संगठन का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराने के पीछे का उद्देश्य बच्चों को देश की चुनाव प्रणाली की जानकारी देना एवं मतदान के महत्व को बतलाना है। इस निमित्त जून माह के अंतिम सप्ताह में छात्रों ने विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन भरा था। उम्मीदवारों के द्वारा चुनाव प्रचार के बाद विधिवत 1 जुलाई को मतदान कराया जा रहा है और परिणाम की घोषणा मतगणना के बाद 8 जुलाई को समारोह पूर्वक की जाएगी।

## भंडरा स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों ने केक काटकर डॉक्टर्स डे मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने केक काटकर डॉक्टर्स डे मनाया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉक्टरों ने एक दूसरे को केक खिलाकर डाक्टर्स डे की शुभकामना दिए। मौके पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर संजय कुमार ने कहा कि डाक्टर को भगवान का दूसरा रुप का दर्जा दिया जाता है। हम सभी को अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निर्वहन करना चाहिए। अस्पताल में पहुंचने वाले मरीज व उनके स्वजनों को डाक्टर से बहुत उम्मीद जुड़ी होती है। जिनका ख्याल रखना हम सभी स्वास्थ्य कर्मियों का कर्तव्य है। मरीज के साथ हमेसा दोस्ताना व्यवहार रखना एक अच्छा डाक्टर का कर्तव्य है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों के साथ अपना बेहतर योगदान दें, ताकि मरीज जल्द से जल्द स्वस्थ्य हो सकें।

## बच्चों में चिकित्सकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना आवश्यक : जी पी झा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। भारत में डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती के उपलक्ष्य पर प्रति वर्ष 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में भी काम किया था। रॉय एक बहुत ही सम्मानित डॉक्टर, परोपकारी व्यक्ति और राजनीतिज्ञ भी थे। बच्चों में डॉक्टरों का सम्मान करने तथा उनके समान जीवन रक्षक, परोपकारिता तथा सेवा की भावना जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर धन्यवाद कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। विद्यार्थियों ने कार्ड बनाकर सदर अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों को उनके उपचार हेतु कृतज्ञता प्रकट करते हुए वहां उपस्थित डॉ राजेश कुमार, डॉ.गणेश प्रसाद, डॉ.एलीन, डॉ.संजय प्रसाद, डॉ.अशोक ओड़िया, डॉ.गणेश मलिक, डॉ.ओम प्रकाश दुबे तथा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण को धन्यवाद कार्ड तथा गुलाब का फूल प्रदान किया।

### भारतीय स्टेट बैंक ने मनाया अपना 68 वां स्थापना दिवस

# नंदकिशोर मिश्रा सहित कई बुजुर्गों के घर जाकर उनका जाना कुशल क्षेम तथा उन्हें पौधा व सोल देकर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय स्टेट बैंक सिमडेगा शाखा परिसर में बैंक का 68 वा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया। मौके पर बैंक कर्मियों ने बैंक की उन्नति व बेहतर ग्राहक सेवा की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य शाखा प्रबंधक सुभाष होरो ने कहा कि बैंकिंग व्यवस्था को समाज के अंतिम पायदान के लोगों तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते परिवेश में क्षमताओं के बढ़ते हुए व्यवसाय में सर्वोत्तम बनने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि बैंकिंग व्यवस्था के तहत ग्राहकों के लिए डिजिटल व्यवस्था की गयी है और इसके तहत दोनों प्लेटफार्म पर अपनी प्राथमिकता दें, ताकि डिजिटल व्यवस्था के तहत अपरिचित व्यक्ति व बैंक के द्वारा अधिकारी बता कर



अगर कोई जानकारी मांगते हैं तो वो उपलब्ध नहीं कराए। साथ ही बैंक कभी भी टेलीफोन पर किसी भी ग्राहक का व्यक्तिगत जानकारी कभी नहीं मांगती है।होरो ने बैंक के विभिन्न उत्पादों की जानकारी ग्राहकों को दी। स्थापना दिवस को लेकर बैंक को सजाया गया और सभी ग्राहकों को टॉफी दिया गया। वहीं सिमडेगा जिले से सटे तामड़ा गांव में जाकर वरिष्ठ शिक्षक तथा सिमडेगा शाखा बैंक के सबसे वरिष्ठ ग्राहक नंदकिशोर मिश्रा के घर पहुंचकर उनका कुशल क्षेम जाना तथा उन्हें पौधा व सोल देकर सम्मानित किया।साथ ही ठाकुर टोली निवासी राम कैलास राम, बीरू निवासी शशिवाला केरकेट्टा एवं कई अन्य बुजुर्ग ग्राहकों को सम्मानित किया गया। वही इस मौके पर शाखा प्रबंधक ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिमडेगा का स्थापना दिवस के मौके पर स्टेट बैंक परिसर में पेड़ लगाकर पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने का कार्य किया गया।है वहीं इसके साथ ही साथ स्टेट बैंक और लोगों से भी ऐसा अनुरोध करता है कि पर्यावरण को ध्यान में रखकर पौधे लगाएं। स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक ने आम लोगों से अपील करता है कि भारतीय स्टेट बैंक सिमडेगा शाखा आपके लिए हमेशा तत्पर है आप अपने विविध सेवाओं के लिए भारतीय स्टेट बैंक सिमडेगा से आ सकते हैं। मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक सुभाष होरो, उप शाखा प्रबंधक राजेश तिग्गा उपस्थित थे।

# गोंडवाना विकास विद्यालय से 12 विद्यार्थी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में हुए सफल

**➲ जिले के टॉप-5 सफल विद्यार्थियों में चार विद्यार्थी गोंडवाना विकास विद्यालय से**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में एक बार फिर से गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास, अंबेडकर नगर, सलडेगा, सिमडेगा ने परचम लहराया है. विद्यालय से कुल 12 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2023 में हुआ है. यही नहीं पुरे जिले के टॉप-5 सफल विद्यार्थियों में जोकि समान्य सीट होती है उसमें गोंडवाना विकास विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने जगह बनाई है. विद्यालय से जिले भर में सूरज मांझी, दीप्ति भोय, अमित मांझी और अराध्या भोय क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम स्थान हासिल किये हैं. निश्चित रूप से यह उपलब्धि विद्यालय परिवार



के लिए गर्व की बात है. इसके अलावा अमनदीप लकड़ा, प्रभाकर साय, गोविंद मांझी, विजय मांझी, रवि शेखर बड़ाईक, द्रोपदी कुमारी, मनीष बेहरा, अनिमा कुमारी का भी चयन उक्त प्रवेश परीक्षा में इस सत्र के लिए हुआ है । बताते चलें कि गोंडवाना विकास विद्यालय से विगत 5 वर्षों में 42 विद्यार्थियों का चयन हो चुका है. विलुप्तप्राय बिरहोर जनजाति से भी 2 विद्यार्थियों का चयन कराकर विद्यालय कीर्तिमान स्थापित कर चुका है. इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में झारखंड टॉपर आहना प्रेरणा मांझी भी इसी विद्यालय से पढ़ी है. गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच सामाजिक संस्था के नेतृत्व में सामाजिक सहयोग से स्थापित इस विद्यालय सह छात्रावास से लगातार मिल रहे सफलता से विद्यालय परिवार हर्ष में है. विद्यालय के संस्थापक सह संचालक श्री कमलेश्वर मांझी ने कहा कि जिस उद्देश्य से विद्यालय की स्थापना हुई थी हम उस मंजिल की ओर अग्रसर हैं. हम और बेहतर रिजल्ट के लिए मेहनत करते रहेंगे. सामाजिक सहयोग और सर्मथन के लिए अभिभावकों को बधाई और इस सत्र के सफल विद्यार्थियों को भी बधाई और शुभकामनाएँ।

**सफल विद्यार्थियों ने मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार :** सफल विद्यार्थी और उनके अभिभावक रिजल्ट से खुश होकर शिक्षकों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार कर रहे हैं. सभी अभिभावक एक स्वर में खुशी प्रकट करते हुए गोंडवाना विकास विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित भी किये. उन्होंने विद्यालय के शिक्षक कमलेश्वर मांझी, दीपक मांझी, अनुज बेसरा, रघुनाथ मांझी, राजू मांझी और संतोष प्रधान को भी धन्यवाद और आभार प्रकट किये।

चलते चलते एक नजर

## शहर के पांच मोहल्ला में दादा-दादी पार्क तैयार : प्रथम महापौर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** निगम द्वारा लगाया जा रहा मल्टी प्ले स्टेशन जिसका शिलान्यास प्रथम महापौर अरूणा शंकर द्वारा अपने कार्यकाल में किया गया था, कानिरीक्षण करने स्वयं प्रथम महापौर अरुणा शंकर कोयल रिवर फ्रंट गई और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेरा सपना था कि जैसे मैंने युवाओं एवं परिवार के लिए कोयल रिवर फ्रंट बनाया,बच्चों के लिए बहुचर्चित गांधी उद्यान बनाया। उसी तरह हर वार्ड में दादा दादी पार्क बनाऊं। जहां दादा दादी अपने नाती पोते, पोतियो को लेकर खेलाने जाए और उन्हें खेलते देख उन्हें खुशी मिल सके। प्रथम महापौर ने बताया कि अभी प्रथम फेज में चैनपुर, शाहपुर, कोयल रिवरफ्रंट पार्क, सिंचाई कॉलोनी, सूर्य मंदिर एवं रांची रोड निगम जोनल कार्यालय में लगाया जा रहा है। जिसका काम दो-तीन दिनों में पूरा हो जाएगा। प्रथम महापौर ने बताया कि इस मल्टी प्ले स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रबड़ टेफलॉन फ्लोरिंग पर लगाया जा रहा है। जहां छोटे-छोटे बच्चों को खेलते वक्त चोट ना लगे। महापौर ने कहा कि आगे जिस जिस वार्ड में जमीन का एनओसी मिलेगा वहां वहां पर नगर आयुक्त से अनुरोध कर इससे लगवाया जाएगा। ताकि बच्चों को खेलने के लिए अपने मोहल्ले में ही दादा दादी पार्क मिल सके।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण रोकने का किया आह्वान

**रायपुर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ के कांकेर में जनसभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ में लगातार हो रहे धर्मांतरण को रोकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने यहां की स्थिति बदतर कर दी। छत्तीसगढ़ में तेजी से धर्मांतरण हो रहा है। इसे रोकने के लिए यहां की सरकार कुछ नहीं कर रही है। इसे रोका जाना चाहिए। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। रायपुर में कुछ देर रुकने के बाद राजनाथ सिंह सीधे कांकेर के लिए रवाना हुए। यहां उन्होंने पद्मश्री अजय मंडावी से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद कांकेर नरहरदेव मैदान में रक्षा मंत्री ने जनसभा को संबोधित किया। रक्षा मंत्री ने अपना संबोधन छत्तीसगढ़ी से शुरू किया और सभी को 'जय जोहार' कहा। राजनाथ सिंह ने कहा कि बस्तर का पूरा इलाका मैं पूरी तरह से जानता हूं।

# मेदिनीनगर या धनबाद : मेयर की कौन सी सीट ओबीसी कोटे में आयेगी

*** नगर निकाय चुनाव को लेकर लगी है लोगों की निगाहे**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में नगर निकाय का चुनाव अहम हो गया है। सरकार ने यह साफ कर दिया है कि बगैर ओबीसी आरक्षण के चुनाव नही कराया जायेगा। सरकार ने तय किया है कि पिछडा वर्ग के सीट आरक्षण के मामले में निर्णय आयोग के स्तर से होना है।इसे लेकर मामला पिछडा वर्ग आयोग के पास भेजा जा रहा है। ऐसे में अब सबकी निगाहें इस पर टीकी है कि आखिर वह कौन सा क्षेत्र होगा जो ओबीसी कोटे की परिधि में होगा। सरकारी सूत्रों से जो बाते सामने आ रही है उसमें धनबाद और मेदिनीनगर दोनों में कोई एक मेयर की सीट ओबीसी कोटा में जा सकता है. क्योकि झारखंड में अभी मेयर सीट को लेकर आरक्षण की जो स्थिति है उसमे हजारीबाग अनूसूचित जनजाति और देवघर अनारक्षित (महिला) होगा। रांची पहले आरक्षण की परिधि में था।नये परिसीमन के मुताबिक इसे अनूसूचित जनजाति से अनूसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया था। इस वजह से जो विवाद उपजा, यही विवाद झारखंड में नगर निकाय चुनाव स्थगित होने का कारण भी बना। इस परिस्थिति में यह संभव प्रतित हो रहा है कि जब फिर से आरक्षण की सूची जारी हो तो रांची की मेयर सीट अनूसूचित जनजाति कोटे में चली जाए .ऐसे में ओबीसी सीट या तो




धनबाद, नही तो मेदिनीनगर हो सकता है। ऐसे में जानकारों की माने तो ज्यादातार संभावना इस बात को लेकर जतायी जा रही है ओबीसी आबादी के हिसाब से मेदिनीनगर मेयर सीट ओबीसी कोटे में जा सकती है। क्योकि मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में पिछड़ी जाति खासकर वैश्य समुदाय की आबादी अधिक है, जो ओबीसी वर्ग से ही आते है। ऐसे मैं प्रबल संभावना है कि यहा की मेयर सीट ओबीसी के लिए आरक्षित हो सकती है। अगर धनबाद की बात करें तो धनबाद में पिछड़ी जाति से कहीं ज्यादा सामान्य वर्ग की आबादी अधिक है। यह सीट पूर्व से ही सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। इस परिस्थिति में इस संभावना को बल मिल रहा है कि मेदिनीनगर मेयर सीट ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हो सकता है. हलांकि यह सब आयोग को तय करना है। पर झारखंड में निकाय चुनाव जल्द कराने को लेकर जिस तरह हाईकोर्ट गंभीर है,उसमें राज्य सरकार के समक्ष इस मामले में सक्रिय हो कर कार्य करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नही बचा है। ज्ञात हो कि झारखंड में नगर निगम की नौ सीट है .इसमे जो आरक्षण रोस्टर जारी किया गया था उसमें मेदिनीनगर नगर निगम में मेयर का सीट अनारिक्षत था.हजारीबाग अनूसूचित जनजाति, गिरिडिह आनारक्षित,देवघर,चास नगर निगम महिला ,आदित्यपुर जनजाति और मानगो नगर निगम को अनारक्षित के श्रेणी में रखा गया है.

## सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई 11 जुलाई को

**रांची:** राज्य के श्रम मंत्री और पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता से जुड़े बीज खरीद घोटाला मामले में एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में शनिवार को डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट में सत्यानंद भोक्ता की ओर से साक्ष्य के रूप में आरटीआई से प्राप्त दस्तावेज को प्रस्तुत किया गया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 11 जुलाई निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 से 2007 के बीच 46.10 करोड़ रुपये से अधिक का बीज घोटाला हुआ था। इस दौरान कुछ संस्थाओं से गेहूं, चना और दूसरे अनाज के बीज की खरीद के नाम पर कथित तौर पर गबन हुआ था। बीज घोटाला में जब आरोप पत्र दायर किया गया था, तब सत्यानंद भोक्ता कृषि मंत्री थे।

## प्रधानमंत्री ने एशियाई स्क्वैश मिश्रित युगल टीमों के सदस्यों को स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई स्क्वैश मिश्रित युगल टीमों के सदस्यों- दीपिका पल्लीकल और संधू हरिंदर को स्वर्ण पदक और अनाहत सिंह और अभय सिंह को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को ट्वीट किया,भारत के लिए गर्व का क्षण क्योंकि हमारी टीम ने दीपिका पल्लीकल और संधू हरिंदर के लिए स्वर्ण पदक और अनाहत सिंह और अभय सिंह के लिए कांस्य पदक के साथ एशियाई स्क्वैश मिश्रित युगल का समापन किया। हमारे खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई! भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।उल्लेखनीय है कि



दीपिका पल्लीकल कार्तिक और हरिंदरपाल सिंह संधू की भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को एशियाई स्क्वैश मिश्रित युगल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले अनाहत सिंह और अभय सिंह की जोड़ी ने मलेशिया के इवान यूएन और राचेल अर्नोल्ड से करीबी सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक हासिल किया था।

## महिला से ठगी करने वाले नाइजीरिया के मॉरिश को नहीं मिली बेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जुडिशल कमिश्नर अरुण कुमार राय की अदालत ने शनिवार को ठगी करने के मामले में रांची जेल में बंद नाइजीरिया के नागरिक मॉरिश सिल्वर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मॉरिश ने रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिवक्ता सौरव पांडेय और बीरेंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से अपनी जमानत याचिका दाखिल की थी। लेकिन दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि नाइजीरिया के रहने वाले व्यक्ति मॉरिश को बरियातू थाना की पुलिस ने 13 मई को गिरफ्तार किया था। मॉरिस की गिरफ्तारी की जानकारी नाइजीरिया के घाना स्थित दूतावास को भी दे दी गयी थी। मॉरिश के खिलाफ एक महिला ने उसके साथ पैसे की धोखाधड़ी करने की शिकायत बरियातू थाना में की थी। बरियातू थाना क्षेत्र के जोड़ा तालाब की रहने वाली रोजी परवीन ने मॉरिश पर 1.70 लाख रुपये की ठगी करने का मामला दर्ज कराया था। मामले के अनुसंधान के दौरान पता चला कि



एक अज्ञात व्यक्ति किसी को रोजी परवीन से 15 लाख लेने के लिए दिल्ली से रांची भेज रहा है। इसी क्रम में रोजी परवीन और एयरपोर्ट थाना की मदद से बरियातू थाना की पुलिस ने नाइजीरियन व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

# झारखंड में अब चार जुलाई से फिर सक्रिय होगा मानसून



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में चार दिनों तक मानसून की बारिश जमकर हुई। अब मानसून थोड़ा कमजोर हुआ है। अगले चार दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी होगी। शनिवार सुबह से ही आसमान साफ है और धूप खिली हुई है। रांची स्थित मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम में परिवर्तन, हवा और उमस का मिलाजुला असर देखने को मिलेगा। गर्मी थोड़ी बढ़ेगी। इसके बाद से चार जुलाई से फिर बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया है। चार जुलाई से राज्य में मानसून फिर सक्रिय होगा। इसके बाद से बारिश होगी। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि तीन जुलाई को झारखंड के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। मानसून की बारिश के पहले चरण में संथाल परगना में जमकर बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में अगर कहीं बारिश हुई है तो वह संथाल परगना का क्षेत्र ही है। मौसम विभाग के मुताबिक अब मानसून अब चार जुलाई के बाद सक्रिय होगा। हालांकि, राजधानी समेत राज्य में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है लेकिन अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में मानसून कुछ शिथिल हो सकता है। चार जुलाई के बाद यह फिर सक्रिय होगा और पूरे राज्य में झमाझम बारिश होगी। आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक बारिश साहिबगंज में हुई। यहां 110.0 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी है। दक्षिणी झारखंड के सिमडेगा में भारी बारिश हुई। यहां कोलेबिरा में 65.0 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा जमशेदपुर, पाकुड़, गोड्डा और अन्य जिलों में बारिश हुई। हालांकि, जून में मानसून कमजोर रहा। राज्य में 189.5 मिमी की तुलना में केवल 108.5 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य बारिश से 43 फीसदी कम रहा। राज्य में मानसून ने 19 को प्रवेश किया और 23 जून को पूरे झारखंड को कवर किया।

## विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट के दूसरे बेंच में स्थानांतरित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में शनिवार को आम्रपाली और मगध कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। टेरर फंडिंग से जुड़े एक सह आरोपित सुभान मियां की जमानत याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की खंडपीठ में हुई थी, जिसे देखते हुए जस्टिस आनंद सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि आरोपित विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे।

## केन्द्र सरकार कर रही है राज्यपाल के पद का दुरुपयोग : सिब्बल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के राज्यपाल बनाम राज्य सरकार के मुद्दे पर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, पहले राज्यपाल के पदों का दुरुपयोग नहीं किया जाता था। अब राज्यपाल वही करते हैं जो केंद्र उनसे कहता है। राज्यपाल की भूमिका गैर-भाजपा शासित राज्यों में सरकार गिराने की होती है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में राज्यपाल ने ऐसा ही किया।





